CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 01-05-2026 23:27 Color:

महानगर > मुंबई > मंगलवार, 6 जनवरी 2026 > पौष 17, शक संवत 1947, माघ कृष्ण तृतीया, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 05 > मूल्य ₹5.00 > पेज 10 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

SIR के खिलाफ जाऊंगी सुप्रीम कोर्ट: ममता ▸p10

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

मोदी 11 जनवरी को जाएंगे सोमनाथ मंदिर ▸p10

मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरेंगी सिंधू ▸▸9

महायुति के प्रत्याशियों की निर्विरोध जीत का विपक्ष कर रहा है विरोध ▸▸पेज 3

अथिया शेट्टी के जाली साइन बनाकर 1.41 करोड़ों की ठगी, 3 पर FIR ▸▸पेज 8

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 9

GOOD न्यूज

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-7

अंतर्ज्ञान

जो है, जैसा है, उसे वैसा ही स्वीकार कर लेना, सबसे कठिन साधना है। क्योंकि मन हमेशा चाहता है कि चीजें हमारी इच्छा के अनुसार हों। लेकिन जीवन वैसा नहीं चलता। स्वीकृति का अर्थ - यथार्थ से लड़ना नहीं, उसे गले लगाना है। जब आप स्वीकार करते हैं, तो भीतर प्रतिरोध गलने लगता है और वहीं स्थान शांति से भर जाता है। स्वीकृति का मतलब हार नहीं, परिपक्वता है। यही वह कुंजी है, जो दुख को करुणा में बदल देती है। जो स्वीकारना सीख गया, उसने जीवन से झगड़ना छोड़ दिया और वही व्यक्ति मुक्त हुआ। स्वीकृति का अर्थ निष्क्रिय होना नहीं, बल्कि वर्तमान के साथ समरस होना है। जो स्वीकार करता है, वही सृजन करता है।

फटाफट खबरें

ONGC के कुएं से गैस रिसाव, लगी आग

आंध्र प्रदेश के डॉ. बी. आर. आंबेडकर कोनासीमा जिले में ONGC की उत्पादन इकाई के एक कुएं में गैस रिसाव के कारण सोमवार को भीषण आग लग गई। इसके बाद 4 किमी के दायरे में 2 गांवों को खाली कराना पड़ा।

आज और कल रद्द होंगी 215 लोकल ट्रेनें

कांदिवली–बोरीवली सेक्शन पर छठी लाइन के काम की वजह से 20 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ ब्लॉक 18 जनवरी 2026 तक जारी है। इसी कारण 6 और 7 जनवरी को 215 लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। कई एक्सप्रेस ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है।

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम

मुंबई	135623 (+1381)

चांदी .999 टंच प्रति किलो

मुंबई	237063 (+2513)

अर्थसार

सेंसेक्स	85,439.62 (-322.39)
निफ्टी	26,250.30 (-78.25)
रुपया/US डॉलर	90.28 (+0.080)
रु./यूरो	105.474 (-0.243)

मौसम

कोलाबा	31.2	21.4
सांताक्रूज	32.6	19.8
सूर्यास्त मंगलवार	6:15 बजे	
सूर्योदय बुधवार	7:14 बजे	

NBT नवभारत ... सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

ग्रीनलैंड में भरपूर खनिज, अमेरिका ने सेट किया टारगेट

वेनेज़ुएला के बाद ट्रंप ने कहा, हमें ग्रीनलैंड चाहिए

■ एएफपी, कोपेनहेगन

वेनेज़ुएला में हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि सुरक्षा के कारण उन्हें अब ग्रीनलैंड चाहिए। ये बात यूरोपीय संघ को पता है। ट्रंप ने कोलंबिया और क्यूबा को भी चेतावनी दी है। वहीं, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन (Mette Frederiksen) ने कहा, ट्रंप को ग्रीनलैंड पर धमकियां देना बंद करना चाहिए। ग्रीनलैंड के लोग कह चुके हैं कि ये बिकाऊ नहीं हैं। वहीं ट्रंप के करीबी और उनके प्रशासन के सबसे प्रभावशाली सहयोगी स्टीफन मिलर की पत्नी केटी ने ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में दिखाती तस्वीर पोस्ट की और लिखा- 'जल्द'। ग्रीनलैंड के पीएम जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन ने इसे अपमानजनक बताया। कहा, देश बिक्री के लिए नहीं है और हमारा भविष्य सोशल मीडिया पोस्ट से तय नहीं होता। ग्रीनलैंड डेनमार्क के अर्द्ध-स्वायत्त वाला क्षेत्र है, और यहां हाई-टेक सेक्टर में इस्तेमाल होने वाले अहम खनिज बड़ी मात्रा में हैं।

डेनमार्क की पीएम बोलीं, ग्रीनलैंड पर ट्रंप धमकाना बंद करें

वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति के समर्थन में न्यू यॉर्क में कोर्ट के सामने प्रोटेस्ट।

देशों की आज़ादी का सम्मान करें: UN

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने वेनेज़ुएला पर सुरक्षा परिषद की बैठक में देशों की संप्रभुता, राजनीतिक आजादी और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान की अपील की। अमेरिका द्वारा निकोलस मादुरो को हिरासत में लेने पर गुटेरेस ने चेतावनी दी कि इससे वेनेज़ुएला में अस्थिरता बढ़ सकती है। पूरे क्षेत्र पर असर पड़ सकता है। बैठक वेनेज़ुएला के अनुरोध पर बुलाई गई थी।

न्यू यॉर्क की कोर्ट में पेश हुए मादुरो

वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी कमांडो ऑपरेशन में पकड़े जाने के बाद सोमवार को न्यू यॉर्क की फेडरल कोर्ट में पेश किया गया। उन पर नार्को-टेररिज़्म और अमेरिका में ड्रग्स भेजने के गंभीर आरोप हैं। मादुरो की कानूनी टीम गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए 'हेड ऑफ स्टेट इम्युनिटी' का हवाला दे रही है, जबकि अमेरिका उन्हें वैध नेता नहीं मानता। कोर्ट के बाहर समर्थक और विरोधी दोनों गुटों ने प्रदर्शन किया।



ईरान की गैर ज़रूरी यात्रा से बचें: भारत

वेनेज़ुएला के बाद भारत ने ईरान जाने वालों के लिए अडवाइज़री जारी की है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हालिया घटनाक्रम देखते हुए सलाह दी जाती है कि भारतीय ईरान की गैर जरूरी यात्रा से बचें। ईरान में मौजूद भारतीयों को उन जगहों से बचना चाहिए, जहां विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बिगड़ती अर्थव्यवस्था को लेकर ईरान में प्रदर्शन होने से अस्थिरता का माहौल है।

US राष्ट्रपति बोले, मोदी ने मुझे खुश करने के लिए रूस से घटाई तेल की खरीदारी

रूस से तेल खरीदा तो बढ़ा देंगे टैरिफ: ट्रंप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा, वे (भारत) वास्तव में मुझे खुश करना चाहते थे। मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। उन्हें पता था कि मैं खुश नहीं था और मुझे खुश करना उनके लिए अहम था। वे व्यापार करते हैं और हम उन पर कभी भी टैरिफ बढ़ा सकते हैं। यह उनके लिए बहुत बुरा होगा। ट्रंप ने ये बातें रविवार को 'एयर फोर्स वन' (विमान) में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहीं। उनके साथ यात्रा कर रहे अमेरिकी सांसद लिंडसे ग्राहम ने कहा कि ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्क की वजह से ही भारत अब रूस से काफी कम तेल खरीद रहा है। ग्राहम ने अपने टैरिफ बिल के बारे में बात की, जिसमें रूसी तेल खरीदने वाले देशों से आयात पर 500% शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। भारत पर 50% टैरिफ लगा चुके ट्रंप ने कुछ महीने पहले कहा था कि मोदी ने उन्हें भरोसा दिया है कि भारत रूसी तेल खरीद में कमी करेगा। हालांकि भारत ने तब कहा था कि ट्रंप और मोदी में इस मुद्दे पर कोई बात नहीं हुई है। (एजेंसी इनपुट)

अमेरिकी सांसद बोले, ट्रंप के शुल्क से ही कम खरीदा तेल

गले मिलने का कोई फायदा न हुआ: कांग्रेस

कांग्रेस ने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'नमस्ते ट्रंप', 'हाउडी मोदी' जैसे आयोजन और 'जबरन गले मिलने' और सोशल मीडिया पर ट्रंप की तारीफ किए जाने का कोई खास फायदा नहीं हुआ। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'X' पर लिखा, उन्होंने फिर धमकी दी है कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करता, तो अधिक शुल्क लगाया जाएगा।

BMC कमिश्नर को बॉम्बे हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

कोर्ट कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में बुलाने का मामला



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाईकोर्ट ने अदालत के कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी में बुलाने पर बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी को फटकार लगाई है। सोमवार को कमिश्नर गगरानी ने वकील के माध्यम से स्वीकार किया कि उन्होंने अदालती कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी में बुलाकर गलती की थी। कोर्ट ने कमिश्नर को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर आदेश जारी करने के लिए फटकार लगाई। चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अनखड़ की बेंच ने मामले में कमिश्नर के रुख पर नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने पिछले हफ्ते इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसके साथ ही निचली अदालत के कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी में बुलाने के कमिश्नर के पत्र के अमल पर रोक लगा दी थी।

अदालत ने पिछले हफ्ते लिया था मामले का स्वतः संज्ञान

बेंच ने कमिश्नर से पूछा कि वह अदालती कर्मचारियों को कैसे चुनावी ड्यूटी में बुला सकते हैं। उन्हें कौन से कानूनी प्रावधान के तहत उक्त कर्मचारियों को बुलाने का पावर मिला है। इस पर गगरानी की ओर से पेश ऐडवोकेट रवि कदम ने कहा कि कमिश्नर द्वारा अदालती कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी में बुलाने के संबंध में लेटर जारी करना गलती थी।

इस संबंध में जारी पत्र वापस ले लिए गए हैं। कमिश्नर ने अपनी गलती को ठीक कर लिया है। बेंच ने मामले की सुनवाई तीन हफ्ते के लिए स्थगित कर दी। बेंच ने कहा कि हम चुनाव के बाद कमिश्नर का पक्ष सुनेंगे।

> बीएमसी कमिश्नर अदालत के कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी में कैसे बुला सकते हैं। आखिर उन्हें कौन से कानूनी प्रावधान के तहत उक्त कर्मचारियों को बुलाने का पावर मिला है। - बॉम्बे हाईकोर्ट

'लोकतंत्र के लिए निर्विरोध जीत अच्छी'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीजेपी नेता व राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि निकाय चुनावों में निर्विरोध जीत लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है। विपक्षी दल न्याय के लिए अदालत का रुख कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई लिखित नियम नहीं है कि निर्विरोध चुनाव नहीं हो सकते और निर्वाचन आयोग इसकी अनुमति देता है।

बावनकुले ने कहा, अगर कहीं चुनाव निर्विरोध हो रहे हैं, तो यह एक अच्छी परंपरा है। निर्विरोध जीतने वालों का एजेंडा विकास होता है।

MNS नेता ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मनसे के पदाधिकारी अविनाश जाधव ने प्रदेश की अलग-अलग महानगरपालिकाओं में निर्विरोध चुनाव जीतने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में सामूहिक रूप से नाम वापस लेने के पहलू की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है और नामांकन वापसी के लिए उम्मीदवारों को प्रलोभन देने और दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है। याचिका में 68 सीटों पर चुनावी नतीजे घोषित करने पर रोक की मांग की है।

उमर और शरजील को नहीं मिली जमानत

कोर्ट बोला- पहली नज़र में मामला बनता है

Rajesh.Choudhary @timesofindia.com

दिल्ली दंगों में आरोपी हैं शरजील इमाम (लेफ्ट) और उमर खालिद।

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश से जुड़े मामले में यूएपीए के तहत आरोपियों उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा, अभियोजन पक्ष के मटीरियल से पहली नजर में पता चलता है कि उमर खालिद और शरजील इमाम 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश रचने में शामिल थे। बेल अर्जी खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा, वे संरक्षित गवाहों के परीक्षण के बाद या आज से एक साल बाद अपनी जमानत याचिका दोबारा दायर कर सकते हैं। यानी एक साल तक अब दोनों बेल अर्जी दाखिल नहीं कर सकते। हालांकि जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की बेंच ने इस मामले में पांच अन्य आरोपियों गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा-उर-रहमान, शादाब अहमद और मोहम्मद सलीम खान को जमानत दे दी।

5 साल से अधिक समय से बंद हैं दोनों

बिना ट्रायल शुरू हुए 5 साल से अधिक समय से दोनों आरोपी जेल में हैं। शरजील को सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान दिए गए भाषणों के लिए 28 जनवरी, 2020 को गिरफ्तार किया गया था। बाद में अगस्त 2020 में उसे एक बड़े षड्यंत्र के मामले में गिरफ्तार किया गया। खालिद को 13 सितंबर, 2020 को गिरफ्तार किया गया था।

शर्तें लागू, उल्लंघन पर जमानत होगी रद्द

पांच आरोपियों को जमानत देते हुए कोर्ट ने 11 शर्तें भी लगाई हैं। कहा, स्वतंत्रता का दुरुपयोग होने पर जमानत रद्द की जाएगी। कुछ अहम शर्तें हैं- अपीलकर्ता दिल्ली में रहेंगे और ट्रायल कोर्ट की इजाजत के बिना बाहर नहीं जाएंगे। पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट के पास जमा करेंगे। ट्रायल के समापन तक किसी कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे, भाषण नहीं देंगे।

MCA के चुनाव पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने लगाई रोक

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) के चुनाव पर अंतरिम रोक लगा दी है। 6 जनवरी को यह चुनाव होने थे। चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच ने अगली सुनवाई तक चुनाव की दिशा में आगे बढ़ने से रोक दिया है। केदार जाधव की याचिका पर बेंच ने यह निर्देश दिया है। अगली सुनवाई से पहले बेंच ने याचिका के जवाब में हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। अब 4 फरवरी 2026 को याचिका पर सुनवाई होगी।

नाबालिग ने लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप, FIR दर्ज

■ आईएएनएस, मुंबई : मीरा-भाईंदर इलाके में एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर गंभीर शोषण, ब्लैकमेलिंग और साइबर अपराध का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। वालिव पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के अनुसार, 15 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अपने ही इलाके के एक युवक पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत के अनुसार, पड़ोस में रहने वाले जावेद ने चोरी-छिपे उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए और बाद में इन्हीं के जरिए उसे ब्लैकमेल किया।

इंदौर में 17वीं मौत, 20 नए मरीज, कोलकाता की टीम कर रही जांच

■ पीटीआई, इंदौर (मध्य प्रदेश)

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 17वीं मौत का दावा किया गया। वहीं, इलाके में 9,000 से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग के दौरान 20 नए मरीज मिले। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने सोमवार को कहा कि इस मामले की जांच के लिए कोलकाता के नैशनल इंस्टिट्यूट फॉर रिसर्च इन बैक्टीरियल इन्फेक्शन्स (NIRBI) की एक टीम इंदौर पहुंची है। स्थानीय निवासी अभिषेक शर्मा ने बताया कि उनके रिश्तेदार ओमप्रकाश शर्मा (69) धार से आए थे। 30 दिसंबर की रात डायरिया के लक्षण उभरे थे, रविवार को उनकी मौत हो गई।

हेल्थ वर्कर एक्टिव दूषित पानी सप्लाई वाले इलाके में हो रहा सर्वे

लापरवाही के कारण SDM सस्पेंड

इस मामले में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की एक विवादास्पद टिप्पणी और कांग्रेस के आरोपों का सरकारी आदेश में कथित रूप से जिक्र करने पर देवास के एक एसडीएम को सस्पेंड किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि SDM को लापरवाही, उदासीनता और अनियमितता के आरोपों में सस्पेंड किया गया।

बांग्लादेश में हिंदू महिला से गैंगरेप, बाल भी काटे

■ NBT रिपोर्ट: बांग्लादेश में 44 साल की एक हिंदू विधवा महिला से गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवकों ने महिला को पेड़ से बांधकर रेप किया और उनके बाल काट दिए। यह घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। TOI के मुताबिक, पीड़िता के अनुसार, करीब ढाई साल पहले उन्होंने शाहिन और उसके भाई से 20 लाख टका में एक दो मंजिला मकान और जमीन खरीदी थी। इसके बाद से ही शाहिन उन पर बुरी नजर रखने लगा था। घटना की रात महिला को इतनी यातनाएं दी गईं कि वह बेहोश हो गईं।

CM राहत कोष पर लेवी जमा करने पर लगी रोक

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसके तहत हर सीजन में गन्ने की पेराई पर प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से 10 रुपये लेवी के रूप में मुख्यमंत्री राहत कोष, 5 रुपये बाढ़ बचाव राहत कार्य और 10 रुपये गोपीनाथ मुंडे शुगरकेन वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन में 10 रुपये जमा करने का आदेश दिया गया था। सरकार का फैसला था कि जो इस रकम का भुगतान नहीं करेगा, उसे 2025-2026 के लिए गन्ना पेराई का लाइसेंस नहीं दिया जाएगा। सरकार के इस फैसले के खिलाफ बागमती एग्रो लिमिटेड ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

HC का चार हफ्ते में हलफनामा दायर करने का निर्देश

अगली सुनवाई 14 को

याचिका में सरकार के फैसले को अवैध और कानून के खिलाफ बताया था। बेंच ने कहा कि समय दिए जाने के बावजूद याचिका के जवाब में हलफनामा दायर नहीं किया गया है। बेंच ने सरकार के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी। इसके साथ ही सरकार को चार हफ्ते में हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। 14 जनवरी को याचिका पर सुनवाई होगी।

26 मार्च से शुरू होगा IPL | मुस्तफिजुर को KKR से बाहर करने को बांग्लादेश ने बताया अपमानजनक और दुर्भाग्यपूर्ण

रहमान को KKR से बाहर करने पर बांग्लादेश ने अपने यहां रोका IPL के सभी मैचों का प्रसारण

■ पीटीआई, ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश में IPL के प्रसारण पर बैन लगा दिया है। वहां के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को इस संबंध में निर्देश जारी किए। इसमें लिखा गया, 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने 26 मार्च से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में बांग्लादेश के क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) टीम से बाहर करने का फैसला किया है। इस फैसले के पीछे कोई ठोस या तार्किक कारण नहीं था। यह फैसला बांग्लादेश की जनता के लिए अपमानजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। ऐसे में अगले निर्देश तक IPL के सभी मैच के प्रचार, प्रसारण और पुनः प्रसारण को बंद रखने के निर्देश दिए जाते हैं।'

> मुस्तफिर रहमान को KKR से बाहर करने का कोई तार्किक कारण नहीं था, यह बांग्लादेश की जनता के लिए अपमानजनक। - सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

इससे पहले T20 वर्ल्ड कप में भारत टीम भेजने से किया था इनकार

इससे पहले बांग्लादेश ने अगले महीने से होने वाले T20 वर्ल्ड के मैच लिए भारत टीम भेजे जाने से इनकार कर दिया था।

हसीना के खिलाफ 21 को तय करेंगे आरोप

बांग्लादेश की एक कोर्ट ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 285 अन्य लोगों के खिलाफ राजद्रोह के मामले में आरोप तय करने की तारीख 21 जनवरी निर्धारित की। यह मामला उन आरोपों से संबंधित है कि हसीना और अवामी लीग के सैकड़ों सदस्यों ने दिसंबर 2024 में एक ऑनलाइन मीटिंग में यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को गिराने की कथित साजिश रची थी।

कोस्ट गार्ड में शामिल हुआ पल्यूशन कंट्रोल वेसल 'समुद्र प्रताप'

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में इंडियन कोस्ट गार्ड में पल्यूशन कंट्रोल वेसल (प्रदूषण नियंत्रण जहाज) समुद्र प्रताप को कमिशन किया गया। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने इसे बनाया है।

■ 60% से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ ICGS समुद्र 'प्रताप भारत' में ही डिजाइन किया गया पहला प्रदूषण नियंत्रण जहाज है। यह अब तक कोस्ट गार्ड के बेड़े का सबसे बड़ा जहाज भी है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: cci Time: 01-05-2026 23:18 Color:

NBT AI टाइम मशीन



आज हुआ था टेलीग्राफ का सफल प्रदर्शन

आज ही के दिन 1838 में सैम्यूल मोर्स (Samuel Morse) और अल्फ्रेड वैल (Alfred Vail) ने पहली बार इलेक्ट्रिक टेलीग्राफ का सफल सार्वजनिक प्रदर्शन किया था। न्यू जर्सी में हुए इस परीक्षण में लगभग 2 मील लंबे तार के जरिए संदेश भेजा गया। इसी दिन दुनिया ने Morse Code (dots और dashes के फॉर्म में) की ताकत देखी, जिसने संचार के तरीके को हमेशा के लिए बदल दिया।

NBT

भविष्य में सोचने भर से होगी बातचीत

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में संचार पूरी तरह बदल चुका होगा। लोग सोचने भर से ही अपनी बात दूसरे तक पहुंचा सकेंगे। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की वजह से भाषा की बाधा खत्म हो जाएगी। इस संचार क्रांति से शिक्षा, काम-काज का तरीका और रिश्ते नए रूप ले चुके होंगे। लेकिन इतनी तेज तकनीक से प्राइवेसी खत्म होने, गलत सूचना फैलने और इंसानों की मशीनों पर ज्यादा निर्भरता जैसी चुनौतियां भी रह सकती हैं।



AI Images

मादुरो के बेटे ने कहा, करीबियों ने धोखा दिया

निकोलस मादुरो गुएरा ने कहा, इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन थे

उन्होंने अपने समर्थकों से वेनेज़ुएला की सड़कों पर उतरने की अपील की

■ एपी, न्यू यॉर्क

लैटिन अमेरिकी देश वेनेज़ुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की नाटकीय गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक भूचाल तेज हो गया है। TOI के मुताबिक, उनके बेटे निकोलस मादुरो गुएरा ने खुलकर संकेत दिया कि करीबी लोगों ने विश्वासघात किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन थे। अमेरिका की बड़ी सैन्य कार्रवाई से देश सदमे में है। मादुरो गुएरा ने समर्थकों से सड़कों पर उतरने की अपील की है। उन्होंने राजनीतिक-सैन्य नेतृत्व के साथ एकजुट होने और अपने माता-पिता को घर वापस लाने का संकल्प जताया है।

> बेटे ने माता-पिता को अमेरिका से घर लाने का संकल्प भी जताया

उधर, पद से हटाए गए वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार को अमेरिकी अदालत में पहली बार पेशी के लिए लाया गया। उन पर नार्को-आतंकवाद के आरोप लगाए गए हैं। मादुरो और उनकी पत्नी को सोमवार तड़के ब्रुकलिन जेल से सशस्त्र सुरक्षा में मैनहैटन की अदालत ले जाया गया। खबर तेज रही।

सुबह करीब 7:15 बजे मादुरो को लेकर मोटरकेड जेल से निकला और पास के एक खेल मैदान तक पहुंचा, जहां वह धीरे-धीरे हेलिकॉप्टर तक गए। हेलिकॉप्टर न्यू यॉर्क हार्बर पार कर मैनहैटन के हेलिपोर्ट पर उतरा। वहां से मादुरो को एक बख्तरबंद गाड़ी में बैठाया गया। वह लंगड़ाते हुए चल रहे थे। इसके कुछ ही मिनट बाद कानून-प्रवर्तन गाड़ियों का काफिला अदालत परिसर के गैरेज में पहुंचा।

अमेरिकी फोर्सेज ने कराकास में एक सुरक्षित ठिकाने पर छापेमारी कर निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को हिरासत में लिया। यह कार्रवाई वेनेज़ुएला के सैन्य ठिकानों और संचार केंद्रों पर हमलों के बाद की गई। मादुरो को न्यू यॉर्क के ब्रुकलिन स्थित जिस जेल में रखा गया है, वह लंबे समय से गंभीर अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में रही है।

भारी सुरक्षा के बीच लाए गए मादुरो...

वेनेज़ुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति को कोर्ट में पेश करने के लिए हेलिकॉप्टर से उतारा गया तो वह लड़खड़ा कर चल रहे थे। उन्हें बख्तरबंद गाड़ी में ले जाया गया।

वेनेज़ुएला में 80 की जान गई

■ एपी, हवाना: क्यूबा की सरकार ने रविवार को पहली बार आधिकारिक तौर पर माना कि वेनेज़ुएला में हुए अमेरिकी सैन्य अभियान के दौरान उसके 32 अधिकारी मारे गए हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सैन्य हमलों के बाद वेनेज़ुएला में 80 लोगों की मौत हुई। क्यूबा के सरकारी टेलीविजन पर रविवार रात जारी एक बयान के अनुसार देश के सैन्य और पुलिस अधिकारी एक अभियान पर थे और यह अभियान वेनेज़ुएला की सरकार के अनुरोध पर अंजाम दिया जा रहा था। हालांकि, बयान में यह साफ नहीं किया गया है कि क्यूबाई अधिकारी वेनेज़ुएला में किस अभियान में थे। क्यूबा, वेनेज़ुएला का सहयोगी देश है।

ईरान की मांग

एक देश के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का अपहरण किया गया है। यह गर्व की बात नहीं, बल्कि एक गैरकानूनी कार्रवाई है। जैसा कि वेनेज़ुएला के लोगों ने कहा है, उनके राष्ट्रपति को रिहा किया जाना चाहिए। *–ईरान का विदेश मंत्रालय*

चीन की आपत्ति

हम कभी नहीं मानते कि कोई भी देश दुनिया का पुलिसवाला बन सकता है। साथ ही हम न इस बात से सहमत हैं कि कोई भी देश खुद को इंटरनैशनल जज होने का दावा ही कर सकता है। *– वांग यी, चीन के विदेश मंत्री*

अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर ली शपथ

रोड्रिगेज़ ने की है कानून की पढ़ाई, पिता थे गुरिल्ला लड़ाका

■ NBT रिपोर्ट: वेनेज़ुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज अब देश की अंतरिम राष्ट्रपति बन गई हैं। उन्हें देश की सुप्रीम कोर्ट ने शपथ दिलाई। वह अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के करीबी समूह का हिस्सा थीं। रोड्रिगेज पर कई देशों ने प्रतिबंध लगाए हैं। उन्हें पड़ोसी देश कोलंबिया में प्रवेश करने से भी रोक लगाई गई है। शनिवार को उन्होंने निकोलस मादुरो की रिहाई की मांग की और कहा कि मादुरो ही एकमात्र राष्ट्रपति हैं। 56 साल की डेल्सी रोड्रिगेज का जन्म 18 मई 1969 को वेनेज़ुएला की राजधानी कराकास में हुआ था। वह कराकास की मूल निवासी हैं। वह जॉर्ज एंटोनियो रोड्रिगेज की बेटी हैं, जो एक वामपंथी गुरिल्ला लड़ाके थे। उन्होंने 1970 के दशक में अपनी क्रांतिकारी पार्टी बनाई थी।

CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, रोड्रिगेज ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ वेनेज़ुएला से कानून (लॉ) की पढ़ाई की। पिछले एक दशक में वह तेजी से राजनीतिक सीढ़ियां चढ़ते हुए शीर्ष पदों तक पहुंची हैं। रोड्रिगेज ने अपने सरकारी करियर की शुरुआत 2003 में की। उन्होंने वेनेज़ुएला के उपराष्ट्रपति ऑफिस के जनरल को-ऑर्डिनेशन में काम शुरू किया। फरवरी से अगस्त 2006 तक वह राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज के कार्यकाल में

मादुरो ने बनाया था उपराष्ट्रपति

2013 में तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने उन्हें वेनेज़ुएला की सूचना और संचार मंत्री नियुक्त किया। वह इस पद पर अक्टूबर 2014 तक रहीं। दिसंबर 2014 में उन्हें विदेश मंत्री (चांसलर) बनाया गया। इस पद पर पहुंचने वाली वह वेनेज़ुएला की पहली महिला बनीं। जून 2016 में काराबोबो की लड़ाई की 195वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति मादुरो ने उन्हें राष्ट्रीय रक्षा सैन्य सम्मान दिया। 14 जून 2018 को मादुरो ने उन्हें वेनेज़ुएला की उपराष्ट्रपति नियुक्त किया। उन्होंने टारेक एल ऐसामी की जगह ली। 2020 को रोड्रिगेज को अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री भी नियुक्त किया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका तब तक वेनेज़ुएला चलाएगा जब तक सुरक्षित, ठीक तरीके से और समझदारी भरा सत्ता परिवर्तन नहीं हो जाता, लेकिन मादुरो के सहयोगी सत्ता में बने हुए हैं।

ट्रंप ने दी 5 देशों को चेतावनी

वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति मादुरो को पकड़े जाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एयर फोर्स वन से कड़े चेतावनी भरे बयान दिए। TOI के मुताबिक, ट्रंप ने कोलंबिया, क्यूबा, ग्रीनलैंड, ईरान और मेक्सिको को चेतावनी दी है। उन्होंने संकेत दिया कि इन देशों के खिलाफ सैन्य या आर्थिक कार्रवाई हो सकती है। व्हाइट हाउस का कहना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सख्ती जरूरी है, जबकि सहयोगी और प्रतिद्वंद्वी दोनों ही इस पर चिंता जता रहे हैं। जैसे-जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में तनाव बढ़ रहा है, मादुरो के बाद ट्रंप की रणनीति वैश्विक कूटनीति को तेजी से नया रूप दे रही है।

अमेरिका से तेल आयात बढ़ा, रूस से घटा

92% बढ़ा है तेल आयात इस वित्त वर्ष में नवंबर तक अमेरिका से

37.9% से घटकर 33.7% पर आ गया है रूस का हिस्सा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वेनेज़ुएला पर सैन्य कार्रवाई के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत पर टैरिफ बढ़ाए जा सकने का बयान दे दिया। इस वित्त वर्ष में नवंबर तक अमेरिका से तेल आयात 92% बढ़ा है। भारत के कुल तेल आयात में अमेरिका का हिस्सा 4.3% से बढ़कर 7.6% हो गया। रूस का हिस्सा 37.9% से घटकर 33.7% पर आ गया।

US सेनेटर लिंडसे ग्रहम ने कहा कि वह एक महीने पहले वॉशिंगटन में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा के घर गए थे और उस समय क्वात्रा ने उनसे कहा था कि भारत ने रूस से तेल खरीद घटाई है। ग्रहम ने यह भी कहा कि क्वात्रा ने उनसे कहा था कि क्या वह राष्ट्रपति ट्रंप से कहेंगे कि अब वह भारत पर लगे टैरिफ में राहत दें? दिसंबर के बारे में ग्लोबल रियल टाइम डेटा प्रोवाइडर Kpler के लीड एनालिस्ट (रिफाइनिंग एंड सप्लाई) सुमित रितोलिया ने NBT से कहा, 'अमेरिकी प्रतिबंध के बाद दिसंबर में भारत का रूस से क्रूड इंपोर्ट काफी घट गया। नवंबर के 18.4 लाख बैरल प्रतिदिन से यह दिसंबर में 12 लाख बैरल प्रतिदिन पर आ गया। यह 2022 के बाद सबसे कम स्तर है। हालांकि यह कुछ समय का एडजस्टमेंट है। रूसी तेल किफायती बना हुआ है। जनवरी से वॉल्यूम रिकवर करने की उम्मीद है।'

ट्रेड डील की फिक्र?

भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते का मामला अटका हुआ है। एक अधिकारी ने बताया, 'अधिकारियों के स्तर पर सब कुछ कहा जा चुका है। अब राजनीतिक स्तर पर ही कोई राह निकलेगी।' भारत ने अपने एग्री और डेयरी सेक्टर अमेरिकी कंपनियों के लिए खोलने से मना कर दिया है, ऐसे में ट्रंप के ताजा बयान को भारत पर दबाव बढ़ाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

IRCTC घोटाला : लालू की याचिका पर CBI को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद यादव की उस याचिका पर CBI से जवाब मांगा, जिसमें IRCTC घोटाला मामले में उनके, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और 11 अन्य के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश को चुनौती दी गई है।

> हाई कोर्ट ने फिलहाल मुकदमे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने फिलहाल मुकदमे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी के जवाब पर गौर किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट ने CBI से लालू यादव की याचिका और रोक के आवेदन पर भी जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 14 जनवरी को होगी। हाई कोर्ट ने इस केस से जुड़े रेकॉर्ड अपने सामने पेश करने के लिए कहा है।

सुनवाई के दौरान लालू की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल और मनिंदर सिंह पेश हुए। उन्होंने निचली अदालत में सुनवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया और कहा कि एक महीने में दो गवाहों से जिरह की जा चुकी है। कोर्ट ने कहा कि वह CBI से जवाब मिलने के बाद 14 जनवरी को इस पर सुनवाई करेगी। निचली अदालत ने 13 अक्टूबर, 2025 को आरोप तय किए थे।

लालू ने मामले में आरोप तय करने के आदेश को चुनौती दी है।

SPEED News

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन ने पिछले हफ्ते ड्रोन हमले में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के घर को निशाना नहीं बनाया था। रूस ने हमले का दावा किया था।



नाइजीरिया की ड्रग्स रोकथाम एजेंसी ने लागोस के अपापा बंदरगाह पर जहाज से कोकीन जब्त किए जाने के संबंध में एक पोत के क्रू के 22 भारतीय सदस्यों को हिरासत में लिया।

साउथ कोरिया के दिग्गज ऐक्टर आन सुंग-की का सोमवार को निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। वह कई वर्षों से ब्लड कैंसर से जूझ रहे थे। 5 बार 'ग्रैंड बेल' पुरस्कार जीता था।

स्विट्ज़रलैंड की पुलिस ने कहा कि नए साल पर जश्न मनाने के दौरान 116 लोग घायल हुए थे, जिनमें से दो-तिहाई से ज्यादा अब भी अस्पतालों में हैं।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

चीन के लिए भारत ने शुरू किया नया बिजनेस वीज़ा

■ पीटीआई, पेइचिंग: भारत ने ई-प्रोडक्शन इन्वेस्टमेंट बिजनेस वीजा (e-B-4 वीजा) शुरू किया है। इसके तहत चीन के कारोबारी भारत आने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह वीजा मशीनरी/उपकरणों की स्थापना और कमीशनिंग जैसे खास कारोबारी कामों के लिए दिया जाएगा।

> भारत में अधिकतम 6 महीने तक रहने की अनुमति मिलेगी।

भारतीय एंबेसी की वेबसाइट पर जारी ताजा अडवाइजरी के अनुसार, e-B-4 वीजा 1 जनवरी से लागू हो गया है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है और एंबेसी या एजेंट के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। वीजा करीब 45 से 50 दिनों में जारी होगा और इसके तहत भारत में अधिकतम 6 महीने तक रहने की अनुमति मिलेगी।

बांग्लादेश बोला, हादी केस में चार्जशीट कल

■ पीटीआई, ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने सोमवार को कहा कि छात्र नेता शरीफ उस्मान बिन हादी की हत्या के मामले में अंतिम चार्जशीट बुधवार को दाखिल की जाएगी। सरकार ने आश्वासन दिया कि न्याय मिलेगा। बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव होने हैं।

गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने सचिवालय में कानून और व्यवस्था पर सलाहकार परिषद की बैठक के बाद कहा कि अंतरिम सरकार हादी के मामले को अत्यंत गंभीरता से ले रही है। एक न्यूज पोर्टल 'बीडीन्यूज24डॉट कॉम' ने चौधरी के हवाले से कहा कि हत्या के मामले में अंतिम चार्जशीट सात जनवरी को दाखिल की जाएगी। इस मामले की जांच ढाका महानगर पुलिस की खुफिया शाखा कर रही है। गृह मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव नसीमुल गनी ने भी बताया कि आरोपपत्र तैयार है और उसकी समीक्षा की जा रही है।

'इंकलाब मंच' के प्रवक्ता हादी, 2024 में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन का कारण बने जन आंदोलन के दौरान एक प्रमुख युवा नेता के रूप में उभरे थे। वह आगामी 12 फरवरी को होने वाले चुनाव में उम्मीदवार भी थे।



हत्या के बाद हुई थी हिंसा।

अंकिता हत्याकांड: सांसद की सफाई

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड में VIP एंगल को लेकर लगातार आंदोलन जोर पकड़ रहा है। इस मामले को लेकर सोमवार को राज्यसभा सांसद और बीजेपी के वरिष्ठ नेता नरेश बंसल ने पार्टी और सरकार का पक्ष रखने की कोशिश की। नरेश बंसल ने कहा कि कांग्रेस बिना किसी आधार के अंकिता हत्याकांड को उछाल रही है। उनके अनुसार कांग्रेस इस भावनात्मक मुद्दे पर प्रदेश के लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। बीजेपी किसी भी प्रकार की जांच से पीछे नहीं हट रही है, तथ्य जैसे ही मिलेंगे उस पर भी जांच की जाएगी। जब पूछा गया कि उर्मिला सनावर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया, लेकिन सुरेश राठौर को क्यों नहीं पकड़ा जा रहा है तो बंसल ने कहा कि राठौर के लिए भी दबिश दी जा रही है। दोनों के मिलने के बाद उनके बयान लिए जाएंगे।

US में भारतीय महिला की हत्या, साथ रहने वाले दोस्त पर है शक

रिपोर्ट दर्ज कराने के तुरंत बाद आरोपी भारत रवाना हो गया

■ पीटीआई, लास वेगास/न्यूयॉर्क

अमेरिका के मैरीलैंड राज्य से पिछले हफ्ते लापता हुई 27 साल की भारतीय महिला मृत पाई गई है। पुलिस को शक है कि महिला के पूर्व प्रेमी ने उसकी हत्या की है और वह भारत फरार हो गया है।

मैरीलैंड के एलिकॉट सिटी की रहने वाली निकिता गोडिशाला (27) दो जनवरी को लापता हो गई थी। हॉवर्ड काउंटी पुलिस ने रविवार को एक बयान में बताया कि निकिता का शव कोलंबिया स्थित उसके पूर्व प्रेमी अर्जुन शर्मा (26) के अपार्टमेंट से बरामद हुआ है। शव पर चाकू के घाव थे। पुलिस ने अर्जुन शर्मा के खिलाफ हत्या के आरोपों में गिरफ्तारी वॉरंट हासिल कर लिया है। वॉशिंगटन में मौजूद भारतीय एंबेसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह गोडिशाला के परिवार के संपर्क में है और हरसंभव मदद कर रहा है। भारतीय एंबेसी ने कहा, 'हम इस मामले में स्थानीय अधिकारियों के साथ भी लगातार संपर्क बनाए हुए हैं।'

अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी अर्जुन शर्मा ने ही खुद पुलिस में निकिता की गुमशुदगी की रपट दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया था कि उसने निकिता को आखिरी बार 31 दिसंबर को अपने अपार्टमेंट में देखा था। पुलिस जांच में पता चला कि दो जनवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के तुरंत बाद शर्मा भारत के लिए रवाना हो गया। अगले दिन जब जांचकर्ताओं ने उसके अपार्टमेंट की तलाशी ली, तो वहां निकिता का शव बरामद हुआ।

जांचकर्ताओं का मानना है कि शर्मा ने 31 दिसंबर की शाम करीब सात बजे निकिता की हत्या कर दी थी। हॉवर्ड काउंटी पुलिस ने कहा कि फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल है और शर्मा का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए काम किया जा रहा है।

पिछले हफ्ते लापता हुई 27 साल की निकिता गोडिशाला का शव मिला

बांग्लादेश से लाई गई सोनाली खातून ने बेटे को जन्म दिया

मां और नवजात की हालत है स्थिर

■ पीटीआई, रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल)

पश्चिम बंगाल के बीरभूम की निर्वासित प्रवासी मजदूर सोनाली खातून ने सोमवार सुबह रामपुरहाट के अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। सोनाली को 5 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बांग्लादेश से वापस लाया गया था।

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य समीरुल इस्लाम ने अस्पताल के डॉक्टरों से बातचीत के बाद बताया कि मां और बच्चा दोनों की हालत स्थिर है। इस्लाम ने बताया, 'मैंने अस्पताल के डॉक्टरों से बात की। उन्होंने मुझे बताया है कि मां और शिशु दोनों की हालत स्थिर है और वे ठीक हैं।' बीरभूम जिले के मुरारई में सोनाली को पिछले साल जून में बांग्लादेशी नागरिक होने के शक में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में उन्हें बांग्लादेश में भेज दिया गया था। जिस समय सोनाली को बांग्लादेश भेजा गया था, वह गर्भवती थी।

सोनाली खातून।

हादसा

आंध्र प्रदेश के कपल की अमेरिका में मौत

■ पीटीआई, पालाकोल्लू (आंध्र प्रदेश): आंध्र प्रदेश के एक दंपती की अमेरिका के वॉशिंगटन में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। पालाकोल्लू के मूल निवासी के. कृष्ण किशोर (49) 1999 में अमेरिका चले गए और वहां पहले से ही बसी काकीनाडा की मूल निवासी आशा (45) से शादी कर ली।

> गोदावरी जिले में रहने वाला पीड़ित का परिवार इस खबर के बाद सदमे में है

अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका में बसे दंपती (किशोर और आशा) की रविवार को वॉशिंगटन में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जिससे पश्चिम गोदावरी जिले में उनका परिवार सदमे में है।'

ममता ने कहा- SIR के दौरान हुआ अमानवीय व्यवहार, जाऊंगी कोर्ट

कहा- SIR के डर से कई लोगों की मौत हो चुकी है, कई अस्पताल में हैं

■ भाषा, पश्चिम बंगाल: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह राज्य में मतदाता सूची के SIR के दौरान किए गए 'अमानवीय' आचरण के खिलाफ अदालत का रुख करेंगी।

दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से जुड़े भय, उत्पीड़न और प्रशासनिक मनमानी के कारण कई लोगों की मौत हुई है और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। उन्होंने कहा, 'हम SIR के कारण हुए अमानवीय व्यवहार और इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत के खिलाफ अदालत में कल (मंगलवार को) याचिका दायर करेंगे। यदि अनुमति मिली तो मैं भी उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर एक आम नागरिक के रूप में इस अमानवीय प्रक्रिया के खिलाफ आवाज उठाऊंगी। मैं एक प्रशिक्षित वकील भी हूं।'

हालांकि, बनर्जी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि याचिका वह दायर करेंगी, राज्य सरकार द्वारा दायर की जाएगी या तृणमूल कांग्रेस द्वारा। बनर्जी ने आरोप लगाया कि बिना वैध कारणों के मतदाता सूची से नामों को मनमाने ढंग से हटाया जा रहा है, जिससे विधानसभा चुनावों से पहले एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया डर पैदा करने वाली प्रक्रिया बन गई है।

SIR: क्रिकेटर शमी और सांसद देव तलब: बंगाल SIR की सुनवाई प्रक्रिया 27 दिसंबर से शुरू होने के साथ ही भारतीय तेज गेंदबाज क्रिकेटर मो. शमी और TMC सांसद और अभिनेता देव और उनके परिवार के सदस्यों को सुनवाई के लिए बुलाया गया है।

ET की रिपोर्ट के मुताबिक, निर्वाचन आयोग के एक पर्यवेक्षक ने कहा कि शमी की सुनवाई की तारीख 5 जनवरी तय थी। वह राजकोट में खेल रहे थे। मैपिंग हिस्से में कुछ डेटा गायब था। उनके लिए एक अलग तारीख फिर से तय की जाएगी। इस बीच, देव और उनके परिवार के सदस्यों को भी सुनवाई के लिए तलब किया गया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने रविवार को CEC ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर बंगाल SIR को रोकने की मांग की थी।

11 को PM जाएंगे सोमनाथ मंदिर

■ भाषा, नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के सोमनाथ मंदिर का 11 जनवरी को दौरा करेंगे। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर सोमनाथ में वर्षभर गतिविधियां आयोजित किए जाने की योजना बनाई गई है। 8 से 11 जनवरी तक सोमनाथ में अनेक आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियां होंगी।

BSP के पूर्व विधायक के भतीजे की हत्या

■ NBT न्यूज, बुलंदशहर : कोतवाली देहात क्षेत्र में रविवार रात को बीएसपी के पूर्व विधायक स्वर्गीय हाजी अलीम के भतीजे सुफियान की लाठी-डंडे व रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई, जबकि उसके भाई की हालत गंभीर है। पुलिस ने चार नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद आरोपियों में एक भाजपा नेता व उसके दो भाई हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 01-05-2026 23:19 Color:

निकाय चुनाव 2025-26
महामुकाबला

604 पोलिंग बूथ पर वोटिंग होगी कल्याण डोंबिवली मनपा चुनाव के दौरान।

आशीष शेलार-अमित साटम को भेजूंगा नोटिस: मलिक

महायुति में विवाद बढ़ा, नवाब मलिक का सख्त रवैया

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : राज्य की सत्ता में साझीदार बीजेपी और एनसीपी (अजित पवार) में नवाब मलिक को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। नवाब मलिक ने कहा है कि बीजेपी के कुछ नेता उनके ऊपर झूठा आरोप लगाकर बदनाम कर रहे हैं। इसमें बीजेपी के मंत्री आशीष शेलार और मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम शामिल हैं। मीडिया से बातचीत में मलिक ने कहा कि इन नेताओं को वह बीएमसी चुनाव के बाद लीगल नोटिस भेजेंगे और उनसे माफी मांगने को कहेंगे। यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो कानूनी कार्यवाही करेंगे। शेलार और साटम ने आरोप लगाया था कि आतंकियों से संबंध रखने वालों के साथ वह बीएमसी चुनाव में गठबंधन नहीं करेंगे, जबकि एनसीपी अजित गुट ने नवाब मलिक पर विश्वास जताते हुए उन्हें मुंबई में बीएमसी चुनाव की जिम्मेदारी दी है। इसके कारण एनसीपी बीएमसी चुनाव महायुति से अलग होकर अकेले 92 सीटों पर लड़ रही है।

'NCP के समर्थन से ही महापौर बनेगा'

नवाब मलिक ने एक बार फिर दोहराया कि बीएमसी में एनसीपी के समर्थन से ही महापौर बनेगा। बीजेपी पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि एक धारणा है कि मुंबई में एक लहर चल रही है, लेकिन मुझे लगता है कि यह गलत है। अलग-अलग प्रभागों में अलग-अलग हालात हैं, कुछ प्रभागों में निर्दलीय उम्मीदवार मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं।

कार्यकर्ता चाहते है चाचा-भतीजा साथ आएं

एनसीपी नेता नवाब मलिक ने कहा है कि दोनों एनसीपी के कार्यकर्ता चाहते है कि शरद पवार और अजित पवार एक बार फिर से साथ आ जाएं। हालांकि यह तय करना दोनों नेताओं पर निर्भर है। पुणे में दोनों एनसीपी साथ मिलकर मनपा चुनाव लड़ रही है, इससे कार्यकर्ताओं में खुशी है। लोग चाहते है कि चाचा-भतीजा को साथ आ जाना चाहिए हम भी यही चाहते है।

मुंबईकर तय करेंगे कौन होगा BMC का मेयर

एनसीपी ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की 'हिंदू मराठी मेयर' टिप्पणी पर निशाना साधा है। मलिक ने कहा कि इस देश के नागरिक, यहां रहने वाले लोग और मुंबई के निवासी तय करेंगे कि मेयर कौन बनेगा। हम धर्म या जाति के आधार पर राजनीति नहीं करते। लोगों को यह समझना चाहिए कि जहां कुछ लोग धर्म या भाषा के आधार पर राजनीति करते है, वहीं हमारा इतिहास सभी समुदायों को अपनी राजनीति में शामिल करने का रहा है।

कांग्रेस के लिए मुश्किल हालात

नवाब मलिक ने कहा कि अभी मुंबई में सबसे मुश्किल हालात कांग्रेस पार्टी के लिए है। वे कुछ सीटों पर उम्मीदवार नहीं उतार पाए। तीन पार्टियों के साथ गठबंधन करने के बावजूद कुछ जगहों पर उनके अपने ही कार्यकर्ता उनका विरोध कर रहे है। हमें अपनी स्थिति पर पूरा भरोसा है।

'पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हमें गुमराह किया...'

नामांकन वापस लेने वाले बोलने लगे खुलकर

■ Nbt न्यूज, कल्याण : कल्याण-डोंबिवली मनपा (केडीएमसी) चुनाव में डोंबिवली की राजनीति उस समय गरमा गई, जब बड़े पैमाने पर नामांकन वापसी के चलते 20 में से 18 सीटों पर महायुति उम्मीदवारों की जीत तय हो गई, जबकि दो सीटों पर किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया और वहां निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया। इस घटनाक्रम के बाद अब नामांकन वापस लेने वाले कुछ उम्मीदवार सामने आकर अंदरूनी सियासत पर सवाल उठा रहे हैं।

■ पैनल 24 को लेकर विवाद सामने आया है। इस पैनल में महायुति उम्मीदवारों के खिलाफ शिवसेना (यूबीटी) और मनसे के दो-दो उम्मीदवार मैदान में थे, लेकिन बाद में सभी विपक्षी उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया, जिससे चारों महायुति उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन सुनिश्चित हो गया।

नामांकन वापस लेने वाली यूबीटी उम्मीदवार प्रियंका आकाश पाटिल ने आरोप लगाया कि वे 24-डी (कोपरगांव) से चुनाव लड़ना चाहती थीं, लेकिन उन्हें 24-ए से टिकट दे दिया गया। उनका कहना है कि पैनल के सभी वॉर्ड एक जैसे बताकर गुमराह किया गया, जबकि वास्तविकता में क्षेत्र अलग-अलग थे। उनके पति आकाश पाटिल ने वरिष्ठ नेताओं पर साजिश के आरोप लगाए और स्पष्ट किया कि नामांकन वापसी के पीछे किसी भी तरह का आर्थिक लेन-देन नहीं था।

■ **इसी तरह** यूबीटी उम्मीदवार श्रुति चौगुले के पति श्याम चौगुले ने कहा कि वे 25 वर्षों से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं और 24-डी में उनकी मजबूत पकड़ थी, लेकिन अचानक उन्हें दूसरे वॉर्ड में शिफ्ट कर दिया गया। उन्होंने इसे वरिष्ठ नेताओं की सौदेबाजी करार देते हुए एक्शन लिए जाने की मांग की।

■ **इस बीच शिवसेना** (यूबीटी) के भीतर एक और विवाद तब खड़ा हुआ, जब कल्याण जिला अध्यक्ष तात्या माने की कथित कॉल रिकॉर्डिंग वायरल हुई, जिसमें वे पैनल 22-बी से उम्मीदवार वैशाली पोटे से नामांकन वापस लेने को कहा गया। पोटे ने इनकार कर दिया और चुनाव मैदान में बनी रहीं। माने ने बाद में सफाई दी कि सीट-बंटवारे के तहत यह वॉर्ड मनसे को दी गई थी।

किसी ने कहा, कार्यकर्ता ही नहीं, तो किसी ने लेन-देन की बात नकारी

■ **मनसे को भी** इस पूरे घटनाक्रम में झटका लगा। पार्टी के शहर अध्यक्ष मनोज घरत ने बीजेपी उम्मीदवार महेश पाटिल के खिलाफ अपनी उम्मीदवारी वापस लेकर उनके निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ कर दिया। उन्होंने अपरिहार्य परिस्थितियों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया।

■ **एक मनसे** उम्मीदवार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पैनल सिस्टम के चलते उन्हें नामांकन वापस लेना पड़ा, क्योंकि अकेले पूरे पैनल में प्रचार करना संभव नहीं था। उन्होंने पैसे लेकर नामांकन वापस लेने के आरोपों को खारिज किया।

■ **इस बीच नामांकन** वापस लेने वाले दो कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कांग्रेस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

नामांकन वापस लेने वालों पर हो केस: MNS-UBT

NBT न्यूज, ठाणे: ठाणे मनपा में शिंदे सेना के निर्विरोध निर्वाचित उम्मीदवारों को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और उद्धव ठाकरे शिवसेना ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव को पत्र देकर मनसे ने निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों की ठीक तरह जांच कर निर्णय लेने की मांग की है। इसके साथ ही अविनाश जाधव ने राज्य चुनाव आयुक्त वाघमारे से भी मुलाकात कर मामले की जांच की मांग की है। इसके अलावा मनसे और उद्धव सेना की तरफ से ठाणे पुलिस को संयुक्त पत्र देकर पार्टी का अधिकृत एबी फार्म लेने के बावजूद रुपयों की लालच में उम्मीदवारी वापस लेने वाले के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने की मांग की गई है।

जनता की मांग

SRA की परियोजनाओं में नहीं हुआ काम ठीक से

मैं प्रभाग 176 का निवासी हूं। यहां SRA की परियोजनाओं में काम सही से नहीं होने की वजह से लोग परेशान हैं। रीहैब कंपोनेंट को एनओसी न मिलने के कारण निवासियों को कई सालों से पानी और लाइट की किल्लत झेलनी पड़ रही है। इस वजह से उन्हें पानी के लिए या तो टैंकर मंगवाने पड़ते है, या फिर किराए पर पानी लेना पड़ता है। इसके अलावा अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम यहां की बड़ी समस्या है। आए दिन यहां हादसे होते है। -आनंद दुबे

भेजें वॉर्ड की समस्याएं

आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं है, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते है, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर 9967397376 पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

'घर फोड़ू राजनीति को हराऊंगा'

दहिसर में उद्धव ठाकरे का BJP पर तीखा हमला

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दहिसर प्रभाग 2 में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान बीजेपी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि वे यहां किसी व्यक्ति को हराने नहीं, बल्कि 'घर तोड़ने वाली, फूट डालने वाली राजनीति' को हराने आए हैं। यह हमला इसलिए किया गया, क्योंकि प्रभाग से बीजेपी उम्मीदवार यूबीटी की पूर्व नगरसेविका तेजस्वी घोसालकर हैं। तेजस्वी बीजेपी में शामिल हुईं और बीजेपी ने उन्हें टिकट दिया। उद्धव अपनी उम्मीदवार धनश्री कोलगे के कार्यालय के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। कार्यकर्ता से उन्होंने कहा, 'मुझे विनोद घोसालकर पर गर्व है। वे शिवसेना के कट्टर शिवसैनिक हैं। जिन लोगों ने उनके घर को तोड़ा, उस प्रवृत्ति को हराने के लिए मैं यहां आया हूं। विनोद के घर में फूट डाली गई और यह बीजेपी की फूट डालो नीति है।' उन्होंने आगे कहा कि उनका किसी से व्यक्तिगत झगड़ा नहीं है। मैंने पहले भी 'गो अहेड' कहा था। जिस वॉर्ड में उन्हें मौका दिया गया, वहां उनके प्रचार के लिए भी मैं गया था। लेकिन बीजेपी की कुटिल नीति लोगों को आपस में लड़ाने की है।

वसई में महायुति के 4 उम्मीदवार आमने-सामने

■ NBT न्यूज, वसई : वसई-विरार मनपा चुनाव में बीजेपी ने शिवसेना की छोड़ी हुई 4 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। वसई-विरार मनपा की 115 सीटों में से 88 पर बीजेपी चुनाव लड़ेगी, जबकि शिंदे सेना 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि, BJP ने शिंदे सेना के छोड़े हुए 2 वॉर्डों में से 4 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।



बीजेपी ने 9ब से शिवसेना की अपर्णा म्हात्रे के खिलाफ सुमन सिंह, 16अ में स्वप्निल बांदेकर के खिलाफ नीलेश चौधरी, 16ब में स्नेहल शिंदे के खिलाफ मीरा निकम और 16क में भाविका टेलर के खिलाफ बंटी तिवारी को उतारा है। शिंदे सेना के 4 उम्मीदवारों के खिलाफ उम्मीदवार उतारने पर शिंदे सेना कार्यकर्ताओं में नाराजगी है।

सुना है कि...

टिकट मिलने से भी कलह

चुनाव में टिकट के लिए नेताओं में होड़ रहती है। जिसे टिकट मिल जाता है, वह चुनाव प्रचार में लग जाता है। लेकिन मुंबई में एनसीपी के साथ कुछ और ही हो गया। पार्टी ने एक महिला को टिकट दिया और उसके परिवार में विवाद पैदा हो गया। महिला उम्मीदवार के परिवार ने कहा कि उनकी बहू को क्यों टिकट दिया गया इससे पार्टी के सामने अजीब स्थिति पैदा हो गई। स्थिति यह हो गई है कि उम्मीदवार ने प्रचार ही नहीं शुरू किया। - धूमकेतु

'फोटो नहीं दिखाते, काम दिखाते हैं'

शायना एन.सी. ने साधा उद्धव सेना पर निशाना

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शिंदे सेना की राष्ट्रीय प्रवक्ता शायना एन.सी. ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि हम सिर्फ फोटो और पीपीटी दिखाने में विश्वास नहीं रखते, हम जमीनी पर काम करके दिखाते हैं। मुंबई के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में कई अहम फैसले लिए गए हैं। मुंबई में 300 एकड़ भूमि पर ग्रीन पार्क विकसित करने की अनुमति दी गई है। वहीं, कोस्टल रोड जैसी परियोजनाओं से नागरिकों का समय बच रहा है और ईंधन की खपत कम हो रही है, जिससे प्रदूषण में भी कमी आ रही है।

सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए शायना ने कहा कि देश और पूरे महाराष्ट्र के सामने इस समय सबसे बड़ी समस्या यदि कोई है, तो वह है दूषित हवा। जिस तेजी से वायु गुणवत्ता खराब होती जा रही है, उसके कारण आम नागरिकों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शिंदे ने प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। शायना ने उद्धव सेना को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि महायुति सरकार के कार्यकाल में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ठोस और प्रभावी योजनाएं बनाई गईं, जो उद्धव सेना के कार्यकाल में कभी देखने को नहीं मिलीं। उन्होंने तो कई विकास परियोजनाओं का विरोध किया, जिनमें अंडरग्राउंड मेट्रो जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी शामिल थीं।

मैं जलाऊंगा मेहता के भ्रष्टाचार की 'लंका': सरनाईक

महायुति में शामिल दोनों दलों के विधायकों में आपस में ही ठनी

■ अनिल कुमार शुक्ला, ठाणे: राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने मीरा भाईंदर के विधायक नरेंद्र मेहता पर जोरदार हमला बोला है। सरनाईक ने कहा है कि मीरा भाईंदर में संघर्ष शिंदे सेना और BJP के बीच नहीं, बल्कि नरेंद्र मेहता और प्रताप सरनाईक के बीच है। उन्होंने कहा कि मेहता उन्हें भाईजान कहते है, लेकिन उनको चाहिए कि मुझे बजरंगी भाईजान कहें, क्योंकि मैं बजरंगबली का भक्त हूं और यही बजरंगी भाईजान इस चुनाव में मेहता के भ्रष्टाचार की लंका को जलाकर खाक करेगा। ठाणे के ओवला-माजिवडा विधानसभा क्षेत्र में किए गए कार्यों की पुस्तिका 'विकास का ठाणे -भविष्य का ठाणे' का विमोचन सोमवार को प्रताप सरनाईक ने किया। इस अवसर पर उक्त विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी युवा सेना कार्याध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक सहित महायुति के सभी उम्मीदवार मौजूद थे। सरनाईक ने इस दौरान मीडिया से बात करते दोहराया कि कि मीरा भाईंदर में नरेंद्र मेहता के चलते शिंदे सेना और BJP की युति नहीं हुई और चुनाव में जनता उनको सबक सिखाएगी तथा उनकी लंका का दहन होगा । सरनाईक ने इस दौरान बताया कि वे वचन नामे में विश्वास नहीं रखते है, इसलिए किए गए कार्यों की रिपोर्ट पुस्तिका के जरिए लोगों को उपलब्ध कराते हैं।

ओवला-माजिवडा विधानसभा क्षेत्र में किए गए कार्यों की पुस्तिका का किया विमोचन

80 से 90% कार्य अब तक हो चुके हैं पूरे

सरनाईक ने खुद के विधानसभा में 80 से 90% कार्यों को पूर्ण करने का दावा किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक वादे की पूर्ति नहीं है, बल्कि उनके क्षेत्र के मतदाताओं द्वारा उन पर दिखाए गए भरोसे की स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ओवला माजिवडा के विकास काम के लिए बड़े पैमाने पर निधि उपलब्ध कराई थी, जिसके चलते वे वचन पूरा कर सके । सरनाईक ने निर्विरोध निर्वाचित हुए सभी उम्मीदवारों का अभिनंदन किया और विश्वास जताया कि ठाणे मनपा में 16 जनवरी को महायुति का भगवा लहराएगा।

आया राम, गया राम

गायत्री वाघचौड़े समर्थकों के साथ BJP में शामिल

■ NBT न्यूज, नालासोपारा: वसई-विरार मनपा चुनाव के बीच बहुजन विकास आघाड़ी (बविआ) को बड़ा झटका लगा है। प्रभाग 58 की महिला अध्यक्ष गायत्री वाघचौड़े अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बीजेपी जॉइन कर ली। यह प्रवेश पूर्व सांसद पूनम महाजन की उपस्थिति में हुआ, जिससे बीजेपी खेमे में उत्साह और बविआ खेमे में हलचल है। बताया जा रहा है कि गायत्री वाघचौड़े प्रभाग 11 से टिकट न मिलने के कारण पार्टी नेतृत्व से नाराज थीं। टिकट कटने के बाद उन्होंने बविआ के खिलाफ बगावती रुख अपनाया और अब खुले तौर पर बीजेपी का प्रचार करने का ऐलान किया है।

हॉट सीट किसमें कितना है दम

ज्योति, सकीना और जाहिदा में कौन मारेगा बाजी?

जाहिदा अहमद | ज्योति खान | सकीना

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ मुंबई: जोर पकड़ते बीएमसी चुनाव प्रचार के बीच घाटकोपर पश्चिम के प्रभाग 124 में काफी दिलचस्प मुकाबला दिखाई दे रहा है। इस बार यहां से ज्योति हारून खान शिंदे सेना से किस्मत आजमा रही हैं। 2017 में खान एनसीपी (अविभाजित) से जीती थीं। बदली राजनीतिक परिस्थितियों के चलते विक्रोली पार्क के तहत आने वाले इस प्रभाग में त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है।

प्रभाग 124
शिंदे सेना, उद्धव सेना और NCP के बीच त्रिकोणीय मुकाबला

मराठी और मुस्लिम बहुल इलाके में खान की सीधी लड़ाई UBT कैंडिडेट सकीना शेख और एनसीपी उम्मीदवार जाहिदा अहमद (अजित गुट) से है। क्षेत्र में 14 हजार मराठी, 13 हजार मुस्लिम, 6.5 हजार पिछड़ा वर्ग, 3 हजार गुजराती और ढाई हजार उत्तरभारतीय सहित अन्य समुदाय को मिलाकर कुल 40 हजार मतदाता हैं। पावर ब्रिगेड, डायमंड गैरेज और नाथीबाई चाल सहित अन्य इलाके शामिल हैं। प्रभाग में कुल 7 उम्मीदवार हैं, जिसमें से 5 मुस्लिम कैंडिडेट हैं। ऐडवोकेट महिमा शर्मा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। मुख्य रूप से झोपड़पट्टी, ट्रैफिक जाम, रीडेवलपमेंट पानी की किल्लत और प्रदूषण बड़ा मुद्दा है।

उम्मीदवारों का कहना है

UBT कैंडिडेट सकीना शेख का कहना है कि लोग अब यहां परिवर्तन चाहते हैं। वहीं एनसीपी की जाहिदा का कहना है कि हम जनता के बीच अपने काम के बल पर जा रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार शर्मा का कहना है कि यह इलाका अब भी विकास को तरस रहा है।

यहां दो डॉक्टर मैदान में, दोनों के अपने-अपने दावे

सईदा खान

बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के मनाने के बाद पानसे ने लिया है नामांकन वापस

डॉ. अनुराधा

Pankaj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई : कालीना और कुर्ला विधानसभा क्षेत्र के प्रभाग 168 में एनसीपी और बीजेपी के दो डॉक्टर उम्मीदवारों के बीच सीधी चुनावी भिड़ंत है। एनसीपी (अजित पवार) की तरफ से डॉ. सईदा खान को चुनावी मैदान में उतारा गया है, जबकि बीजेपी ने नामांकन के ठीक पहले शिंदे सेना से बीजेपी में शामिल हुईं डॉ. अनुराधा पेडणेकर को टिकट दिया है। 2017 के बीएमसी चुनाव में भी डॉ. सईदा और डॉ.अनुराधा आमने-सामने थे। उस वक्त डॉ.सईदा ने जीत दर्ज की थी। एनसीपी ने एक बार फिर सईदा पर विश्वास दिखाया है, जबकि बीजेपी की तरफ से प्रभाग 168 के लिए दो दावेदार थे।

प्रभाग 168
NCP से सईदा फिर मैदान में, BJP ने अनुराधा को उतारा

अनुराधा के साथ आदित्य पानसे ने भी बीजेपी के एबी फॉर्म के साथ नामांकन कर दिया था। बाद में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के मनाने के बाद पानसे ने नामांकन वापस ले लिया। बीजेपी को नामांकन के ठीक पहले अपने कार्यकर्ता को दरकिनार कर दूसरों को टिकट देने का निर्णय पार्टी को महंगा भी पड़ सकता है। इस प्रभाग से उबाठा ने सुधीर खातू, कांग्रेस ने वसीम सिद्दीकी को टिकट दिया है।

ऐसा है वोटर्स का गणित

यह प्रभाग मुस्लिम बहुल है। जीत या हार तय करने में मुस्लिम वोटर अहम भूमिका में रहते है। प्रभाग में 44% से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। इस तरह से 22,472 मुस्लिम, 15,574 मराठी, 2,348 उत्तर भारतीय, 1,288 गुजराती और 1,576 दक्षिण भारतीय वोटर हैं।

तीर-कमान, घड़ी और निर्दलीय के बीच त्रिकोणीय जंग

चांदनी श्रीवास्तव | रोहिदास डेरंगे | अपेक्षा खांडेकर

Akhilesh.Tiwari@timesofindia.com

■ मुंबई: शिवाजी नगर-मानखुर्द में प्रभाग 142 का राजनीतिक गणित इसलिए उलझा हुआ है, क्योंकि BJP और शिंदे सेना के बीच सीट बंटवारे के तालमेल ने समीकरण बदलकर रख दिए हैं। इस प्रभाग से शिंदे सेना के सांसद राहुल शेवाले की भाभी वैशाली शेवाले नगरसेविका थीं, लेकिन इस बार उन्हें धारावी की ओर रुख करना पड़ा। वहीं, बीजेपी से रातोरात शिंदे गुट में शामिल हुईं अपेक्षा खांडेकर को उम्मीदवार बना दिया गया है। इस पर शिंदे खेमे के लोगों का कहना है कि हमने अपने कार्यकर्ताओं को मौका दिया है। उधर, उद्धव गुट में भी असंतोष है। मजबूत दावेदार माने जा रहे रोहिदास डेरंगे और उनके समर्थक नाराज हैं, क्योंकि इस प्रभाग से टिकट उनकी जगह विट्ठल लोकरे की पत्नी सुनंदा लोकरे को दिया गया है, जबकि विट्ठल लोकरे को प्रभाग 141 से उतारा गया है। गठबंधन की आंतरिक खींचतान के चलते सीटिंग नगरसेविका इस प्रभाग से बाहर हो गईं और बीजेपी के इच्छुक उम्मीदवार को शिंदे गुट से टिकट दे दिया गया। ऐसे में एनसीपी (AP) की उम्मीदवार चांदनी अनय श्रीवास्तव मजबूत स्थिति में मानी जा रही हैं।

प्रभाग 142
में गठबंधन ने बदल दिए सारे समीकरण, कुछ भी संभव

क्या कहते हैं उम्मीदवार

एनसीपी (अजित पवार) की उम्मीदवार चांदनी श्रीवास्तव का कहना है कि वह इस प्रभाग की एकमात्र उत्तर भारतीय उम्मीदवार हैं। ऐसे में उन्हें उत्तर भारतीय समुदाय के साथ-साथ विभिन्न पार्टियों से नाराज चल रहे मतदाताओं और अन्य समुदायों का समर्थन मिलने की उम्मीद है।

उत्तर और दक्षिण भारतीय करेंगे जीत-हार का फैसला

अनीता यादव | हर्षदा पाटील | रेखा यादव

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ मुंबई: सायन-कोलीवाडा विधानसभा में प्रभाग 176 महिला आरक्षित है। इस वजह से यहां कुल पांच कैंडिडेट मैदान में है। इनमें से बीजेपी की प्रत्याशी रेखा यादव (32) पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, कांग्रेस से अनीता पटोले, उद्धव सेना से हर्षदा पाटील, बसपा से रुपाली खुले और अनीता गुप्ता निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। यह प्रभाग 2017 में हुए चुनाव में कांग्रेस के पास गया था और यहां से रवि राजा चुनकर आए थे, हालांकि अब वे बीजेपी में हैं और अनीता यादव को सपोर्ट कर रहे हैं।

प्रभाग-176
से पांच महिलाएं आमने-सामने, सबका अपना वोट बैंक

प्रभाग 176 में करीब 30,615 रजिस्टर्ड वोटर्स हैं। इनमें से 14,252 महिला वोटर्स हैं, जबकि 16,332 वोटर्स पुरुष हैं। इस प्रभाग में 32% हिंदी भाषी वोटर्स हैं, जो कि उत्तर भारत और बिहार से हैं, वहीं करीब 30% मतदाता दक्षिण भारतीय हैं। इसके बाद करीब 18% मराठी वोटर्स हैं। इसके अलावा 8 से 10% वोटर्स सिंधी समाज के हैं। ऐसे में इस सीट को जीतने के लिए किसी भी उम्मीदवार को उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीय वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करना होगा।

क्या कहते हैं उम्मीदवार

बीजेपी प्रत्याशी रेखा यादव का कहना है कि यदि मैं जीतकर आती हूं, तो यहां की एक बड़ी समस्या पुनर्विकास परियोजनाएं हैं, जिसे और बेहतर ढंग से पूरा किया जाएगा। उधर, कांग्रेस प्रत्याशी अनीता पाटोले का कहना है कि 10 साल पहले पूरी हुई एसआरए के निवासी परेशान हैं।

इलेक्शन ब्रीफ

उद्धव सेना के स्टार प्रचारकों में तीन हिंदी भाषी भी शामिल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव में उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट चुनाव आयोग को सौंप दी है। इसमें उद्धव ठाकरे के साथ आदित्य ठाकरे, संजय राउत, सुभाष देसाई, वरुण सरदेसाई, प्रियंका चतुर्वेदी, आनंद दुबे और अशोक तिवारी शामिल हैं। शिवसेना नेता ने बताया कि हमने स्टार प्रचारकों की लिस्ट चुनाव आयोग को सौंप दी है वहां से मंजूरी मिलते ही सभी प्रचार में जुट जाएंगे।

एक प्रत्याशी होने पर भी मतदान कराने की मांग

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी के समाजसेवक फारूक पठान ने मनपा चुनाव में नामांकन वापस लेने के बाद केवल एक उम्मीदवार शेष रहने पर भी वोटिंग कराने की मांग की है। पठान ने चुनाव निर्णय अधिकारी को पत्र भेजकर यह अनुरोध किया है कि उम्मीदवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, न्यायालय ने 2013 में वोटर्स के लिए 'नोटा' का विकल्प अनिवार्य कर दिया है। 'नोटा' का विकल्प होने के बावजूद किसी उम्मीदवार को निर्विरोध घोषित करना, मतदाताओं को 'नोटा' चुनने के उनके अधिकार से वंचित करने जैसा होगा। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में मतदाताओं को मतदान करने से वंचित नहीं किया जा सकता।

उल्हासनगर के 10 वॉर्डों में उत्तर भारतीय वोटर निर्णायक रोल में

■ अरविंद त्रिपाठी, उल्हासनगर : उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव में इस बार उत्तर भारतीय मतदाताओं की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है। शहर की कुल मतदाता संख्या में करीब 17% प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर भारतीय मतदाताओं की है, जो चुनावी नतीजों की दिशा और दशा तय करने की क्षमता रखते हैं। ये मतदाता मुख्य रूप से धोबी घाट, आजाद नगर, शांति नगर, शहद फाटक, पवई चौक, हीरा घाट, हनुमान नगर, संतोष नगर, पंजाबी कॉलोनी और शास्त्री नगर जैसे इलाकों में बड़ी संख्या में हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: cci Time: 01-05-2026 23:21 Color:

फटाफट खबरें

नाले में गिरे शख्स को पुलिस ने बचाया

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: दहिसर पुलिस ने बोरीवली (ईस्ट) में संजय गांधी नैशनल पार्क के पास देर रात एक नाले में गिरे व्यक्ति को बाहर निकाल लिया। इसके बाद दहिसर पुलिस की टीम उसे कांदिवली के बाबासाहेब आंबेडकर हॉस्पिटल लेकर गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नाले से निकाले गए व्यक्ति के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह कैसे नाले में गिर गया, इसकी जांच जारी है। होश में आने पर पीड़ित का बयान दर्ज किया जाएगा।

लोकल ट्रेन में टीसी पर हमला, एक अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: वडाला-सीएसएमटी स्लो लोकल ट्रेन में टिकट चेकिंग के दौरान टीसी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। वडाला जीआरपी के अनुसार, सेकंड क्लास का टिकट लेकर फर्स्ट क्लास में सफर कर रहे दो युवकों से जब टीसी ने जुर्माना भरने के लिए कहा, तो वे बहस करने लगे। विवाद हिंसा में बदल गया और आरोपियों ने टीसी के साथ मारपीट की। हमले में टीसी धनंजय यादव घायल हो गए। जीआरपी ने एक आरोपी शब्बीर शेख को अरेस्ट कर लिया है। दूसरा आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

महायुति के प्रत्याशियों की निर्विरोध जीत का विपक्ष कर रहा है विरोध

हाई कोर्ट से लेकर चुनाव आयोग तक से विपक्ष ने लगाई गुहार

निकाय चुनाव महा मुकाबला

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

मुंबई महानगरपालिका सहित राज्य की 29 महानगरपालिका के चुनाव में मतदान से पहले ही सत्तारूढ़ गठबंधन के 68 उम्मीदवार निर्विरोध जीत गए हैं। इसे लेकर विरोधी उग्र हो गए हैं। एक तरफ तो उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, दूसरी तरफ चुनाव आयोग से गुहार लगाई है। इस पर बीजेपी के नेता व कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने निर्विरोध जीत को लोकतंत्र के लिए अच्छा बताया है। महानगरपालिका चुनाव में महायुति के 68 उम्मीदवार निर्विरोध चुनकर आए हैं, जिसमें बीजेपी के 44, शिंदे सेना के 22 और एनसीपी (अजित पवार गुट) के 2 उम्मीदवार शामिल हैं।

> बीजेपी के 44, शिंदे सेना के 22 और एनसीपी (अजित पवार गुट) के 2 उम्मीदवार जीते हैं

निर्विरोध जीत के लिए धमकी दीः कांग्रेस

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि चुनावों में निर्विरोध जीत के लिए दबाव बनाया गया, धमकियां दी गई और धन-बल का जमकर इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी महायुति लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। महानगरपालिका के निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों के सिद्धांत से घोर समझौता किया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व अजित पवार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। मतदान से पहले ही खुलेआम धन-बल का खेल चल रहा है। बीजेपी नीत महायुति की सत्ता की भूख लोकतंत्र को निगलने की हद तक पहुंच गई है। उन्होंने मांग की है कि जहां उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं, उस प्रभाग के मतदाताओं को नोटा का विकल्प उपलब्ध कराया जाना चाहिए, ताकि लोग मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार का उपयोग कर सकें।

निर्विरोध जीत की न्यायिक जांच की मांग

NBT रिपोर्ट, मुंबई: आम आदमी पार्टी (आप) के मुंबई डिवीजन के कार्यकारी अध्यक्ष रुबीन मैसक्रिनिस ने कहा है कि जिस तरह से निर्विरोध कैंडिडेट को जिताने का कारोबार हो रहा है, यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। राज्य चुनाव आयोग के अलावा मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच की जरूरत है। अभी अधिकारिक तौर पर किसी निर्विरोध प्रत्याशी को विजेता नहीं घोषित किया गया। इसके बावजूद जीत का जश्न जारी है। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

'इन मामलों की जांच कराई जाए'

निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों के खिलाफ मनसे नेता अविनाश जाधव ने राज्य चुनाव आयोग में गुहार लगाई है और कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया है। जाधव की मांग है कि महानगरपालिका के चुनावों में निर्विरोध चुने गए प्रत्याशियों के मामलों की जांच या तो किसी सेवानिवृत्त हाई कोर्ट जज से कराई जाए या फिर सीधे हाई कोर्ट की निगरानी में हो। साथ ही, उन्होंने कहा कि जब तक जांच पूरी नहीं होती है, तब तक इन प्रत्याशियों को विजेता घोषित नहीं किया जाए।

दफ्तर में चर्चा

मुंबई BJP के महामंत्री पवन त्रिपाठी का दावा, बिना भेदभाव के पार्टी ने बांटे टिकट

'मुंबई का विकास और सुरक्षा ही हमारी प्राथमिकता होगी'

Kaushik Naik

■ मुंबई: 15 जनवरी को बीएमसी चुनाव की वोटिंग से पहले सभी पार्टियों ने प्रचार तेज कर दिया है। ठाकरे बंधुओं के मराठी फर्स्ट के दावे के बीच, बीजेपी मुंबई के विकास और सुरक्षा की गारंटी के साथ आगे बढ़ रही है। युति के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही बीजेपी इस बार मुंबई में महापौर बनाने को दृढ़ संकल्पित नजर आ रही है। बीजेपी की चुनावी रणनीति, उम्मीदवारों के चयन, मुंबईकरों के लिए योजनाओं को लेकर एनबीटी कार्यालय आए मुंबई बीजेपी के महामंत्री पवन त्रिपाठी से एनबीटी टीम ने बातचीत की। पेश है प्रमुख अंश:

Q BMC चुनाव में बीजेपी किस रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है ?

बीएमसी चुनाव में पूरा माहौल महायुति के पक्ष में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई का कायाकल्प किया है, मुंबईकर इसके प्रत्यक्षदर्शी हैं। कोस्टल रोड, अटल सेतु, गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड, मेट्रो का जाल जैसे विकास के मुद्दों पर महायुति चुनाव लड़ रही है। मुंबई का विकास और सुरक्षा हमारा मूल है, जिस पर हम आगे बढ़ रहे हैं।

Q ठाकरे बंधुओं ने घरेलू काम-काज करने वाली महिलाओं को 1,500 रुपये देने के अलावा कई और वादे किए गए हैं, बीजेपी क्या कोई बड़ी घोषणा करेगी ?

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा है कि यह घोषणा पत्र नहीं, बल्कि मुंबईकरों के साथ धोखा है। 25 साल में कोई पांच विकास कार्य उद्धव ठाकरे ने किए हों, वह नहीं बता सकते। ठाकरे बंधुओं को हार साफ दिखाई दे रही है, उन पर मुंबईकरों का विश्वास नहीं है। उद्धव ने फेसबुक से सरकार चलाई। कोविड के दौरान सबसे अधिक मौतें मुंबई में हुईं।

Q ठाकरे बंधुओं ने मराठी-गैर मराठी का मुद्दा उठाया है, इस पर बीजेपी का क्या स्टैंड है ?

फडणवीस ने कहा है कि ठाकरे बंधुओं का कन्फ्यूजन और करप्शन का गठबंधन है। मुंबई में मराठी-गैर मराठी का मुद्दा ही नहीं है। मराठियों को मुंबई से बाहर करने का पाप उद्धव ठाकरे ने किया है। हमने बीडीडी चॉल वालों को घर दिए।

Q बीजेपी पर उत्तर भारतीयों को कम टिकट देने का आरोप लग रहा है ?

इसमें कोई सच्चाई नहीं है। बीजेपी ने 14 उत्तर भारतीयों, 6 राजस्थानियों और 1 पंजाबी समुदाय से उम्मीदवारी दी है। इसके अलावा, गुजराती समाज को भी प्रतिनिधित्व दिया है। पार्टी ने बिना किसी भेदभाव के इलाके की स्थिति और प्रत्याशी की क्षमता को देखते हुए फैसला किया है। कई सीट पर दावेदार बहुत ज्यादा थे, इसलिए सभी को संतुष्ट नहीं किया जा सकता।

Q बीजेपी मुंबईकरों के पास क्या वादा लेकर जा रही है ?

हम वादा करते ही नहीं निभाते भी हैं। हमारा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र होता है। बीएमसी में हमारी सत्ता आने के बाद मुंबई में पार्किंग की समस्या दूर की जाएगी, ओपन स्पेस पब्लिक के लिए उपलब्ध होंगे, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाएगा। हर साल मेट्रो का 140 किमी लंबा जाल बिछाया जाएगा, कोस्टल रोड का विस्तार होगा। गोरेगांव-मुलुंड टनल, बोरीवली-ठाणे के बीच टनल के जरिए यातायात बेहतर किया जाएगा। सभी को समान पानी का संकल्प लेंगे, अच्छे फुटपाथ, बेहतर सड़कें, बढ़िया स्कूल और ट्रैफिक जाम से छुटकारे का संकल्प हम लेकर चल रहे हैं।

Q पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए क्या योजना है ?

मुंबई मायानगरी के साथ धार्मिक नगरी भी है। यहां धार्मिक टूरिज्म विकसित किया जा सकता है। सिद्धिविनायक मंदिर, बाबुलनाथ, मुंबा देवी और महालक्ष्मी मंदिर की दर्शन व्यवस्था को आपस में जोड़कर धार्मिक टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा सकता है।

Q बीएमसी में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की क्या योजना है ?

25 साल में जो भ्रष्टाचार हुए हैं, ऐसे भ्रष्टाचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। कुछ घोटालों में जांच चल रही है। आगे भी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

धुंध के बीच समंदर की सैर



सोमवार की सुबह मुंबई का मौसम ठंडा रहा। इस बीच, कोहरे और धुंध की चादर भी बिछी रही। पर्यटकों ने कश्तियों में सैर कर इस मौसम का लुत्फ उठाया।

टाटा अस्पताल को उड़ाने की धमकी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में सोमवार को सुबह 10:30 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब अस्पताल प्रशासन को धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। ईमेल में दावा किया गया था कि अस्पताल परिसर में बम रखा गया है। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन ने तुरंत मुंबई पुलिस को जानकारी दी। पुलिस की कई टीमें, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंच गए। 3 घंटे की सघन तलाशी के बाद यह धमकी महज अफवाह साबित हुई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> जांच के बाद अफवाह निकला मामला

चुनाव ने बढ़ाया शहर का जायका, वडा-पाव, समोसा, बिरयानी की मांग

Pankaj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई: चुनाव प्रचार ने मुंबई में वडा-पाव, समोसा, पुलाव और बिरयानी की बिक्री को 20 से 25% बढ़ा दिया है। मांग की पूर्ति करने के लिए होटल मालिकों को कर्मचारियों से अतिरिक्त काम कराना पड़ रहा है। चुनाव आयोग की तरफ से उम्मीदवारों की नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही रविवार से चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। वहीं, उम्मीदवारों के प्रचार के लिए कार्यकर्ताओं की भीड़ सड़कों पर नजर आने लगी गई है। उम्मीदवार कार्यकर्ताओं के लिए नाश्ता के तौर पर वडा-पाव, समोसा और खाने में पुलाव, बिरयानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

साकीनाका के भवानी वडा-पाव सेंटर के प्रमुख सरोज गुप्ता के अनुसार, उनके पास सामान्य दिनों की तुलना में 20% अधिक ऑर्डर आ रहे हैं। पार्सल के अधिक ऑर्डर होने की वजह से दो अतिरिक्त लोगों को काम पर लगाना पड़ा है। अंधेरी बिरयानी विक्रेता के अनुसार, उन्हें आगामी एक सप्ताह तक रोजाना 400 पैकेट बिरयानी का ऑर्डर मिला है। नाश्ते के साथ ही चाय की बिक्री भी बढ़ गई है। अंधेरी के एक चाय विक्रेता के अनुसार, पार्टी ऑफिस में पहले जहां कुछ ही लोग पहुंचते थे, अब हर वक्त लोगों की भीड़ जुट रही है। वहीं, उम्मीदवारों ने अलग से प्रचार कार्यालय खोल दिया है। इन कार्यालयों से लगातार चाय के ऑर्डर मिल रहे हैं।

इंडियन होटल ऐंड रेस्टोरेंट असोसिएशन (आहार) के सदस्य के अनुसार, अभी छोटे होटलों को अधिक ऑर्डर मिल रहे हैं। प्रचार की रफ्तार थमने पर होटलों में छोटी-छोटी मीटिंग आयोजित होती हैं, तब बड़े होटलों का भी धंधा बढ़ने लगेगा। अभी उम्मीदवारों का फोकस पद यात्रा कर लोगों के घरों तक पहुंचने का है। कुछ दिन बाद लोगों के छोटे-छोटे समूह को होटल में बुला कर मीटिंग करने का दौर शुरू होगा, तब हमारा भी धंधा रफ्तार पकड़ लेगा।

> कार्यकर्ताओं के खाने का इंतजाम कर रहे हैं पार्टियों के उम्मीदवार

आज और कल रद्द रहेंगी 215 लोकल ट्रेनें, मेल-एक्सप्रेस का भी शेड्यूल बदला



कांदिवली-बोरीवली के बीच जारी है छठी लाइन का काम

कितनी लोकल रहेंगी रद्द

तारीख	अप लाइन	डाउन लाइन
6 जनवरी	46	47
7 जनवरी	63	59

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कांदिवली-बोरीवली सेक्शन पर छठी लाइन के काम को पूरा करने के लिए 30 दिन का ब्लॉक लिया गया है, जो 18 जनवरी तक जारी रहेगा। इसी कड़ी में 6 और 7 जनवरी को 215 लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। मंगलवार को 93 और बुधवार को 122 लोकल ट्रेनों को रद्द करने का फैसला किया गया है। वहीं, कई मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के शेड्यूल में भी बदलाव किया गया है, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, कांदिवली में अप फास्ट लाइन पर पॉइंट नंबर 103 स्थापित करने के लिए 6-7 जनवरी की रात को बड़ा ब्लॉक घोषित किया गया है। अप फास्ट लाइन पर 00:00 बजे से 06:30 बजे तक और डाउन फास्ट लाइन पर 01:00 बजे से 04:30 बजे तक यह ब्लॉक रहेगा। इस कारण कुछ उपनगरीय सेवाएं रद्द रहेंगी, जबकि मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित रहेगा।

> 6-7 जनवरी की रात बड़ा ब्लॉक

अंधेरी में 60 लाख की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अंधेरी (पश्चिम) में एक बंगले से तकरीबन 60 लाख रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। इस मामले में ओशिवरा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात अंधेरी (पश्चिम) के लोखंडवाला के एक बंगले में उस समय हुई, जब परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। बताया जाता है कि घर में एक महिला थी, जिसे आरोपी ने दूसरे कमरे में बंद कर दिया और तिजोरी का ताला तोड़कर घर से नकद रुपये, सोने-चांदी के गहने और कीमती सामान चुरा लिए।

चोरी की घटना की शिकायत मिलने पर ओशिवरा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी मदद से एक संदिग्ध को जाल बिछाकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मनोज राठौड़ के रूप में हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ ओशिवरा, वर्सोवा सहित मुंबई के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में 14 से अधिक चोरी के मामले दर्ज हैं। मनोज अपने गिरोह के साथ लंबे समय से मुंबई के अलग-अलग इलाकों में बंद घरों को निशाना बना रहा था।

> आरोपी पर दर्ज हैं 14 से ज्यादा मामले

MEd प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: राज्य में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट प्रक्रिया की शुरुआत हो गई है। स्टेट सीईटी सेल ने एमपीएड और एमएड कोर्स के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सोमवार से शुरू कर दिया है। इस साल से पहली बार रजिस्ट्रेशन के लिए अपार आईडी और दिव्यांग स्टूडेंट्स के लिए विशिष्ट दिव्यांग पहचान पत्र (यूडीआईडी) अनिवार्य कर दिए गए हैं। सीईटी सेल के मुताबिक, इन दो पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेस के लिए सीईटी रजिस्ट्रेशन 20 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन किया जा सकेगा। इसी के साथ, 2026 की सीईटी की प्रवेश प्रक्रिया का औपचारिक आगाज हो गया है।

> अब अपार ID और UDID होंगे अनिवार्य

जिम के मालिक ने 200 लोगों से की ठगी, 20 लाख रुपये ऐंठे

■ मुंबई: मुलुंड पूर्व के नवघर इलाके में एक जिम के मालिक और डायरेक्टर ने 200 से ज्यादा लोगों से 20 लाख रुपये ठग लिए और फरार हो गए। अचानक जिम बंद होने और ताला लटकने के बाद मेंबरशिप लेने वाले लोग जब पैसे वापस लेने के लिए पहुंचे, तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पीड़ितों ने नवघर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। नवघर पुलिस ने जिम मालिक स्वप्निल निगोत और डायरेक्टर हर्षल सलोखे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, मुलुंड पूर्व में रहने वाले व्यक्ति ने जिम की तलाश शुरू की थी। इस दौरान उन्हें हाल में खुले 'फरेक्स फिट जिम' के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने जिम जाकर सुविधाएं देखीं। अच्छी मशीनें और बड़ा सेटअप देखकर उन्होंने 11,000 रुपये सालाना फीस जमा कर सदस्यता ले ली। इसके बाद उन्होंने अपने दोस्तों को भी जिम की जानकारी दी और कई लोगों ने वार्षिक फीस देकर सदस्यता ले ली। कुछ महीने तक जिम सामान्य रूप से चलता रहा, लेकिन पिछले साल अगस्त में अचानक जिम बंद कर दिया गया। जानकारी मिली कि जिम किराए पर ली गई जगह में चल रहा था और जगह मालिक तथा जिम प्रबंधन के बीच पैसों को लेकर विवाद हो गया था, जिसके चलते जिम बंद कर दिया गया।

> दो आरोपियों पर मामला दर्ज

YCMOU की परीक्षाओं की तारीख आगे बढ़ाने की मांग

निकाय चुनावों को देखते हुए महाराष्ट्र पुरोगामी शिक्षक संघ ने की अपील

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

बीएमसी सहित अन्य मनपा चुनाव के चलते महाराष्ट्र पुरोगामी शिक्षक संघ ने यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय (YCMOU) से 15 जनवरी तक निर्धारित सभी परीक्षाएं रद्द कर उन्हें आगे की तारीखों में आयोजित करने की मांग की है। शिक्षक संघ का कहना है कि चुनाव और परीक्षा एक साथ कराने से व्यवस्था और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होंगी।

शिक्षक संघ का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। इसमें प्रशिक्षण, मतदान, मतगणना और उससे जुड़े अन्य प्रशासनिक कार्य शामिल होते हैं। ऐसे में एक ही समय पर विश्वविद्यालय परीक्षाओं की जिम्मेदारी देना कर्मचारियों पर अत्यधिक मानसिक और शारीरिक दबाव डालता है।

शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष तानाजी कांबले ने कहा कि चुनाव ड्यूटी एक अनिवार्य सरकारी दायित्व है, जिससे किसी भी कर्मचारी को छूट नहीं मिल सकती। यदि इसी अवधि में परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं, तो परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक स्टाफ की कमी, निगरानी में ढिलाई और समय-सारिणी में गड़बड़ी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। संघ ने बताया कि 7 जनवरी से 15 जनवरी के बीच कई परीक्षाएं निर्धारित हैं। यही समय चुनावी गतिविधियों का भी है। शिक्षक संघ के प्रचार प्रमुख युवराज कलशेट्टी ने कहा कि चुनाव और परीक्षा दोनों ही महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं हैं, लेकिन इन्हें एक ही समय में रखना अव्यावहारिक है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMSHIK User: kamlesh.mestry Time: 01-05-2026 23:12 Color:

पेच लड़ाने को तैयार पतंग का बाजार

SL Shanth Kumar

मकर संक्रांति के लिए मुंबई में पतंगों का बाजार सज गया है। रंग-बिरंगी पतंगें आसमान छूने को तैयार हैं। पतंग के बाजार में हर बार कुछ नया होता रहा है। इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' से लेकर चुनावी रंग से सजी पतंगें बिक रही हैं। हालांकि, यह देखना है कि BMC चुनाव में कौन किसकी पतंग काटता है।

'ST में 8 हजार बसें शामिल करें'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: परिवहन मंत्री एवं एसटी महामंडल के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल (एसटी) के बेड़े में 2026 के अंत तक 8 हजार नई बसें शामिल करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि बस खरीदी की टेंडर प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। देरी पर संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

सरनाईक ने कहा कि एसटी के लिए 2,460 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, लेकिन वित्तीय वर्ष के अंतिम तीन महीनों में भी करीब 1,600 करोड़ रुपये खर्च नहीं हो पाए हैं, जो गंभीर स्थिति है।

फर्जी सर्टिफिकेट तैयार कर मोटी कमाई करने वाला हुआ गिरफ्तार

दस्तावेज के लेता था ₹50 हजार से 2 लाख तक

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सहार पुलिस ने 39 साल के प्रथमेश मनियार को मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। वह गुजरात का निवासी है। इमिग्रेशन अधिकारियों को पता चला कि मनियार कथित तौर पर ऐसा रैकेट चलाता था, जो स्कूल छोड़ने वाले उन लोगों को नकली एजुकेशनल सर्टिफिकेट देता था, जो नौकरी ढूंढ रहे हैं या विदेश जाना चाहते थे। इमिग्रेशन ऑफिसर वेंकिटेश कुमार के अनुसार, मनियार पूछताछ काम के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, तो उसे पैसेंजर प्रोफाइलिंग ऑफिसर के सामने पेश किया गया। उसने पुलिस को बताया कि वह स्कूलों और कॉलेजों में लोगों को एडमिशन दिलाने का काम करता है। मनियार के मोबाइल में नकली डॉक्युमेंट्स और सर्टिफिकेट्स की लिस्ट मिली, जिसे वह कथित तौर पर 13 लोगों को देने वाला था। इनमें भोपाल, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश की यूनिवर्सिटी से जारी नकली सर्टिफिकेट्स थे। हर नकली सर्टिफिकेट के लिए वह 50 हजार से 2 लाख रुपये तक लेता था। वह देश के अलग-अलग शहरों और राज्यों में एजेंट्स के साथ नेटवर्क चलाता था। जयपुर, भोपाल, अंबाला और दिल्ली में कई एजेंट्स के जरिए नकली डॉक्युमेंट्स सप्लाई करता था। जामनगर और बड़ौदा में अलग-अलग बैंक अकाउंट्स की जानकारी मिली है। फोन में गुजरात बोर्ड की मार्कशीट, नकली प्रोविजनल सर्टिफिकेट और डिग्री, स्टूडेंट्स के नाम पर तैयार की गई नकली मार्कशीट और एजेंट्स के साथ बातचीत के स्क्रीनशॉट मिले हैं।

शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका की होगी जांच

आरोपी से मिली गुजरात बोर्ड की कथित फर्जी मार्कशीट, एमपी के मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी का प्रोविजनल सर्टिफिकेट-मार्कशीट, अयोध्या के डॉ. लोहिया अवध विश्वविद्यालय से जारी मार्कशीट, छत्तीसगढ़ के आईएसबीएम विवि की मार्कशीट, हिमाचल प्रदेश में अर्नी विवि का डिग्री प्रमाण पत्र, मेरठ के चौधरी चरण सिंह विवि की मार्कशीट सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका की भी पुलिस जांच कर रही है।

कामा में पीड़ित महिलाओं के लिए OSC है तैयार

हिंसा से परेशान महिलाओं को मिलेगी मदद

Suraj.Pandey@timesofindia.com

AI Image

■ मुंबई: कामा अस्पताल में अब 'वन स्टॉप सेंटर' (OSC) तैयार हो चुका है। इस केंद्र के शुरू होने से हिंसा, शोषण या संकट का सामना कर रही महिलाओं को तत्काल और सुरक्षित मदद मिल सकेगी। वन स्टॉप सेंटर का उद्देश्य घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़, बलात्कार, एसिड अटैक या किसी भी प्रकार के शारीरिक और मानसिक शोषण की शिकार महिलाओं को सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। कामा अस्पताल में OSC शुरू होने से पीड़ितों को मेडिकल, कानूनी और मनोसामाजिक सहायता के लिए अलग-अलग जगहों पर भटकना नहीं पड़ेगा। अस्पताल प्रशासन ने इसके लिए पांच बेड आरक्षित किए हैं। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. तुषार पालवे के अनुसार, केंद्र बनकर पूरी तरह तैयार है और बीएमसी चुनाव के बाद इसे औपचारिक रूप से शुरू किया जाएगा।

सेंटर के लिए 5 बेड आरक्षित, BMC चुनाव के बाद होगी शुरुआत

वन स्टॉप सेंटर में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी

इस केंद्र में आपातकालीन और आवश्यक इलाज, फॉरेंसिक जांच, मानसिक परामर्श (काउंसलिंग), पुलिस सहायता, कानूनी सलाह, केस मैनेजमेंट तथा आवश्यकता पड़ने पर अस्थायी आश्रय की सुविधा मिलेगी। 24×7 सहायता व्यवस्था के तहत पीड़िता को तुरंत संरक्षण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता और प्रशिक्षित स्टाफ पूरी प्रक्रिया में पीड़िता के साथ रहकर सहयोग करेंगे।

क्यों और कब शुरू की गई यह योजना

वन स्टॉप सेंटर योजना की शुरुआत वर्ष 2015 में केंद्र सरकार ने 'निर्भया फंड' के तहत की थी। इसका उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों में त्वरित, समन्वित और संवेदनशील सहायता सुनिश्चित करना है। देशभर के जिलों और बड़े सरकारी अस्पतालों में ऐसे केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

TIMES interact — Connecting People Connecting Needs
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

प्रॉपर्टी

मुंबई प्रॉपर्टीज

मुंबई

6 BHK Bungalow to Sell/Rent at Mulund W in a posh gated society. Carpet area 3000+ Sq.ft excluding terrace. Recently renovated. Owner 9819080202

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य रिक्तियां

सेवानिवृत्त व्यक्ति

GREAT-OPPORTUNITY!! to Restart Career in Govt. regd. Co. For Age: 50+, VRS,Retirees, Pensioners,H'wives.Get Good Package+Benefits.: 9820925124

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Meenakshi Avinash Hinge, is legally wedded spouse of No. 14349605P, Rank - Ex HAV(OPR), Name:- Avinash Krishnarao Hinge, residing at D-04, Gulmohar Apartments, Plot No. 52/56, Sector 20, Kharghar, Maharashtra, 410210. I have changed my name from Meenakshi Avinash Hinge to Minakshi Avinash Hinge and date of birth from 01/04/1969 to 30/09/1969 due to erroneously endorsed. Vide affidavit No 5509/2025 dated 12/12/2025.

I,PATEL Bhavnaben Deepabhai Wife of Chaudhary Bharatkumar Bhanabhai r/o Dhanera, Jadi, Banaskantha, Guj-385310 have changed my name from Patel Bhavnaben Deepabhai to Chaudhary Bhavnaben Bharatkumar vide aff. No 58AB838853 dt 05/01/2026 at Nashik

I, Seema spouse of JC - 278408P Sub Sanjay Kumar r/o Vill - Bhaluli, PO& Teh-Sandhole, Distt-Mandi, State HP, PIN - 176090 have change my name and date of birth from Seema - 17/06/1975 to Seema Devi 23/03/1975 vide Affidavit Signed on 4 Dec 2025 by Executive Magistrate, Sandhole-Distt, HP- State.

I, Mohammad Yusuf Mohammed Hanif S/o Mohammad Hanif Shaikh R/o Room no 2, Jamat meghraj chawl, Sambhaji path near datta mandir Chirag Nagar ghatkopar w Mumbai 400086 have changed my name to Yusuf Hanif Shaikh

I,SUSHEELA Mother of Lakshmi Narayana D r/o Kolihalli, Hirehalli, Tumkar, Karnataka-572104 have changed my name from Susheela to Sushilamma vide aff. No 58AB838864 dt 05/01/2026 at Nashik

I VINOTH KUMAR G have changed my son's name from MAHATHESH V to V THARSHAN vide aff No.58AB248958 dt.01/01/2026

I HAVE CHANGED MY NAME FROM MR. FULKAR VIKAS NARAYAN TO MR. VIKAS NARAYAN PHULKAR AS PER AFFIDAVIT.

I,RAM Pukar Roy Father of Navin Kumar Roy r/o Ward No 01, Dih tabhaka, Samastipur, Bihar-848114 have changed my name from Ram Pukar Roy to Ram Pukar Rai vide aff. No 58AB838850 dt 05/01/2026 at Nashik

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

TIMES interact SPECIAL

Bangalore Microbrewery & Restaurant FOR SALE
Prime Location, Fully operational restaurant available for immediate sale.
Key Features:
- Established craft brewing – dining setup with strong revenue.
- Excellent organic Instagram followers for instant customer pull.
- All licenses, assets included – turnkey opportunity.
Call 77958 99163

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

9 महीनों में 91 हजार बेटिकट यात्रियों ने की WR के AC लोकल में यात्रा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : अपने यात्रियों की बेहतर यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम रेलवे ने बेटिकट यात्रियों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, अप्रैल से दिसंबर 2025 की अवधि के दौरान (9 महीने में) बेटिकट यात्रियों से 155.46 करोड़ रुपये की रकम जुर्माने के रूप में वसूली की गई है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 49% अधिक है। इस राशि में मुंबई उपनगरीय खंड से 41.26 करोड़ रुपये की कुल वसूली शामिल है। अवैध तरीके से एसी लोकल में यात्रा करने पर अप्रैल से दिसंबर 2025 की अवधि के दौरान लगभग 91 हजार यात्रियों पर जुर्माना लगाया गया और 2.97 करोड़ की रकम जुर्माने के रूप में वसूल की गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 97% अधिक है।

केवल दिसंबर में ही 2.51 लाख मामलों की पहचान की गई, जिससे 15.54 करोड़ रुपये की राशि वसूल की गई, जो पिछले वर्ष के दिसंबर की तुलना में लगभग 42% अधिक है। इसके अलावा, दिसंबर 2025 के दौरान पश्चिम रेलवे ने 92 हजार मामलों की पहचान कर 3.95 करोड़ रुपये की जुर्माना राशि वसूल की। एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए नियमित रूप से औचक टिकट चेकिंग अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

₹29 लाख का सोना लेकर दो कारीगर फरार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पायधुनी इलाके की जूलरी फैक्ट्री से 29 लाख रुपये का सोना चुराने का दो कारीगरों पर आरोप लगा है। फैक्ट्री मालिक सुब्रतो भूतनाथ पॉल की शिकायत पर पायधुनी पुलिस स्टेशन में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मामला

एफ आई आर के अनुसार, सुब्रतो दिवा में रहते हैं और मस्जिद बंदर इलाके में जूलरी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट चलाते हैं। उनकी फैक्ट्री में राजू बरबेरा और चंदू राय कारीगर थे। नवंबर में दोनों को जूलरी बनाने के लिए 212 ग्राम सोना दिया गया था, जिसकी मौजूदा कीमत 29 लाख रुपये है। सोना लेकर दोनों फैक्ट्री से चले गए और जूलरी बनाकर लौटाने का वादा किया। हालांकि, दोनों लौटकर नहीं आए।

महारेरा का बोझ न हुआ कम, 6,916 केस पेंडिंग

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : महाराष्ट्र रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (महारेरा) की तमाम प्रयास के बाद भी रेरा के पास से पेंडिंग केस का बोझ कम नहीं हो रहा है। रेरा के पास पेंडिंग केस की संख्या 6,916 तक पहुंच गई है। 2025 में रेरा के पास 5,039 नए केस दर्ज हुए थे, जबकि इस साल 6,945 मामलों का निपटारा किया गया है। रेरा ने पिछले साल सभी मामलों का जल्द निपटारा करने का ऐलान किया है। लेकिन इन प्रयास के बावजूद पेंडिंग केस की संख्या रेरा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है। 2023 में रेरा के पास 4,000 केस और 2024 में 3880 केस दर्ज हुए, जबकि 2023 में 2,784 और 2024 में 3,824 मामलों का निपटारा हुआ था। रेरा के अनुसार, सभी मामलों का जल्द निपटारा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाया जा रहा है। केस दर्ज होने के एक से दो महीने के भीतर मामलों की सुनवाई शुरू कर दी जा रही है।

गार्ड ने रिवॉल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या

■ NBT रिपोर्ट, कांदिवली: अंधेरी में कार्यरत एक सुरक्षाकर्मी ने कांदिवली (पूर्व) स्थित अपने घर में लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 45 वर्षीय प्रभाकर ओझा के रूप में हुई है।

अंधेरी में तैनात था गार्ड, लेकिन घर में की खुदकुशी

पुलिस के अनुसार, प्रभाकर अंधेरी में सुरक्षाकर्मी के रूप में काम करता था। वह कांदिवली (पूर्व) के पोईसर स्थित बिहारी टेकड़ी इलाके में परिजन के साथ रहता था। घटना के समय वह घर पर अकेला था, जहां उसने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। समता नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भगवती अस्पताल भेज दिया। सीनियर पीआई जयवंत शिंदे ने बताया कि इस मामले में समता नगर पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (ADR) दर्ज कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

बुलेट ट्रेन का स्टॉप वर्क नोटिस BMC ने लिया वापस

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ मुंबई: वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए बीएमसी द्वारा जारी किए गए नए नियम को अमल में लाने के लिए बीएमसी के उपायुक्त अविनाश काटे ने कंस्ट्रक्शन साइट का दौरा किया। इसके साथ ही बीएमसी प्रशासन ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में बंद हुए बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का स्टॉप वर्क नोटिस वापस ले लिया। बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले तीन दिनों में बुलेट ट्रेन के ठेकेदार ने नियमों का पालन किया है। इसके साथ ही उन्हें दिए गए आदेश, जिसमें सड़क की सफाई करना जरूरी था, उसे भी ठेकेदार ने पूरा किया है। इसके बाद हमने स्टॉप वर्क नोटिस वापस ले लिया।

जानकारी के अनुसार, बीएमसी ने हाल ही में AQI के लिए नए नियम लागू किए हैं। इसके तहत एक हद तक निर्माणाधीन स्थल के पास तय सीमाओं तक रोड की सफाई का जिम्मा भी निर्माणकार्य कर रहे ठेकेदार का होगा। इसी के तहत बीएमसी के पर्यावरण विभाग के उपायुक्त अविनाश काटे ने कई कंस्ट्रक्शन साइट का दौरा किया। पर्यावरण विभाग से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उपायुक्त ने 6 से 7 साइट का इंस्पेक्शन किया। इंस्पेक्शन में लगभग सभी के द्वारा नियमों का पालन किए जाने की बात सामने आई। अधिकारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य काम बंद कराना नहीं, बल्कि बीच का रास्ता निकालना है, ताकि न काम बंद हो और न ही पर्यावरण को क्षति पहुंचे।

क्या है नई गाइडलाइंस?

NBT के मौजूद दस्तावेज के अनुसार, कंस्ट्रक्शन साइट के आकार के अनुसार सफाई की जिम्मेदारी तय की गई है। 4,000 वर्ग मीटर तक के निर्माण स्थलों को साइट के दोनों ओर 100 मीटर तक सड़क की सफाई करनी होगी। 4,000 से 10,000 वर्ग मीटर तक के प्रोजेक्ट्स के लिए यह दायरा 200 मीटर और 10,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाली साइट्स को 500 मीटर तक दोनों तरफ की सड़कें साफ रखनी होंगी।

SOCIAL EVENT

एकल श्रीहरि वनवासी विकास ट्रस्ट, मुंबई

देश के 9 करोड़ वनवासी बंधुओं को संस्कार शिक्षा के माध्यम से विकास की मुख्य धारा में शामिल करने हेतु इस बार



श्री रामकथा

परम पूज्य श्री विजय कौशलजी महाराज की रसमयी वाणी में

मुख्य यजमान : श्री रामअवतारजी एवं गायत्रीदेवी मोदी

4 से 10 जनवरी 2026, दोपहर 3 से 6 बजे
11 जनवरी 2026, सुबह 10 से 1 बजे

कथा स्थल: विष्णु हनुमान पार्क, बांगुर नगर गोरेगांव - पश्चिम, मुम्बई

श्रीहरि रथ लोकार्पण
श्रीहरि रथ प्रायोजक: श्रीमती मंजू विजय केडिया

आज की कथा : श्रीराम विवाह
॥ उत्सव यजमान ॥
श्रीमती मंजू सुरेश खण्डेलिया

प्रमुख सहयोगी : श्री मुकुल अग्रवाल, श्री मधुसूदन माहेश्वरी, श्री कन्हैयालाल मूंधड़ा, श्री रमाकांत टिबरेवाल, श्री कृष्ण कुमार चोखानी, श्री अरुण कुमार चोखानी, श्रीमती किरण खेरूका

सौजन्य : मंजू अजयकुमार मारू

BOOK YOUR RECRUITMENT ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Faridi 9594 343 468 | Jitesh Dominic 9867 407 521
To Book Online Log on To Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

BOOK YOUR BUSINESS ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Afridi 9594 343 468 | Jitesh Dominic 9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

NBT स्मृति — यादों के चिराग

आकस्मिक निधन

॥ वैकुण्ठवास ॥

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी प्रिय
श्रीमती संध्या विरेंद्र अग्रवाल
का वैकुंठवास दिनांक 04-01-2026 को हो गया है।

प्रार्थना सभा
मंगलवार, दि. 06-01-2026
सुबह 11 बजे से 12 बजे
सभा स्थल : डयून्स रेसिडेंसी हॉल, दुनेठा, नानी दमण - 396210

-: शोकाकुल :-
सास: कृष्णादेवी गोपीचंद अग्रवाल
पति: वीरेंद्र गोपीचंद अग्रवाल
पुत्र-पुत्रवधू: कुणाल-रिंकी अग्रवाल
पुत्री-दामाद: आयुषजी-चंचल अग्रवाल, जिग्नेशजी-पूजा दमणिया
पौत्र-पौत्री: कियान, अविका, लिया
जेठ-जेठानी: योगेन्द्र-सुधादेवी अग्रवाल
भतीजा-भतीजीबहू: कल्पेश-रिद्धिम अग्रवाल
ननंदोई-ननंद: मुरलीलालजी-मधु अग्रवाल
भतीजी-दामाद: नीता-राहुलजी अग्रवाल, हेतल-गौरवजी मेहता एवं समस्त अग्रवाल परिवार (दमण) और खुरांटी परिवार (आगरा)
फर्म: अग्रवाल जनरल स्टोर व श्रीजी शॉपिंग मार्ट (दमण) 9510962144/7069622668
मायका पक्ष:
भाई भाभी: पवन कुमार-कविता अग्रवाल
भतीजा-भतीजीबहू: अतुल-दृष्टि अग्रवाल
फर्म: अग्रवाल टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज, मुंबई

| तृतीय पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धांजलि |

राजस्थान सरकार द्वारा भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित
भामाशाह
श्रीमती सीतादेवी मालपानी
06.01.1939 – 06.01.2023
धर्मपत्नी स्व. सत्यनारायणजी मालपानी (लोसल निवासी)

गहरी छाँव है गर जिंदगी तो धूप है
धरा पर कब कहाँ तुझसा कोई स्वरूप है
माँ

-: श्रद्धानवत् :-
पुत्र–पुत्रवधु: श्रीप्रकाश–सुशीला, कैलाशप्रसाद–अरुणा
पौत्र–पौत्रवधु: दीपक–श्रुति, अभिषेक–प्रियांजली एवं आशुतोष–विशाखा
परपौत्री: किआरा एवं परपौत्र–अगस्त्य
पुत्री–जमाई: उषा–रामकुमारजी मुंदड़ा
पौत्री–जमाई: निधि–विपुलजी महेश्वरी
दौहित्री–जवाई: इशिता–जनकजी राठी
दौहित्र–दौहित्र वधु: आदित्य–रुचिका
परदौहित्र–दौहित्री: रिद्धिमन एवं हरिणी महेश्वरी एवं समस्त मालपानी परिवार

स्मृति सन्देश

सातवीं पुण्यतिथि

श्रीमती तारादेवी दाधिया
29.04.1929–06.01.2019
पत्नी स्व. श्री जगलाल जी दाधिया, मुंबई (सादड़ी राज.)
आपकी स्मृति में:
पुत्र: कैलाश चन्द दाधिया, गोपाल चन्द दाधिया, रमेश चन्द दाधिया, उषा दलानी (दाधिया) एवं वीर दाधिया व दाधिया परिवार
Synthiko Group of Company

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: cci Time: 01-05-2026 23:07 Color:

फटाफट खबरें

तेज रफ्तार स्कूटी से गिरकर वृद्धा की मौत

■ NBT न्यूज, वसई : मानिकपुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के पंचवटी ब्रिज पर रविवार को एक तेज रफ्तार स्कूटी पर पीछे बैठी वृद्धा की स्कूटी से गिरकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वसई (ईस्ट) नवघर स्थित 'दीवान अपार्टमेंट' निवासी श्रेसी थॉमस थरईल (62) रविवार को श्रेसी रमेश नाहार (22) के साथ स्कूटी पर पीछे बैठकर घर जा रही थीं। जैसे ही वह पंचवटी ब्रिज के पास पहुंचीं, तभी थरईल स्कूटी से नीचे गिर गईं। उनके सिर पर गंभीर चोटें लगने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने हादसे की वजह स्कूटी की रफ्तार बताई है।

पिकअप वैन की चपेट में आए युवक की मौत

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : पेल्हार पुलिस स्टेशन क्षेत्र के धानिवबाग इलाके में एक पिकअप वैन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार धानिव बाग स्थित सिद्धि विनायक चॉल निवासी बदई प्रभु कुहार (30) रविवार शाम धानिवबाग स्थित रेलवे ब्रिज, भागवत बिल्डिंग के पास खड़े थे। इसी दौरान वहां पर एक पिकअप वैन चालक ने तेज रफ्तार में वैन को पीछे किया और उसकी चपेट में आने कुहार की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने आरोपी चालक सहब लाल यादव को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

भाईंदर में 9 दिवसीय 'श्रीराम कथा' संपन्न

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर: भाईंदर (वेस्ट) स्थित 'श्रीराम कुटीर' में श्रीसालासर धाम परिवार, भाईंदर द्वारा आयोजित 9 दिवसीय 'श्रीराम' कथा में जोधपुर से पधारे संतश्री मुरलीधरजी महाराज की अमृतमयी वाणी से श्रद्धालुओं श्रीराम कथा का रसपान किया। महाराजजी ने भगवान श्रीराम के वनगमन प्रसंग, निषादराज से भेंट, लक्ष्मण गीता और राम गीता का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि साधु का उद्देश्य साधक को भगवान से जोड़ना होता है। रामचरितमानस जीवन जीने की सच्ची कला सिखाती है। कथा के अंतिम दिन महाप्रसाद वितरण और महाभंडारा आयोजित किया गया।

महंगे सपनों की सस्ती हकीकत

चुनाव में मतदाताओं को लोभ-लालच और विकास का झूठा आश्वासन

■ सुरेंद्र नेगी, वसई

आलीशान घर खरीदकर बिना मूलभूत सुविधाओं के रहना कितना कठिन होता है, यह नायगांव के रहिवासी अच्छी तरह जानते हैं। सड़क, गटर, पानी, रास्ता और यातायात जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां के लोग महंगे घरों में रहकर भी बदहाल जिंदगी जीने को मजबूर हैं। सरकारें बदलीं, जनप्रतिनिधि बदले, लेकिन नायगांव की तस्वीर नहीं बदली।

गगनचुंबी इमारतों तक पहुंचने के लिए न तो ढंग की सड़कें हैं और न ही पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन। काम पर जाने और लौटने के समय ऑटो रिक्शा नहीं मिलने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। सड़कों की हालत जर्जर है, कई जगह गटर नहीं हैं, जिससे इमारतों का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। पीने के पानी की भी भारी किल्लत है। विकास कार्य बेहद धीमी गति से चल रहे हैं।

नागरिकों का कहना है कि मनपा चुनाव नजदीक आते ही जनप्रतिनिधि वोट मांगने आ रहे हैं। विकास के झूठे वादे शुरू हो गए हैं। मजबूरी और बेबसी के बीच लोगों को आज भी बुनियादी सुविधाओं का इंतजार है। उनका कहना है कि नायगांव तेजी से विकसित हो रहा है, लेकिन घर खरीदने वालों को वे सुविधाएं नहीं मिल रहीं, जो उनका मौलिक अधिकार है। पिछले दस वर्षों से लोग इन्हीं समस्याओं से जूझ रहे हैं।

तेजी से बढ़ी आबादी, सुविधाएं नदारद

एक दशक पहले नायगांव को वसई-विरार का पिछड़ा इलाका माना जाता था, लेकिन जैसे-जैसे बिल्डरों ने ऊंची इमारतें खड़ी कीं, वैसे-वैसे आबादी बढ़ती गई। आज यहां की आबादी करीब ढाई लाख तक पहुंच चुकी है। बावजूद इसके सड़क, गटर, पानी, अस्पताल और यातायात जैसी मूलभूत सुविधाएं अब भी नदारद हैं। मनपा की ओर से बजट प्रस्तावित होने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जनता को अगले पांच सालों तक कोई आशा नजर नहीं आती है।

धीमी रफ्तार से चल रहे विकास कार्य

नायगांव पूर्व में जूचंद्र और टिवरी फाटक पर महारेल (MRIDC) द्वारा ब्रिज निर्माण का काम चल रहा है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह कार्य बेहद धीमी गति से हो रहा है। सड़कों पर मिट्टी और मलबे के ढेर लगे हैं। जूचंद्र स्टेशन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों के कारण फाटक बंद रहने से लोगों को काफी देर तक रुकना पड़ता है, जिससे इमरजेंसी सेवाएं भी प्रभावित होती हैं।

सड़कों की बदहाली और गंदगी अपरंपार

मुंबई-अहमदाबाद हाइवे से नायगांव जाने वाली मुख्य सड़क, जूचंद्र, वाकीपाड़ा, टिवरी रोड और परेरा नगर की सड़कें वर्षों से बदहाल हैं। यहीं अधूरा छोड़ा गया कंक्रीटीकरण काम परेशानी बढ़ा रहा है। उड़ती धूल से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। सड़कें खस्ताहाल होने से यहां रोजाना हादसे होते हैं। अपरंपार गंदगी से यहां लोगों का चलना मुहाल है।



गंदगी से जीना मुहाल

~~जूचंद्र, टिवरी, सोमेश्वर नगर,~~ वाकीपाड़ा, काजू प्लॉट और बापने क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति भी गंभीर है। स्थानीय निवासी अजय मिश्रा ने बताया कि कचरे उठाने वाली गाड़ी हफ्ते में एक बार आती है, जिसकी वजह से कचरा पड़े पड़े सड़ जाते हैं। उससे तेज बदबू आने लगती है।

नेरुल में शुरू हुई इलेक्शन हेल्प डेस्क

K.K.Choudhary

सोमवार को नवी मुंबई के नेरुल स्थित आगरी-कोली भवन में चुनाव आयोग ने मनपा चुनाव के लिए मतदान एजेंटों, पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के लिए हेल्प डेस्क शुरू किया है। यहां विभिन्न प्रभागों से जुड़ी जानकारी और चुनाव प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

भिवंडी उपजेल में आरोपी ने पुलिसकर्मी पर किया हमला

आरोपी ने CCTV तोड़कर फैलाई दहशत

■ NBT न्यूज,भिवंडी : भिवंडी उपजेल में सीसीटीवी कैमरों की तोड़फोड़ कर एक आरोपी ने पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। मुंब्रा निवासी आरोपी फैजान इस्लाम शेख (25) के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। एक अपराध में गिरफ्तार आरोपी को भिवंडी की उपजेल में रखा गया था। उसने वहां लगे सीसीटीवी कैमरों और बल्ब को तोड़ दिया। ड्यूटी पर तैनात हवलदार सचिन जगताप (49) ने उसे रोकने की कोशिश की, तो आरोपी ने जगताप का कॉलर पकड़कर गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

यह घटना भिवंडी तालुका ग्रामीण पुलिस स्टेशन के पास स्थित उपजेल में सुबह करीब 10:30 बजे हुई है। मामले में शांतिनगर पुलिस स्टेशन में आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड़ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी फैजान के विरुद्ध पहले से ही धारा- 353 के तहत मामला दर्ज था। कोर्ट के आदेश के बाद उसे भिवंडी तहसील कार्यालय परिसर स्थित उपजेल की पुलिस कस्टडी में रखा गया था। इस घटना के बाद हवलदार सचिन जगताप की शिकायत पर आरोपी फैजान के विरुद्ध बीएनएस की धारा 132, 352, 351 (2) के तहत मामला दर्ज किया है।

ठाणे बना राज्य का सबसे बड़ा ड्रग्स पैडलिंग अड्डा: राऊत

शिवसेना (UBT), MNS, NCP (SP) का संयुक्त घोषणा-पत्र जारी

निकाय चुनाव
महा मुकाबला

■ NBT न्यूज, ठाणे : शिवसेना (UBT) के प्रवक्ता और सांसद संजय राऊत ने सोमवार को आरोप लगाया कि ठाणे राज्य में नशे के कारोबार का सबसे बड़ा अड्डा बन गया है। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर हमला बोलते हुए राऊत ने कहा कि ठाणे में सीएम हुए, डीसीएम हैं और एक मंत्री भी हैं। इसके बावजूद शहर में कानून-व्यवस्था नहीं रह गई है। अपराध, हफ्ता वसूली, गुंडागर्दी बढ़ गई है। सोमवार की शाम राऊत ने शिवसेना (UBT), MNS और NCP (SP) का संयुक्त घोषणा-पत्र जारी किया। इस अवसर पर राजन विचारे, केदार दिघे, अविनाश जाधव, अभिजीत पानसे आदि मौजूद थे।

चुनावी घोषणा-पत्र में अगले 25 साल के ठाणे को ध्यान में रखते उसे सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने, AQI सुधारने, ट्रैफिक मुक्त, अतिरिक्त 531 एमएलडी पानी मुहैया कराने, डिसैलिनेशन प्लांट बनाने, अस्पताल में अधिक सुविधा उपलब्ध कराने, अधिक से अधिक रोजगार और सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध कराने आदि पर जोर दिया गया है।

राऊत ने कहा कि नशे के कारोबार का तार ठाणे से सातारा तक जुड़ा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास गृह विभाग है, लेकिन पुलिस सिर्फ उम्मीदवारों को डराने, धमकाने में लगी है। पुलिस की सुरक्षा में रहकर सत्तासीन गलत काम कर रहे हैं। पुलिस 15 मिनट के लिए हटाकर देखे, तो हम उन्हें उनकी औकात दिखा देंगे।

चुनावी ट्रेनिंग: गैरहाजिर कर्मियों पर होगी FIR

■ NBT न्यूज, भिवंडी : मनपा चुनाव के लिए चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की ट्रेनिंग का सेकंड सेशन 6 और 7 जनवरी को होना है। मनपा आयुक्त एवं चुनाव अधिकारी अनमोल सागर ने कहा है कि जो कर्मचारी इस ट्रेनिंग सेशन में गैरहाजिर रहेंगे, उनके खिलाफ पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज कराई जाएगी। बता दें कि चुनावी ट्रेनिंग के पहले सेशन में 286 कर्मचारी गैरहाजिर थे। मनपा सूत्रों के अनुसार चुनावी ट्रेनिंग के पहले सेशन में गैरहाजिर कर्मचारियों को चुनाव विभाग ने नोटिस जारी की है। मनपा आयुक्त ने कहा है कि चुनावी ट्रेनिंग का सेकंड सेशन कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण है, जिसकी तैयारियां हो चुकी हैं। इसमें लापरवाही या गैरमौजूदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसकी अधिकारिक प्रविष्टि संबंधित कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में दर्ज करने के लिए उनके विभागों को आदेश दिया जाएगा।

कार्यकर्ता कमर कस लें: MLA चौघुले

■ NBT न्यूज, भिवंडी : बीजेपी विधायक महेश चौघुले ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 15 जनवरी तक सक्रिय रहने को कहा है। उन्होंने कामतकर ओसवालवाडी में प्रभाग-21 से महायुति के शिवसेना उम्मीदवारों मनोज काटेकर, वंदना काटेकर, संदीप भोईर एवं वनिता भगत के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने लोगों से चुनाव में बढ़चढ़ हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान प्रकाश पाटील, रुपेश म्हात्रे आदि मौजूद थे।

3 शातिर चेन स्नैचर अरेस्ट, लाखों का माल बरामद

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : नवी मुंबई और आसपास महिलाओं के गले से सोने के गहने झपटकर फरार होने वाले गिरोह के 3 शातिर चोरों को नवी मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने अरेस्ट किया है।

पूछताछ में 4 वारदातों का हुआ खुलासा

चेन स्नैचिंग की कई घटनाएं पनवेल शहर, कामोठे और खारघर पुलिस थाना क्षेत्र में दर्ज हुई थीं, जिसके बाद अपराध शाखा ने जांच शुरू की।

पुलिस टीम ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी के जरिए आरोपियों की पहचान की। मानखुर्द इलाके से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद शफीक हनीफ शाह (28), विवेक विश्वनाथ सोनार (25) और आदर्श हरिसिंह दर्जी (25) शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 9 लाख 93 हजार 500 रुपये कीमत का चोरी का सोना और अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस ने ढूंढी 35 लाख की जूलरी

■ NBT न्यूज, वसई : वसई पुलिस ने एक महिला की 35 लाख की जूलरी CCTV के जरिए खोज निकाली। गिरिज गांव निवासी लिनेट अल्मेडा (42) ने 2 जनवरी को बैसिन कैथलिक बैंक की वसई शाखा से लॉकर में रखी जूलरी निकाल स्कूटी की डिक्की में रखी। शॉपिंग के बाद घर पहुंचने पर डिक्की से जूलरी गायब थी। शिकायत पर पुलिस ने CCTV खंगाले, तो अल्मेडा को बगल में पार्क की स्कूटी की डिक्की में जूलरी रखते देखा। स्कूटी नंबर के आधार पर पुलिस वहां पहुंची और जूलरी बरामद कर अल्मेडा को सौंप दिया।

स्टेट अपडेट

'पुणे को वित्तीय मदद मिली, पर विकास नहीं'

■ भाषा, पुणे : उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने दावा किया, पुणे को केंद्र व राज्य से भारी वित्तीय मदद मिली, लेकिन स्थानीय नेता इसका इस्तेमाल शहर के सार्थक विकास के लिए करने में विफल रहे। पवार ने पुणे नगर-निगम के चुनावों से पहले रविवार को बनेर क्षेत्र में एक रैली में कहा, यह विफलता शहर के नेतृत्व में बदलाव को रेखांकित करती है। शहर में पानी, सड़क व शहर की बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति जैसे मुद्दों का जिक्र करते हुए पवार ने कहा, इन समस्याओं को हल करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है।

हर जगह ढूंढा, घर में मिला पुलिसकर्मी का शव

■ आईएएनएस, छत्रपति संभाजीनगर : छत्रपति संभाजीनगर जिले में एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पुलिसकर्मी की हत्या कर उसके शव को जमीन में दफना दिया गया। यह घटना वैजापुर तालुका के बल्हेगांव गांव की है। जिस व्यक्ति की हत्या हुई है उनका नाम नानासाहेब रामजी दिवेकर बताया गया है। वह बल्हेगांव का रहने वाला था और देवगांव रंगारी पुलिस स्टेशन में तैनात था। पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। शुरुआती जांच में यह मामला सुनियोजित हत्या का बताया जा रहा है। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

परभणी जैसे शहरों के लिए खास योजना: CM

■ पीटीआई, छत्रपति संभाजीनगर : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा, सरकार ने परभणी जैसे शहरों में निवेश आकर्षित करने के लिए ज्यादा इंसेंटिव वाली एक अलग योजना बनाई है। एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, परभणी को उभरते शहरों की सूची में जोड़ा गया है। इस नई योजना के जरिए हम यहां आने वाली इंडस्ट्रीज को अतिरिक्त इंसेंटिव देंगे। इससे परभणी में बड़ी संख्या में निवेश आकर्षित होगा। उन्होंने कहा, यहां एक इनक्यूबेशन सेंटर के लिए टाटा ट्रस्ट के साथ एक समझौता किया गया है।

BJP ने 22 कार्यकर्ताओं को पार्टी से निकाला

■ पीटीआई, छत्रपति संभाजीनगर : छत्रपति संभाजीनगर में नगर-निगम चुनावों से पहले पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए BJP ने 22 कार्यकर्ताओं को पार्टी से निकाल दिया है। वहां कुछ पार्टी कार्यकर्ता उम्मीदवारों की घोषणा से नाराज थे। BJP के जिला अध्यक्ष किशोर शितोले ने मीडिया से साझा किए गए एक पत्र में कहा, पार्टी ने एक मीटिंग की और रविवार को 22 कार्यकर्ताओं की सदस्यता रद्द करने का फैसला किया है। पार्टी से निकाले गए कार्यकर्ताओं में से 11 शिवसेना और 4 एनसीपी में शामिल हो गए हैं।

सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 3 आरोपी पुलिस गिरफ्त में

तुर्भे के लॉज में चल रहा था देह व्यापार

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : तुर्भे नाका स्थित एक लॉज में चल रहे देह व्यापार के अड्डे पर पुलिस ने छापा मारकर देह व्यापार में फंसी 7 महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं, इस अवैध धंधे से जुड़े 3 आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। एक आरोपी फरार है, उसकी तलाश जारी है।

ह्यूमन ट्रैफिकिंग विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पृथ्वीराज घोरपड़े को गुप्त सूचना मिली थी कि तुर्भे नाका स्थित एक लॉज में ग्राहकों से मोटी रकम वसूल कर महिलाओं से देह व्यापार कराया जा रहा है। पुलिस ने पूरी योजना के साथ एक नकली ग्राहक को लॉज में भेजा। संकेत मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा, जहां 7 महिलाएं देह व्यापार के लिए रखी गई थीं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने लॉज मैनेजर अजय कैलास गोस्वामी, महिला सप्लायर किशोर पूर्णचंद्र साहू और वेटर अजयकुमार हीरालाल साव को मौके से गिरफ्तार किया। वहीं, लॉज संचालक करणकर शेट्टी फरार हो गया, जिसे मामले में वांछित आरोपी घोषित किया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी आपस में मिलीभगत कर महिलाओं को लॉज में रखकर ग्राहकों को दिखाते थे और उनसे देह व्यापार करवाया जाता था। मामले में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 और अनैतिक व्यापार प्रतिबंधक कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 2 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 01-05-2026 22:22 Color:

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । मुंबई । मंगलवार, 6 जनवरी 2026

जब अन्याय कानून बन जाए, तो प्रतिरोध करना कर्तव्य बन जाता है।
थॉमस जेफरसन, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति

बेलगाम अमेरिका

दुनियाभर में दर्जनों संघर्ष रुकवाने के सैकड़ों दावे कर चुके अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप खुद ही वैश्विक तनाव को भड़का रहे हैं। वेनेजुएला के बाद अमेरिका की ओर से ग्रीनलैंड को लेकर जो मेसेज आया है, वह दुनिया की शांति और स्थिरता के लिए खतरा है। इससे तो अंतरराष्ट्रीय कानून, यूएन चार्टर और देशों की संप्रभुता का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

कड़ी प्रतिक्रिया । ट्रंप प्रशासन में डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर की पत्नी केटी मिलर ने एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में दिखाया गया है। इसके साथ लिखा था - जल्द। स्टीफन को ट्रंप के चहेते लोगों में गिना जाता है, जबकि केटी खुद भी ट्रंप के पहले कार्यकाल में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में रह चुकी हैं। ऐसे में उनके ट्वीट पर डेनमार्क और ग्रीनलैंड की तरफ से स्वाभाविक ही कड़ी प्रतिक्रिया आई।

केटी का भड़काऊ मेसेज

कानूनों का उल्लंघन । किंगडम ऑफ डेनमार्क के तहत आने वाले ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप की महत्वाकांक्षा पुरानी है। वह कई मौकों पर खुलेआम कह चुके हैं कि उन्हें अमेरिका की सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड चाहिए। ऐसे में केटी मिलर की तरफ से आ रहे ऐसे आपत्तिजनक मेसेज उसी का नतीजा हैं।

रेयर अर्थ पर नजर । ट्रंप पूरी दुनिया को एक कारोबारी की नजर से देख रहे हैं। उन्हें वेनेजुएला चाहिए, क्योंकि वहां तेल के भंडार हैं और ग्रीनलैंड चाहिए, क्योंकि वहां रेयर अर्थ का खजाना है। यही एक चीज है, जिसने अमेरिका को चीन के साथ ट्रेड वॉर में टिकने नहीं दिया। पिछले साल जब ट्रंप ने टैरिफ बढ़ाया, तो चीन ने जवाब में रेयर अर्थ मिनरल्स की सप्लाई रोक दी थी। थक-हारकर अमेरिका को वार्ता की मेज पर आना पड़ा। आज दुनिया की जरूरत का 90% रेयर अर्थ चीन से आता है और अमेरिका की टेक-ऑटो-डिफेंस इंडस्ट्री इसकी मोहताज है।

दोस्तों को नुकसान । ट्रंप इसे लेकर चीन का दबदबा कम करना चाहते हैं, लेकिन चोट अपने साथियों को पहुंचा रहे हैं। दूसरी बार सत्ता संभालते ही उन्होंने पड़ोसी कनाडा को अमेरिका का एक राज्य बनाने की इच्छा जाहिर की थी। फिर यूरोप को लेकर नीतियां बदलीं। जिस डेनमार्क को लेकर उनका स्टाफ आक्रामकता दिखा रहा है, वह खुद नैटो का सदस्य है और अमेरिका की जिम्मेदारी है उसकी सुरक्षा करना।

दांव पर साख । इस तरह के मेसेज केवल बातों तक सीमित नहीं रहते, उनका गहरा कूटनीतिक असर पड़ता है। अमेरिका वह नैतिकता खोता जा रहा है, जिससे रूस को यूक्रेन में और चीन को ताइवान के विलय से रोके।

ऐवें कुछ भी

कहानियों की दुकान

कहते हैं दुनिया में कुल 7 कहानियां हैं। इन्हीं को घुमा फिराकर, तमाम कविताएं, कथाएं, उपन्यास, नाटक, फिल्में, वेबसीरीज बनाई जाती हैं। मिडल क्लास की जिंदगी में तो शायद इतनी वैरायटी भी नहीं है। नौकरी, शादी, महंगाई, बीमारी बस इतने में ही दि एंड हो जाता है। इसलिए नए विषय की खोज में लोग कहवाघर, मयखानों में जाते थे। आजकल चाय की टपरी और नाई की दुकानें यही काम कर रही हैं।

आलोक सिंह भदौरिया

हमने भी सलीम भाई को कॉल करके पूछा, आ जाएं भाई? और उनकी दुकान पर पहुंच गए। वहां कहानियां और पात्र बिखरे पड़े होते हैं। नंबर आने में टाइम था। एक दुर्जन टाइप सज्जन कटिंग के बाद मालिश करवा रहे थे। हम बेंच पर बैठ गए। इतने में दरवाजा खुला, रौनक टाइप की चीज दुकान में घुसी। ठुंइया जैसा शरीर लेकिन बातें पूरी दुनिया जहान की। आते ही वह कुर्सी पर बैठे एक शख्स के गले लगे, सलीम भाई को पहलवान कहकर छेड़ा, उनके असिस्टेंट से पूछा कहां कब्र में घुसे बैठे थे? हमें धकलते हुए हमारी बगल में बैठ गए।

फिर चालू हुआ उनका ऑल इंडिया रेडियो। पता चला कि उन्होंने जिंदगी में अब तक केवल चार बार दाढ़ी कटवाई थी, एक बार जब बाबू जी मरे, एक बार जब अम्मा मरीं, एक बार शादी के टाइम, चौथी बार का बताया नहीं। फिर चहके कि लखीमपुर खीरी के जंगलों में जूएं की तरह टाइगर भरे पड़े हैं जो दिन-रात गश्त लगाया करते हैं। परसों एक इन्हें मिल गया।

किसी ने पूछा, आपने राइफल बेच दी? तो बताया, मजबूरी में डबल बैरल सरेंडर कर दी। एक आदमी के नाम 3 से ज्यादा असलहे हो नहीं सकते। डीएम साहब कह रहे थे कि घर में ही किसी के नाम ट्रांसफर कर दीजिए। लेकिन नई पीढ़ी नामुराद है, केवल पबजी में राइफल चलाना चाहती है। उनकी कथाएं चलती रहीं। हमने पूछा, आप शिकारी वगैरह हैं क्या, पता चला स्पोर्ट्स टीचर थे लेकिन ये सब खेल ज्यादा करते थे। कहानियां अनंत थीं, हम सैलून का दरवाजा खोलकर बाहर निकल आए।

बोल वचन

दिलीप लाल

चावल फटक दो

रसोईघर से लेकर खलिहान तक एक शब्द समान रूप से इस्तेमाल में आता है, फटकना। सूप या थाली में अनाज रखकर उसमें से कंकड़, भूसा या अन्य गंदगी अलग करनी हो तो कहते हैं - फटक कर साफ कर दो। भारत के कई क्षेत्रों में यही काम झनकना या छनकना कहलाता है। शब्दों की रचना कई बार ध्वनि के आधार पर होती है। जैसे छम-छम कहते ही पायल की आवाज का बोध होने लगता है। माना जाता है कि अनाज फटकते समय चूड़ियों से निकलने वाली झन-झन की ध्वनि से ही छनकना शब्द बना होगा। संस्कृत में सूप से अनाज को फटकने के लिए 'शूर्पेण उत्क्षेपणम्' कहा जाता है। बांग्ला भाषा में 'आमि गोम पाछड़ाबो (मैं गेहूं फटकूंगी)'। कुमाऊं के कुछ इलाकों, विशेषकर पिथौरागढ़ की सोर्याली बोली में इसे फट्याला लगाना कहा जाता है, जहां सूप या कपड़े की सहायता से हवा देकर अनाज साफ किया जाता है। उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में यही शब्द पछोरना बन जाता है। खलिहानों में जब किसान धान या गेहूं को हवा की मदद से साफ करते हैं, तो इस प्रक्रिया को ओसाना कहते हैं। दिलचस्प है कि आसपास मंडराने या भटकने को भी फटकना कहते हैं - दोबारा मेरी गली में मत फटकना।

AI Image



अमेरिकी अभियान के नैतिक पहलुओं पर चर्चा के बजाय नई दिल्ली को अपना हित देखना चाहिए

वेनेज़ुएला पर बहस में न उलझे भारत

वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के लिए अमेरिका ने गजब की ताकत दिखाई। यह ऑपरेशन एक तरह से नए शीत युद्ध की पहचान बन गया है। पुराने शीत युद्ध में महाशक्तियां वैचारिक और भौगोलिक, दोनों तरह से अपने-अपने इलाके तय करती थीं। इसके लिए सत्ता परिवर्तन जैसे खेल कराए जाते थे। अब वेनेजुएला के जरिये अमेरिका ने नए शीत युद्ध के प्रतिद्वंद्वियों - रूस और चीन को खुली चुनौती दी है।

सोमनाथ मुखर्जी

आयात में विविधता । इस मामले में कुछ नैतिक सवाल जरूर परेशान करते हैं, लेकिन अगर उनको अलग रख दें तो वेनेजुएला की मौजूदा स्थिति कुछ हद तक भारत के लिए अच्छी खबर होनी चाहिए। अमेरिका अगर वेनेजुएला पर नियंत्रण करता है और वहां के तेल पर लगे प्रतिबंध हटते हैं, तो इससे San Cristobal और Carabobo-1 तेल क्षेत्रों से जुड़े लगभग 1 अरब डॉलर के बकाये का भुगतान हो सकता है। इन तेल क्षेत्रों में ONGC Videsh Ltd की हिस्सेदारी है। यह भारत की प्रमुख विदेशी तेल कंपनी है। साथ ही, भारत को क्रूड ऑयल मिल सकता है, जिससे तेल आयात को लेकर कुछ ही देशों पर निर्भरता खत्म होगी।

स्पेशल रिफाइनरी । अनुमान के मुताबिक, वेनेजुएला में 300 अरब बैरल से ज्यादा तेल मौजूद है, दुनिया की कुल सप्लाई का करीब 17%। हालांकि यह हेवी क्रूड है। भारत उन गिने-चुने देशों में है, जो ऐसे क्रूड ऑयल को रिफाइन कर सकता है। 2019 तक वेनेजुएला के बड़े तेल खरीदारों में भारत भी शामिल था। तब हर दिन तीन से चार लाख बैरल तेल वहां से आता था, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते आयात लगभग बंद हो गया।

खरीद में समझदारी । दुनियाभर से क्रूड ऑयल खरीदने के मामले में भारत ने बहुत समझदारी दिखाई है। एक बार जब वेनेजुएला पर लगे प्रतिबंध हटेंगे और वहां का ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर दोबारा शुरू होगा, तब भारतीय कंपनियां खरीद की रफ्तार बढ़ा सकती हैं। याद कीजिए कि JCPOA डील के जरिये 2015 में जब ईरान के तेल प्रतिबंधों में ढील दी गई थी, तो भारत ने तेजी से उससे क्रूड ऑयल खरीदना शुरू कर दिया था।



लाभ की उम्मीद । वेनेजुएला से तेल आपूर्ति शुरू होने पर भारत को तुरंत तो फायदे मिलेंगे ही, लंबे वक्त में ढांचागत स्तर पर भी लाभ मिलने की उम्मीद है।

● वेनेजुएला से आपूर्ति शुरू होने के बाद भारतीय रिफाइनरियों के पास ज्यादा विकल्प होंगे। भारत के साथ ट्रेड डील में यही बात अमेरिका को सबसे ज्यादा चुभ रही है।

● तेल की कीमतों पर लंबे समय तक इस घटनाक्रम का असर दिख सकता है। तमाम आशंकाओं के उलट ऑयल मार्केट ने यूक्रेन, गाजा, लीबिया, ईरान जैसी बड़ी भू-राजनीतिक घटनाओं को भी झेल लिया। अब जब अमेरिका अहम प्राकृतिक संसाधनों और टेक्नॉलजी सप्लाई चेन को सुरक्षित करने की कोशिश कर रहा है, तब वेनेजुएला के तेल भंडार पर उसका नियंत्रण दूसरे तेल उत्पादकों, खासकर पश्चिम एशिया के लिए एक संदेश है।

● कम मांग और भरपूर आपूर्ति से पिछले 12-18 महीनों में तेल की कीमत नीचे बनी हुई है। वेनेजुएला से सप्लाई शुरू होने के बाद भी दाम नीचे ही रहने चाहिए। यह भारत के लिए अच्छी खबर होगी।

● पुराने शीत युद्ध में अमेरिका की जीत का बड़ा कारण लंबे समय तक तेल की कीमतों का कम रहना था। इससे सोवियत संघ की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई। आज भी रूस बहुत हद तेल पर निर्भर है। क्रूड ऑयल के दाम घटते हैं, तो उसकी कमाई भी घटेगी और उस पर पश्चिम के साथ समझौता करने का दबाव बढ़ेगा। रूस का सामान्य होना भारत के लिए अच्छा है। इससे रूस की चीन पर निर्भरता कम होगी और मॉस्को के साथ नई दिल्ली के रिश्तों से पश्चिम को चिढ़ भी नहीं होगी।

● चीन ने कर्ज के बदले वेनेजुएला से कच्चा तेल हासिल किया था। अमेरिकी प्रभाव बढ़ने के बाद वेनेजुएला की नई सरकार पुराने समझौते को लेकर फिर से बातचीत कर सकती है। इससे भारत के लिए भी सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने का रास्ता खुल जाएगा।

डिबेट से दूर । आने वाले दिनों में अमेरिकी अभियान के नैतिक पहलुओं पर काफी बहस देखने को मिलेगी। भारत के हित में यही है कि वह ऐसी डिबेट से दूर रहे। अच्छी बात है कि वेनेजुएला में भारत के पुराने रणनीतिक हित नहीं हैं। उसके ज्यादा हित जुड़े हैं अमेरिका से।

(लेखक एक असेट और वेल्थ मैनेजमेंट फर्म में चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर हैं)

कांटे की बात

राष्ट्रपति ट्रंप, हम लोग और हमारा क्षेत्र शांति और वार्ता के हकदार हैं, युद्ध के नहीं। हमेशा से राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का यही संदेश रहा है। संप्रभुता, शांति, विकास और बेहतर भविष्य वेनेजुएला का अधिकार है।

डेल्सी रोड्रिगेज, *कार्यवाहक राष्ट्रपति, वेनेजुएला*

AI की दुनिया

मशीनों के टीचर के रोल में आ रही मशीनें

Meta ने Self-Play SWE-RL (SSR) नाम का ऐसा सिस्टम लॉन्च किया है, जो खुद AI को कोडिंग सिखा रहा है। अगर यह सिस्टम सफल हुआ तो भविष्य में प्रोग्रामिंग एजुकेशन और सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री - दोनों पर असर होगा। तब कोड लिखना और सुधारना इंसानी काम नहीं, AI की बुनियादी क्षमता बन जाएगा।

AI Image

सॉफ्टवेयर इंजीनियर का काम

SSR सिस्टम इंसानी डेटा या GitHub रिपॉजिटरी पर निर्भर हुए बिना खुद से कोड बनाता है, उसमें बग डालता है और फिर खुद ही उस बग को सुधारता है। इससे सॉफ्टवेयर डिवेलपमेंट की प्रक्रिया तेज और सटीक बनेगी। इससे कंपनियां बड़े पैमाने पर सेल्फ लर्निंग एजेंट्स बना सकेंगी, जो बग, टेस्टिंग, डिबगिंग जैसे काम खुद ही संभालेंगे।

खुद तलाशता है समाधान

अब तक AI कोडिंग एजेंट्स इंसानों के लिखे डेटा पर ट्रेन होते थे। इन की क्षमता सीमित होती थी, क्योंकि मॉडल उन्हीं उदाहरणों से सीखते, जो पहले से मौजूद हैं। SSR इस निर्भरता को खत्म करता है। यह सिस्टम खुद नई समस्याएं खोजता है और खुद समाधान तलाशता है। Verified टेस्ट में इसने उन इंसानों से बेहतर प्रदर्शन किया। *- प्रदीप तिवारी*

जनता जंक्शन

इरफान

देशभर में हैं पेयजल से जुड़ी बड़ी चुनौतियां

भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर अभी गंभीर दूषित पानी संकट का सामना कर रहा है। शहर के इलाके में नल के पानी में गंदगी और सीवरेज मिला पानी पीने से सैकड़ों लोग बीमार पड़े और कई की मौत हो गई। यह सिर्फ इंदौर का स्वास्थ्य संकट नहीं है, बल्कि पूरे देश में जल गुणवत्ता, जल प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा तंत्र की मजबूती पर प्रश्नचिह्न भी है।

आलोक मेहता

निगरानी अभियान । राजधानी दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, पंजाब सहित कई राज्यों में प्रदूषित पानी की समस्या से निपटने के लिए राज्य और केंद्र सरकारें मिलकर काम कर सकती हैं। दिल्ली में गर्मियों में पानी की कमी ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता की समस्या भी बड़ी चुनौती है। इसका कारण यमुना का प्रदूषण और कच्चे पानी का अस्थिर स्रोत जर्जर और पुरानी आपूर्ति नेटवर्क का सीवर से मिल जाने का जोखिम है। इसके अलावा, पानी की नियमित गुणवत्ता जांच भी नहीं की जाती। आपूर्ति होती है।

कॉमन रूम

पुरानी पाइपलाइन । दिल्ली का पीने का पानी मुख्यतः यमुना से आता है। कई रिपोर्ट में कहा गया है कि यमुना के पानी में अमोनिया जैसे प्रदूषक स्तर अधिक हैं। इसलिए उपचार के बाद भी आपूर्ति की गुणवत्ता प्रभावित होती है। कई इलाकों में 40-80 साल पुरानी पाइपलाइन हैं, जिससे पानी की गुणवत्ता बिगड़ रही है। सरकार ने बजट में पेयजल, स्वच्छता और जल संरचना के लिए 9,000 करोड़ रुपये दिए हैं। राशि का उपयोग नए बोरवेल, पाइपलाइन अपग्रेड, वर्षा जल संचयन और यमुना सफाई पर किया जाएगा।

जल जीवन मिशन । केंद्र ने 2025-26 के बजट में 'जल जीवन मिशन' के लिए 67,000 करोड़ दिए। सरकार ने मिशन के लक्ष्य को 2028 तक बढ़ाया है, ताकि देश के सभी ग्रामीण घरों में नल से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मिशन के लागू होने से पहले करीब 3.24 करोड़ ग्रामीण घरों में टैप कनेक्शन था। अब 15.5 करोड़ से अधिक घरों को नल से पानी मिल रहा है। अमृत योजना 2015 में शुरू की गई। इसके तहत 4,700 से अधिक शहरों-नगर निकायों में पाइप जलापूर्ति विकसित करना है। अमृत 2.0 का अनुमानित बजट लगभग 2.77 लाख करोड़ से 2.99 लाख करोड़ रुपये तक है।

पेयजल परियोजनाएं । उत्तर प्रदेश में हर घर जल योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। मध्य प्रदेश में 'हर घर नल से जल' योजना की तरफ गहरा प्रयास किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में भी 'अमृत' के तहत बड़ा निवेश हुआ है। भोपाल में 582 करोड़ रुपये की पेयजल परियोजना का शिलान्यास किया गया। इससे 3 साल में 100% पानी नेटवर्क लक्ष्य पूरा करना है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

इस बार ख़ुद इलेक्शन नहीं लड़ूंगा, कैंपेन संभालने के लिए भी तो कोई हो

*उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता **हरीश रावत** विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लग गए हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस के लिए आगामी उत्तराखंड चुनाव करो या मरो की तरह है। वह सभी 70 सीटों पर फोकस बनाए रखने की बात कह रहे हैं। अंकिता भंडारी हत्याकांड को उन्होंने बड़ा चुनाव मुद्दा बना दिया है। ऐसे तमाम मुद्दों पर उनसे बात की है NBT के **हेमंत राजौरा** ने :*

विशुद्ध राजनीति

इंटरव्यू

■ अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर आप लगातार न्याय की मांग करते रहे हैं। जांच में चूक कहां हुई है?

अंकिता ने मौत से एक दिन पहले अपने दोस्त को कहा था कि जहां मैं काम कर रही हूं वहां कल एक VIP आएंगे। मेरे ऊपर उनको स्पेशल सेवा देने का दबाव डाला जा रहा है है। उसके बाद उसकी हत्या हो जाती है। इस बयान को इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा नहीं बनाया गया। वहां साक्ष्य नष्ट किए गए। उस रिजॉर्ट पर बुलडोजर चला दिया गया और वहां आग लगा दी गई। इससे पुष्ट होता है कि वहां कोई VIP आने वाला था और वह रिजॉर्ट 'प्लेजर पॉलिटिक्स' का अड्डा बना हुआ था। हाल ही में BJP के भीतर से ही जिस VIP के नाम सामने आए हैं, उनके खिलाफ FIR दर्ज की जाए, मामला CBI को सौंपा जाए और हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में जांच हो।

■ आपने VIP एंगल की बात उठाई, पर कोई नाम सार्वजनिक नहीं किया...

पूर्व BJP विधायक और उनकी पत्नी का जो बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ है, उसमें जो नाम आ रहे हैं, उनकी जांच हो सरकार ऐसे लोगों को बचाना चाहती है ताकि BJP के लिए राष्ट्रीय शर्म की बात न बने।

■ हाल में उत्तराखंड में नई प्रदेश कांग्रेस कमिटी के गठन के बाद आपने सोशल मीडिया पर लिखा कि आपको बूथ का अध्यक्ष बना दिया जाए। नाराजगी थी?

मैं लोगों का आह्वान कर रहा था कि अपने-अपने बूथ को मजबूत करें। बूथ ही चुनाव के नतीजे तय करता है। कोई नाराजगी नहीं थी।

■ अगले विधानसभा चुनावों में क्या आप खुद को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर देखते हैं?

कांग्रेस के अंदर एक प्रक्रिया है। पहले विधानमंडल के सदस्य निर्णय लेते हैं और फिर खरगे जी, राहुल जी और अन्य वरिष्ठ नेता मुहर लगाते हैं कि मुख्यमंत्री पद उम्मीदवार कौन होगा। हम लगातार तीसरी बार चुनाव नहीं हारना चाहते। इसलिए मैं हर कीमत पर चुनाव जिताने के लिए काम करूंगा।

■ आप खुद नहीं लड़ेंगे अगला चुनाव?

2027 का विधानसभा चुनाव करो या मरो का चुनाव होगा। मैंने दृढ़ता से कहा है कि मैं चुनाव लड़ाऊंगा, खुद नहीं लड़ूंगा। कैंपेन संभालने के लिए भी कोई चाहिए।

■ राहुल गांधी लगातार वोट चोरी और SIR के मुद्दे उठा रहे हैं। बिहार के नतीजे कांग्रेस के लिए संतोषजनक नहीं आए। क्या पार्टी उनकी बात से सहमत है?

कुछ वर्षों से चुनाव से पहले वोटर लिस्ट में नए नाम जोड़ लिए जाते हैं और ऐसे कई नाम काट दिए जाते हैं जो विपक्ष के संभावित वोटर होते हैं। यह खुली वोट चोरी है। राहुल गांधी ने इसे संगठित वोट चोरी नाम दिया।

मन को क़ाबू में करने के लिए गाड़ियों की तरह ब्रेक ज़रूरी

सलिल पाण्डेय

जहां गतिशीलता है, वहां नियंत्रण भी जरूरी है - वह चाहे भौतिक स्तर की गतिशीलता हो या मानसिक स्तर की। यदि गति पर नियंत्रण का विधान नहीं होता, तो दुर्घटनाओं को रोका नहीं जा सकता। वाहन चालक हालात के अनुसार ब्रेक का इस्तेमाल करते हुए गंतव्य तक पहुंचता है। इसी तरह का नियंत्रण मन पर भी जरूरी है।

सबसे तेज मन ही चलता है। गोस्वामी तुलसीदास ने 'पीपर पात सरिस मन डोला' चौपाई में यह स्पष्ट किया है कि जिस प्रकार हल्की-सी भी हवा चलने से पीपल के पत्ते हिलने-डुलने लगते हैं, उसी प्रकार किसी भी तरह की परिस्थितियां आती हैं, तो सबसे पहले मन पर उसका प्रभाव पड़ता है। प्रसन्नता के क्षणों में मन उछलने लगता है, जबकि दुख में निराशा, कुंठा से सारी शक्तियां क्षीण हो जाती हैं। जहां सब कुछ अनुकूल होने पर मन के निरंकुश होने का खतरा बन जाता है और व्यक्ति मनमानी करने लगता है, वहीं विपरीत परिस्थितियों में नकारात्मक कार्य करने लगता है। दोनों स्थितियां संकट उत्पन्न कर देती हैं। समाज को नियंत्रित करने के लिए हर देश में संविधान, नियम-कानून होते हैं। इसी तरह हर धर्म में संयम-नियम से जीने के उपाय बताए गए हैं। इसे स्व-अनुशासन या आत्म नियंत्रण, कुछ भी कहा जा सकता है।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

सतयुग में हिरण्यकश्यप, त्रेता में रावण या द्वापर में दुर्योधन - सबने आत्म नियंत्रण खो दिया, जिससे उनका उदाहरण निंदनीय कार्य के लिए दिया जाता है। चिंतन-मनन की शक्ति से युक्त मनुष्य को स्वविवेक से ही सही कार्य करना चाहिए।

समाज में जो जिम्मेदार माने जाते हैं, उन्हें कानून का भय दिखाकर समझाना पड़े, तब तो यह उचित नहीं कहलाएगा। हर व्यक्ति का मन गलत-सही के बारे में बताता रहता है, लेकिन आत्म-नियंत्रण न होने से वह संकट में पड़ता है। इसलिए हर किसी को खुद अपने जीवन का संविधान बनाना चाहिए। पहला अध्याय तो यही हो कि जिस कार्य से खुद को कष्ट मिले, वह कार्य दूसरों के साथ न करें। ऐसी छोटी-छोटी सावधानियों पर अमल कर व्यक्ति निश्चिंत जीवन जी सकता है।

रीडर्स मेल

अमेरिका और शांति

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने पूरी दुनिया को तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। माना जा रहा है कि वेनेजुएला पर भीषण हमला कर अमेरिका अब वहां के बड़े तेल भंडार को अपने आधिपत्य में लेना चाहता है। अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। कहा जा रहा है कि सत्ता परिवर्तन कर अमेरिका अपना अधिकार जमाना चाह रहा है। स्थिति गंभीर हुई, तो आपस में कई देशों का टकराव निश्चित है।

-संजय डागा, ईमेल से

readersmail.nbt@gmail.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

NBT GOOD न्यूज़

मुस्कान: मज़बूत रिश्तों का 'सीक्रेट'
मुस्कुराहट रिश्तों की सबसे बड़ी दवा है। साथ मुस्कुराने वाले कपल के बीच तनाव कम होता है और आपसी समझ बढ़ती है, जिससे झगड़े कम होते हैं।

गिद्धों को बचाने के लिए कलाकारों ने थामा मंच

अरुलगम एक बार में गिद्ध हॉटस्पॉट वाले 20 गांवों को चुनता है, हर गांव में 20 मिनट का नाटक करता है। टीम गिद्धों को बचाने से जुड़े पर्चे भी बांटती है।

Asha.Prakash@timesofindia.com

■ कोच्चि: गिद्धों की घटती संख्या और उनके सामने खड़े खतरों के बारे में एस. भारतीदासन को सबसे पहले अपने बर्ड-वॉचिंग के दिनों में पता चला था, पर 2010 में केरल में हुए एक गिद्ध सर्वे ने जिंदगी की दिशा बदल दी। इसके बाद भारतीदासन ने गिद्धों को बचाना अपने जीवन का मकसद बना लिया। उन्होंने लोगों को जागरूक करने के लिए थिएटर का रास्ता चुना। भारतीदासन ने पशुपालकों, डॉक्टर्स और दवा दुकानदारों जैसे अलग-अलग वर्गों से बातचीत की और हर समूह के लिए अलग तरीका अपनाया। आम लोगों तक मैसेज पहुंचाने के लिए उन्होंने स्ट्रीट थिएटर और कठपुतली नाटकों को चुना। पिछले 13 साल से वे अपनी संस्था अरुलगम के जरिए सिर्फ गिद्धों को बचाने के लिए नाटक कर रहे हैं। अरुलगम से करीब 40 लोग जुड़े हैं।

कई राज्यों में मुहिम

भारतीदासन बताते हैं कि केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक की सीमा वाला इलाका ऐसा क्षेत्र है, जहां अब भी गिद्ध पाए जाते हैं। उनकी टीम एक बार में 20 गिद्ध हॉटस्पॉट गांवों को चुनती है। करीब 20 मिनट का नाटक किया जाता है। इस दौरान टीम के लोग दर्शकों और आसपास की दुकानों पर पर्चे भी बांटते हैं।

रामायण के जरिए सीख

नाटकों की कहानियां रामायण से लेकर सिंदबाद तक से ली जाती हैं। इनमें गिद्धों को खास भूमिका दी जाती है। एक कहानी में गिद्ध जटायु सीता की रक्षा करने की कोशिश करता है तो दूसरी कहानी में गिद्ध सिंदबाद को कीमती पत्थरों तक पहुंचाने में मदद करते हैं। महिला दिवस, स्वतंत्रता दिवस जैसे मौकों को भी गिद्ध संरक्षण से जोड़कर नाटक किए जाते हैं।

विचार

सफलता मंजिल नहीं होती और असफलता अंत नहीं है। असली मायने उस साहस के हैं, जो इंसान को हर हाल में आगे बढ़ते रहने की ताकत देता है। – अब्राहम लिंकन (Abraham Lincoln)

ज़रा हंस लें

पप्पू: स्टेशन तक के कितने पैसे लोगे? रिक्शावाला: साहब बीस रुपये। पप्पू (हैरान सा मुंह बनाते हुए): स्टेशन के बीस रुपये? रिक्शावाला: हां सर, स्टेशन पूरा दो किलोमीटर है यहां से... पप्पू (हाथ से इशारा करते हुए): ये तो रहा स्टेशन... रिक्शावाला: साहब हाथ पीछे कर लो, कहीं रेल के नीचे न आ जाए!!!

कविता : वार्तालाप - ज़िंदगी और मैं

मैंने पूछा जिंदगी से –
जिंदगी तू हर दिन
एक नया सबक सिखाती है,
तू कभी उठाती है,

तो कभी गिराती है,
कभी खुशियों की देती
सौगात,
तो कभी कराती गमों की

बरसात।
तू क्यों करती ऐसा,
आखिर क्यों करती ऐसा।
जिंदगी बोली मुसाफिर है

कुछ ऐसा,
मैं हूं तुम्हारी जिंदगी,
मैं खुद को कभी नहीं बनाती,
मैं बनती हूं तुम्हारे कर्मों से,

तुम्हारी सोच से,
तुम्हारी आदतों से,
मैं बनती हूं वैसा,
तुम मनुष्य बनाते हो जैसा।

– लक्ष्मी गुप्ता रुदौली, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

AI का कमाल: सड़कें सुरक्षित, किसानी आसान!

सिल्क फार्मिंग में AI से बीमारी की पहचान

Vindhya.Pabolu@timesofindia.com

■ बेंगलुरु: सिल्क किसानों के लिए राहत की बड़ी खबर है। केंद्रीय सिल्क बोर्ड (CSB) ने सिल्कवर्म की बीमारियों की जल्दी और सटीक पहचान के लिए AI से लैस डिजिटल माइक्रोस्कोप स्कैनर तैनात किए हैं। जहां पहले रोजाना करीब 200 कोकून सैंपल जांचे जाते थे, अब यह संख्या बढ़कर लगभग 900 सैंपल प्रतिदिन तक पहुंच गई है। इससे बीमारी समय रहते पकड़ी जा सकेगी, किसानों का नुकसान घटेगा और सिल्क की क्वॉलिटी बेहतर होगी।

CSB ने AI माइक्रोस्कोप बेंगलुरु की एक स्टार्टअप कंपनी के साथ मिलकर करीब 40 लाख रुपये की लागत से विकसित किया है। तीन महीनों से यह पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इस्तेमाल हो रहा है। CSB के तकनीकी निदेशक एस. मंथिरा मूर्ति के मुताबिक, इस तकनीक से कर्मचारियों की जरूरत कम हुई है और पहले सिल्क क्वॉलिटी को लेकर आने वाली शिकायतों में भी सुधार हुआ है।

AI से लैस डिजिटल माइक्रोस्कोप स्कैनर से 4 गुना से ज्यादा बड़ी कोकून सैंपल जांचने की क्षमता

सिल्क की क्वॉलिटी सुधरेगी

यह AI आधारित सिस्टम डेटा को सुरक्षित रखने और लंबे समय तक विश्लेषण में भी मदद करेगा, ताकि बीमारियों को किसानों तक पहुंचने से पहले ही रोका जा सके। इस पहल पर हाल ही में हुई दो दिवसीय 'सिल्क उत्पादन करने वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निदेशकों की कॉन्फ्रेंस' में खास तौर पर चर्चा हुई।

जीरो वेस्ट, एक्स्ट्रा कमाई

CSB, सिल्क निकालने के बाद बचने वाले मृत सिल्कवर्म प्यूपा से निकलने वाले प्रोटीन के इस्तेमाल पर भी काम कर रहा है। इस संबंध में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) से बातचीत चल रही है। इस प्रोटीन का उपयोग मानव आहार, मुर्गी पालन और मछली पालन में किया जा सकता है।

नियम तोड़ा तो हेलमेट बोल देगा, पुलिस के सामने राज़ खोल देगा

■ विंध्य पाबोलु, राजीव कालकोड

बेंगलुरु: शहर की शहर की अव्यवस्थित सड़कों पर ट्रैफिक नियम तोड़ना आम है, लेकिन 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजिनियर पंकज तंवर ने तकनीक से समाधान निकाला। उन्होंने अपने हेलमेट में AI से लैस कैमरा लगाया, जो नियम उल्लंघन को रियल टाइम में पकड़ता है और लोकेशन, नंबर प्लेट और सबूत पुलिस को भेज देता है। यह सिस्टम बिना हेलमेट बाइक चलाना, डिवाइडर पार करना, रेड लाइट जंप और गलत दिशा में गाड़ी चलाना जैसे उल्लंघन पहचानता है। पंकज ने दोहरा AI वेरिफिकेशन सिस्टम बनाया, भरोसेमंद रिपोर्ट ही पुलिस को भेजी जाती है। यह डिवाइस केवल 4,000 रुपये में तैयार है और 6-7 घंटे तक चलता है।

हमारा मकसद सड़क पर लोगों की सोच बदलना है। भारत में ज्यादातर लोग कैमरे या चालान का डर से ही नियम मानते हैं। इससे लोग ट्रैफिक नियम तोड़ते ही रियल टाइम में पकड़े जाते हैं, जिससे लोगों में जागरूकता आती है और धीरे-धीरे नियम मानने की आदत बनती है।
- पंकज तंवर, सॉफ्टवेयर इंजिनियर

खेतों में बनाई सपनों की पिच, ये गांव तैयार कर रहे क्रिकेट स्टार्स

Vishal.Patadiya@timesofindia.com

■ अहमदाबाद: गुजरात के भरूच की मिट्टी की तासीर बदल गई है। यहां किसान अपनी उपजाऊ जमीन पर सिर्फ फसल नहीं उगा रहे, बल्कि अगली पीढ़ी के लिए 'क्रिकेट के सपने' बो रहे हैं। भरूच में क्रिकेट का जुनून सवार है कि यहां के गांवों ने खेती की जमीन को क्रिकेट मैदानों में तब्दील कर दिया है। यहां 20 से ज्यादा ऐसे मैदान हैं जहां फ्लड लाइट्स, लाइव स्ट्रीमिंग और IPL जैसा रोमांच नजर आता है। बदलाव के पीछे कई भावुक कहानियां छिपी हैं। इखाडिया के किसान और बिल्डर सद्दाम चौहान ने 10 एकड़ के खेत में से 4 एकड़ जमीन क्रिकेट ग्राउंड में बदल दी ताकि उनके 13 साल के बेटे तौफीक को अच्छी सुविधा मिल सके। सद्दाम कहते हैं कि मैंने कपास की खेती छोड़ी ताकि बच्चों को सुविधाओं की कमी के कारण अपना सपना न छोड़ना पड़े।

सद्दाम चौहान

मुस्कान

14 एकड़ में ग्राउंड बना बच्चों को किया गिफ्ट

ऐसी ही कहानी पटवात वसावा की है। उन्होंने अपने बच्चों मुस्कान और पवन के लिए 14 एकड़ जमीन पर क्रिकेट ग्राउंड बना दिया। उनकी बेटी मुस्कान वसावा अब वेस्ट जोन की टीम में खेल रही है और WPL ऑक्शन का हिस्सा रह चुकी है।

लाइट्स, कैमरा, कमेंट्री... होता है IPL जैसा रोमांच

NRIs का भी मिल रहा साथ

भरूच डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (BDCA) के अध्यक्ष दुष्यंत पटेल और उपाध्यक्ष इस्माइल मतादार ने 'भरूच प्रीमियर लीग' (BPL) के जरिए यहां के क्रिकेट का चेहरा ही बदल दिया है। यहां के गांवों (जैसे भैसली, टंकारिया, उटिया) में होने वाले टूर्नामेंट्स में मुंबई से टीमें बुलाकर लाइव स्ट्रीमिंग कराई जाती हैं। खिलाड़ियों की बाकायदा नीलामी होती है और 'मैन ऑफ द सीरीज' को महंगी बाइक्स दी जाती है। इस जुनून को विदेश में बसे भारतीयों (NRIs) का भी खूब साथ मिल रहा है। ब्रिटेन में रहने वाले सईद बरीवाला ने 20 साल पहले अपने गांव टंकारिया में करीब 60,000 पाउंड खर्च करके एक प्रोफेशनल क्रिकेट ग्राउंड बनवाया, जिसे आज भी वे और उनके भाई जुबैर मेंटेन करते हैं।

नतीजे भी शानदार

भरूच की इस मेहनत का फल भी मिल रहा है। मुनाफ पटेल और राशिद पटेल जैसे दिग्गजों के बाद अब तक यहां के 45 खिलाड़ी स्टेट और नैशनल लेवल पर खेल चुके हैं। किदीस भाजा जैसे रणजी खिलाड़ियों ने अपनी 'सुहाना स्पोर्ट्स एकेडमी' खोल दी है ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशा जा सके। कृपा प्रजापति और आकाश सिंह जैसे युवा भी अब गुजरात की टीम में चमक रहे हैं।

टंकारिया में 16 टीमों वाला एक टूर्नामेंट जल्द आयोजित होने वाला है

कानपुर। मेरठ। आगरा। गाजियाबाद। अलीगढ़। सहारनपुर। मथुरा। सतना। रीवा। छिंदवाड़ा। दतिया। खंडवा। अलवर। सीकर। धौलपुर। कोटा। अजमेर। भीलवाड़ा। पलवल। मेवात। जींद। सोनीपत। चंबा। कांगड़ा। कुल्लू। मंडी। सिरमौर। पिथौरागढ़। रुद्रपुर। बेगूसराय। भागलपुर। भोजपुर। सिवान

फटाफट खबरें

कन्नौज जेल में पार्टी, 2 बंदी हुए फरार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कन्नौज जेल में पॉक्सो ऐक्ट में बंद ठठिया थाना के मलगवा निवासी डिंपी उर्फ शिवा और आर्म्स ऐक्ट में बंद तालग्राम के हजरापुर निवासी अंकित रविवार रात न्यू इयर पार्टी के बीच कंबल के सहारे दीवार फांदकर फरार हो गए। यह पार्टी जेल सुपरिंटेंडेंट भीमसेन मुकुंद ने दी थी। इस मामले में डीजी जेल पीसी मीणा ने जेलर विनय प्रताप सिंह, डिप्टी जेलर बद्री प्रसाद, जेल वार्डर शिवेंद्र सिंह यादव और हेड जेल वार्डर शिवचरण को सस्पेंड किया गया है।

एनकाउंटर में 1 लाख का इनामी ढेर

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर: लंभुआ स्थित दियारा पुल पर सोमवार सुबह लखीमपुर और सुलतानपुर पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश तालिब उर्फ आजम खां (26) मारा गया। तालिब पर हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, गोवध, गैंगस्टर और गैंगरेप समेत कई अपराधों में 17 केस दर्ज थे। वह नाबालिग से गैंगरेप केस में फरार था। बीते महीने ही एडीजी लखनऊ जोन सुजीत पांडे ने उस पर एक लाख का इनाम घोषित किया था।

राजस्थान: 3 और जिलों में स्कूल बंद

■ आईएएनएस, जयपुर: राजस्थान में शीत लहर और भीषण ठंड के असर के कारण बारां जिले के बाद अब श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और बूंदी के सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों के लिए अस्थायी रूप से छुट्टी घोषित की गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले सप्ताह भी भीषण ठंड जारी रहेगी। अधिकारियों ने अभिभावकों और स्कूलों को सतर्क रहने और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है।

जल्द मिलने वाली है जेवर एयरपोर्ट और गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात

जनवरी में एयरपोर्ट और फरवरी में एक्सप्रेस-वे का होगा लोकार्पण

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

2027 विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार प्रदेश के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को जमीन पर उतारने में जुट गई है। प्रेरणा स्थल के उद्घाटन के बाद अब राज्य सरकार जनवरी में जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारी में है। वहीं, फरवरी में मेरठ से प्रयागराज के बीच बने गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण होगा। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर इन दोनों बड़ी परियोजनाओं के पूरा होने की जानकारी दी। दोनों परियोजनाओं के लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समय भी मांगा गया है।

जेवर एयरपोर्ट के पहले फेज का काम हुआ पूरा: नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत विकसित किया जा रहा है। यह लगभग 1,300 हेक्टेअर क्षेत्र में फैला है। इसके पहले चरण का काम पूरा हो गया है। एयरपोर्ट लोकार्पण के साथ ही कुछ शहरों के लिए हवाई सेवाओं की शुरुआत भी होगी। इस एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद उत्तर प्रदेश में पांच इंटरनैशनल एयरपोर्ट हो जाएंगे।





प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी होगी और बेहतर

गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण फरवरी में होगा। मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का काम लगभग पूरा हो गया है। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से मेरठ से प्रयागराज का सफर 6 घंटे में पूरा होगा। अभी इस सफर को पूरा करने में 10-12 घंटे का समय लगता है। यूपीडा के अधिकारियों के मुताबिक एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। जल्द इस एक्सप्रेस-वे पर ट्रायल रन शुरू किया जाएगा। मेरठ से प्रयागराज तक के 594 किमी लंबे एक्सप्रेस-वे पर कुल 1498 बड़े स्ट्रक्चर हैं।

12 जिलों से होकर गुजरेगा गंगा एक्सप्रेस-वे
मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज

₹7,742 करोड़ में तैयार हुआ है एक्सप्रेस-वे

एक्सप्रेस-वे के पहले चरण का निर्माण कार्य 1,746 करोड़ रुपये में आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपर्स ने किया है। वहीं तीन पैकेज का निर्माण अडाणी एंटरप्राइजेस ने किया है। दूसरे पैकेज की लागत 1,720 करोड़, तीसरे की 2,177 करोड़ और चौथे पैकेज की लागत 2,099 करोड़ रुपये है।

जेवर इंटरनैशनल एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा

गंगा एक्सप्रेस-वे का लाभ दिल्ली से आने वाले यात्रियों को भी मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकार गंगा एक्सप्रेस-वे को जेवर इंटरनैशनल एयरपोर्ट से जोड़ेगी। अनुपूरक बजट में 1,246 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वहीं गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए 1865 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

पुलिस भर्ती: सभी वर्गों को आयु सीमा में 3 साल की छूट

32,679 पदों पर नियुक्ति को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कॉन्स्टेबल और उसके समकक्ष 32,679 पदों पर चल रही सीधी भर्ती में अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में तीन साल की छूट देने का फैसला किया गया है। इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। शासनादेश के अनुसार कॉन्स्टेबल सिविल पुलिस (पुरुष और महिला), कॉन्स्टेबल पीएसी और सशस्त्र पुलिस (पुरुष), कॉन्स्टेबल उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल

(पुरुष), महिला बटालियन की महिला कॉन्स्टेबल, कॉन्स्टेबल घुड़सवार पुलिस (पुरुष) और जेल वार्डर (पुरुष और महिला) पदों की भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को यह आयु सीमा में छूट एक बार के लिए दी जाएगी।

सोशल मीडिया पर चला था अभियान

31 दिसंबर को भर्ती की प्रेस रिलीज जारी होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर अभ्यर्थी आयु सीमा में छूट की मांग कर रहे थे। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों ने भी लगातार अभियान चलाया। इस बीच कई बीजेपी विधायकों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर छूट देने की मांग रखी। इसके बाद सरकार ने सभी वर्गों के लिए आयु सीमा 3 साल की छूट देने का फैसला किया।

युवाओं का हित सबसे ऊपर: सीएम

मुख्यमंत्री योगी ने आदेश जारी होने के बाद एक्स पर लिखा कि प्रदेश के युवाओं का हित हमारी सबसे ऊपर है। इसी कड़ी में पुलिस भर्ती 2025 के तहत सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट देने का फैसला लिया गया है। यह फैसला लाखों युवाओं की मेहनत और आकांक्षाओं के सम्मान का प्रतीक है। प्रदेश सरकार युवाओं के सपनों के साथ पूरी प्रतिबद्धता से खड़ी है।

फरवरी में राम मंदिर परिसर के अन्य मंदिरों में शुरू होंगे दर्शन

■ NBT न्यूज, अयोध्या: राम मंदिर निर्माण कमिटी की बैठक के दूसरे दिन अयोध्या में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए कई जरूरी मुद्दों की समीक्षा की गई। बैठक में मंदिर परिसर के अन्य मंदिरों में दर्शन शुरू करने, उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं के विकास और अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में चल रहे निर्माण कार्य पर चर्चा हुई। कमिटी के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बैठक की पूरी जानकारी दी। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान राम मंदिर परिसर के अन्य 15 मंदिरों में भी आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन व्यवस्था शुरू करने की इच्छा जताई थी। इस दिशा में मंदिर ट्रस्ट तेजी से काम कर रहा है। इन मंदिरों में दर्शन पास के जरिए ही कराए जाएंगे। फरवरी के पहले हफ्ते से दर्शन शुरू किए जा सकते हैं।

रामकथा संग्रहालय मार्च-अप्रैल तक खुलेगा: मिश्र ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय को मार्च या अप्रैल तक आम लोगों के लिए खोलने की तैयारी है। इसमें आईआईटी चेन्नई को अहम जिम्मेदारी दी गई है, जो डिजिटल गैलरी और हनुमान जी की हाईटेक डिजिटल गैलरी का निर्माण कर रहा है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के दूसरे तल पर राम नाम संग्रहालय के लिए विभिन्न भाषाओं में रामकथा की मूल प्रतियों का संग्रह किया जा रहा है। कुछ प्रतियां मिल चुकी हैं, लेकिन यह काम अभी शुरुआती चरण में है।

उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा पर जोर: नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि बैठक में श्रीराम हॉस्पिटल में त्वरित और हाईटेक चिकित्सा सुविधा विकसित करने पर भी चर्चा हुई। यहां आधुनिक डिवाइस लगाए जाएंगे। इसके साथ ही 300 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण की तैयारी भी चल रही है।

210 टन वजनी शिवलिंग बिहार पहुंचा

■ भाषा, गोपालगंज: बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर में स्थापित किए जाने के लिए 33 फुट ऊंचा और 210 टन वजनी शिवलिंग सोमवार को पड़ोसी गोपालगंज जिले में पहुंचा। शिवलिंग के पहुंचते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़े। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद (BSRTC) के सदस्य सायन कुणाल ने बताया कि तमिलनाडु के महाबलीपुरम में निर्मित इस शिवलिंग के 10 से 12 जनवरी के बीच मंदिर परिसर में पहुंचने की संभावना है, जबकि कृष्ण चतुर्दशी के अवसर पर 17 जनवरी को इसकी स्थापना की जाएगी।

INDIAN COUNCIL OF HISTORICAL RESEARCH
35, Ferozeshah Road, New Delhi-110001

Last Date: 02.02.2026

With reference to the advertisement for the post of Member Secretary published in the Employment News (weekly), New Delhi 03 - 09 January 2026 and at ICHR's Website, Indian Council of Historical Research invites application from persons with the under-mentioned qualification and experience for the position of the **Member Secretary** in the pay scale of PB-4 Rs.37,400-67,000 with Grade Pay Rs.8900/- (Level 13 A of Pay Matrix i.e. Rs.1,31,100 - 2,16,600/-). This is an academic post as per SR 3(P) of the Government of India's approved Service Regulations 1972, as amended up to 1989.

1. **No. of posts:** 01 (UR)
2. **Age:** Not less than 45 years and not more than 55 years.
3. **Qualifications & Experience:** A person to be considered for appointment as Member Secretary must have at least ten years of experience in teaching/research in history at a University/academic organisation with published work and administrative experience at a university/academic institution.
4. **Term/Tenure:** Three years, extendable by another term of three years, subject to the condition that no person will continue as Member Secretary on attaining the age of superannuation or 60 years whichever is earlier.

The appointment to be made by direct recruitment by public advertisement or on deputation basis, under Government of India rules. All applications must be addressed to **The Chairman, ICHR, 35, Ferozeshah Road, New Delhi-110001.**

Last Date: 02nd February 2026. **Member Secretary (I/c)**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सार्वत्रिक निवडणूक-२०२५-२६

जाहीर सूचना

मा. राज्य निवडणूक आयोग, महाराष्ट्र राज्य यांचे दिनांक ०३ जानेवारी, २०२६ रोजी अन्वयेच्या आदेशानुसार, बृहन्मुंबई महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणूक-२०२५-२६ करिता अंतिमरित्या निवडणूक लढविणाऱ्या उमेदवारांची यादी दिनांक ०६ जानेवारी, २०२६ रोजी शासन राजपत्र आणि महानगरपालिकेच्या (https://www.mcgm.gov.in/irj/portal/anonymous/qlBMCElect2025) संकेतस्थळावर प्रसिध्द करण्यात येत आहे.

दिनांक- ०५ जानेवारी, २०२६

सही/-
भूषण गगराणी
आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगरपालिका

PRO/2672/ADV/2025-26

मतदान करा... सक्षमीने नाही तर आवडीने

CCING 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 05-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMEDIT User: dinesh.chakravarty Time: 01-05-2026 22:29 Color:

फटाफट खबरें

एयर इंडिया के नए CEO की तलाश

पीटीआई, मुंबई: टाटा ग्रुप ने एयर इंडिया की कमान संभालने के लिए नए चेहरे की तलाश शुरू कर दी है। एयर इंडिया के मौजूदा CEO कैंपबेल विल्सन का कार्यकाल अगले साल खत्म हो रहा है। टाटा ग्रुप 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के लिए भी नए मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) की तलाश में है। मौजूदा एमडी आलोक सिंह का कार्यकाल अगले साल पूरा होना।

स्पैम कॉल्स पर 150 करोड़ जुर्माना

पीटीआई, नई दिल्ली: अनचाही कॉल्स (स्पैम) और मैसेज पर लगाम न कस पाने के कारण रेगुलेटर TRAI ने टेलीकॉम कंपनियों पर तगड़ा हंटर चलाया है। सूत्रों के मुताबिक, TRAI ने कंपनियों पर 150 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना साल 2020 से शुरू हुए तीन सालों के दौरान नियमों की अनदेखी के लिए लगाया गया है, हालांकि कंपनियों ने इस फैसले को चुनौती दी है।

21-23 रुपये में BCCL का IPO

पीटीआई, नई दिल्ली: कोल इंडिया की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड' (BCCL) अपना IPO लेकर आ रही है। कंपनी ने सोमवार को घोषणा की कि उसने इस 1,071 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 21 से 23 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। यह 9 जनवरी को निवेश के लिए खुलेगा। निवेशक इसमें 13 जनवरी तक पैसा लगा सकेंगे।

अदाणी पावर को SC से राहत

पीटीआई, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अदाणी पावर के पक्ष में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने गुजरात हाई कोर्ट के 2019 के उस फैसले को रद्द कर दिया है, जिसमें अदाणी पावर को कस्टम ड्यूटी के मामले में राहत देने से मना कर दिया गया था। मामला पावर प्लांट से पैदा होने वाली बिजली को घरेलू बाजार में सप्लाई करने पर लगने वाले टैक्स से जुड़ा है। कोर्ट ने कोर्ट ने केंद्र और कस्टम विभाग को पैसा रिफंड करने का आदेश दिया है।

ट्रंप की धमकी के बाद गिरा शेयर बाज़ार

वेनेजुएला संकट का भी असर, IT-ऑयल एंड गैस शेयरों में भारी गिरावट

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/मुंबई: दुनिया में सबसे बड़ा तेल भंडार रखने वाले वेनेजुएला पर शनिवार को हुए अमेरिकी हमले और उसके बाद भारत पर टैरिफ बढ़ा सकने की अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की धमकी के बाद सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 322.39 पॉइंट्स गिरकर 85439.62 पर बंद हुआ। निफ्टी ने हालांकि कारोबार के दौरान 26373 का नया हाई बनाया, लेकिन अंत में 78.25 अंक गिरकर 26250 पर बंद हुआ। जहां FMCG, पीएसयू बैंक, रियल्टी, मेटल जैसे इंडाइसेज में बढ़त दिखी, वहीं ब्लू चिप शेयरों में बिकवाली के बीच IT, ऑयल एंड गैस, फाइनैंशल सर्विसेज और टेलीकम्युनिकेशन इंडाइसेज में गिरावट रही।

एंजेल वन के इक्विटी एनालिस्ट राजेश भोसले ने कहा, 'जियोपॉलिटिकल टेंशन के बावजूद निफ्टी ने इंट्रा डे में नया हाई बनाया। अंडरटोन पॉजिटिव बना हुआ है। पिछले दो सेशंस में 26100-26070 के करीब निचले स्तर बने हैं और यह सपोर्ट जोन बन गया है। ऊपर की ओर अगला रेजिस्टेंस 26400-26500 जोन में है।' भोसले ने कहा, 'ट्रेडर्स को स्टॉक और थीम स्पेसिफिक अप्रोच अपनाना चाहिए, जिससे बेहतर दांव लग सके। ग्लोबल और जियोपॉलिटिकल डिवेलपमेंट्स भी अहम हैं क्योंकि इनसे शॉर्ट टर्म में वोलैटिलिटी आ सकती है।'

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, 'नए साल के पहले पूरे हफ्ते की शुरुआत सतर्कता के साथ हुई। वैश्विक स्तर पर निवेशक अमेरिकी अर्थव्यवस्था के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। यहां तीसरी तिमाही के नतीजों पर फोकस रहेगा। सेंटिमेंट काफी हद तक पॉजिटिव बना हुआ है।'

सोने-चांदी ने लगाई छलांग

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमत 960 रुपये बढ़कर 1,40,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी की कीमत 2,600 रुपये की भारी बढ़त के साथ 2,44,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। ग्लोबल मार्केट में भी सोने-चांदी में उछाल आई है।

सहमे निवेशक

- सेंसेक्स: 85,439.62 (322.39 अंक की गिरावट)
- निफ्टी: 26,250.30 (78.25 अंक की गिरावट)
- कच्चा तेल: 60.67 डॉलर प्रति बैरल (0.13% की गिरावट)
- IT सेक्टर: -1.37%
- ऑयल एंड गैस: -1.18%
- BSE स्मॉलकैप: 0.07% बढ़ा
- BSE मिडकैप: 0.05% बढ़ा

- रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिका के कड़े रुख और वेनेजुएला संकट की वजह से बाजार में बिकवाली हावी रही, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही लाल निशान में बंद हुए।

क्यों गिरे तेल कंपनियों के शेयर

निफ्टी IT इंडेक्स ने सबसे ज्यादा 1.43% की गिरावट के बाद निफ्टी ऑयल एंड गैस इंडेक्स 1.02% गिरा और 12214 पॉइंट्स पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, HPCL, ONGC और ऑयल इंडिया में 1% से 2% तक की गिरावट रही। केडिया फिनकॉर्प के फाउंडर नितिन केडिया ने कहा, 'ऑयल एंड गैस शेयरों में गिरावट की मुख्य वजह ट्रंप का बयान रहा। इसका सेंटिमेंटल असर पड़ा। हालांकि वेनेजुएला में अगर अमेरिकी कंपनियां प्रोडक्शन बढ़ा पाती हैं, तो भी उसका बड़ा उपयोग अमेरिकी रिफाइनरीज ही करेंगी क्योंकि वह काफी हेवी ऑयल होता है।'

वेनेजुएला मामले का कितना असर?

वेनेजुएला में 303 बिलियन बैरल से ज्यादा ऑयल भंडार है। अमेरिकी हमले के बाद सोमवार को इंटरनैशनल मार्केट में ब्रेंट क्रूड करीब 0.7% ऊपर 61.19 पर ट्रेड कर रहा था। PL कैपिटल के रिसर्च एनालिस्ट स्वर्णेंदु भूषण ने कहा, 'वेनेजुएला में तेल उत्पादन तुरंत नहीं बढ़ने जा रहा। कुछ होगा भी तो उसमें 3-6 महीने लग सकते हैं। इस बीच, वैश्विक अनिश्चितता से रिस्क प्रीमियम बढ़ सकता है।' PL कैपिटल ने BPCL और HPCL को होल्ड रेटिंग दी है। उसने ONGC, RIL और ऑयल इंडिया को खरीदने की सलाह दी। कोटक सिक्योरिटीज में AVP-कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने कहा, 'वेनेजुएला के घटनाक्रम से ऑयल प्राइसेज ने मामूली प्रतिक्रिया दी क्योंकि ग्लोबल क्रूड सप्लाई पर सीमित असर रह सकता है। OPEC+ उत्पादन के अपने रास्ते पर कायम है। मीडियम टर्म में वेनेजुएला की ऑयल इंडस्ट्री को रिवाइव करने की अमेरिकी कोशिश से सप्लाई बढ़ सकती है।'

बिना OTP, e-Sign के नहीं खुलेगा NPS खाता

NBT रिपोर्ट : NPS (नैशनल पेंशन सिस्टम) में खाता खुलवाना अब पहले से ज्यादा सुरक्षित होने जा रहा है। पेंशन रेगुलेटर PFRDA ने NPS में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने वालों के लिए नया नियम जारी किया है। ET के मुताबिक, अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने के लिए मोबाइल पर आने वाले OTP या डिजिटल सिग्नेचर (e-Sign) के जरिए पहचान साबित करना जरूरी कर दिया गया है। PFRDA ने बताया कि यह नया नियम 15 जून 2020 के पुराने सर्कुलर में बदलाव करके लागू किया गया है। इसमें ई-साइन या ओटीपी की सुविधा सिर्फ एक ऑप्शन के तौर पर दी गई थी।

PFRDA के नए सर्कुलर के मुताबिक, अब जो भी लोग ऑनलाइन NPS खाता खोलेंगे, उन्हें फॉर्म सबमिट करते समय ई-साइन या अपने मोबाइल नंबर पर आए OTP के जरिए उसे वेरिफाई करना होगा। ऑनलाइन फॉर्म भरते समय अंत में जो भी जरूरी घोषणाएं और नियम-शर्तें होती हैं, उनके लिए आवेदक की मंजूरी अब इसी ओटीपी या ई-साइन के जरिए ही ली जाएगी। इसके बिना फॉर्म पूरा नहीं माना जाएगा।

PFRDA ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने वालों के लिए नया नियम जारी किया है।

PFRDA ने अपने बयान में कहा है कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि ग्राहकों के लिए पूरी प्रक्रिया और भी सुरक्षित और भरोसेमंद बनाई जा सके। इस नए सर्कुलर के जारी होने के बाद पेंशन बॉडी ने सभी सेंट्रल रिकॉर्डकीपिंग एजेंसियों (CRAs) और पॉइंट्स ऑफ प्रेजेंस (POPs) को निर्देश दिए हैं। उनसे कहा गया है कि वे अपने सिस्टम और ग्राहकों के ऑनलाइन जुड़ने की प्रक्रिया को इन नए नियमों के हिसाब से तुरंत अपडेट कर लें।

फूड डिलिवरी ऐप्स पर क्वॉलिटी की समस्या: सर्वे



NBT रिपोर्ट : फूड डिलिवरी ऐप्स से खाना मंगाने वाले 55% ग्राहकों का कहना है कि इन ऐप्स पर खाने की कीमत रेस्टोरेंट के मुकाबले कहीं ज्यादा होती है। LocalCircles के सर्वे के मुताबिक, 90% से ज्यादा लोग खाने की क्वॉलिटी और पैकिंग से जुड़ी समस्याओं का सामना कर चुके हैं। 56% लोगों का कहना है कि डिलिवरी के दौरान लापरवाही की वजह से खराब खाना मिला। विशेषज्ञों का कहना है कि फूड अथॉरिटी को दखल देना चाहिए।

महीने में ऑर्डर?

- 29% : एक-दो बार,
- 29% : 3 से 5 बार
- 16% : 5 से 10 बार
- 1% : 10-30 बार
- 22% : कभी नहीं करते।

डिलिवरी में लापरवाही?

- 56% : एक से ज्यादा बार।
- 36% : एक बार भी नहीं।
- 8% : कोई उत्तर नहीं।

कीमत की समस्या?

- 55% : रेट + टैक्स से परेशान।
- 10% : ऐप पर रेट ज्यादा होने की शिकायत।
- 9% : टैक्स और डिलिवरी चार्ज से परेशानी।
- 26% : कोई शिकायत नहीं।

सबसे बड़ी समस्या?

- 27% : असुरक्षित पैकिंग।
- 25% : क्वॉलिटी खराब।
- 25% : ठंडा खाना।
- 16% : अन्य समस्याएं।
- 7% : कोई जवाब नहीं।

हेल्थ बीमा क्लेम मिलने में आई तेज़ी, पर औसत रकम में गिरावट: रिपोर्ट

NBT रिपोर्ट : साल 2024-25 (FY25) में हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने रेकॉर्ड संख्या में क्लेम निपटाए हैं। क्लेम मिलने की रफ्तार बढ़ी है और क्लेम खारिज (रिजेक्ट) होने के मामलों में कमी आई है। हालांकि, इंश्योरेंस का दायरा बढ़ने और कैशलेस इलाज के ज्यादा इस्तेमाल के बीच, हर क्लेम पर मिलने वाली औसत राशि में थोड़ी गिरावट देखी गई है। ET के मुताबिक, बीमा नियामक IRDAI की सालाना रिपोर्ट से ये जानकारी सामने आई है।

क्या कहते हैं आंकड़े? : कंपनियों ने साल 2024-25 के दौरान दर्ज हुए कुल क्लेम में से करीब 87% (3.26 करोड़ क्लेम) का निपटारा किया। पिछले साल (2023-24) यह आंकड़ा 83% था। वहीं, क्लेम खारिज होने की दर 11% से घटकर 8% रह गई है। मार्च के अंत तक पेंडिंग क्लेम भी 6% से कम होकर करीब 5% पर आ गए हैं।

औसत में कमी? : अगर पैसों की बात करें, तो कंपनियों ने कुल मिलाकर 94,248 करोड़ रुपये के क्लेम बांटे, जो पिछले साल के 83,493 करोड़ रुपये से ज्यादा है। प्रति क्लेम मिलने वाली औसत रकम 31,086 रुपये से घटकर 28,910 रुपये रह गई। क्लेम के भुगतान में कैशलेस सुविधा का दबदबा बना हुआ है। साल 2024-25 में कुल क्लेम राशि का करीब 66.35% हिस्सा कैशलेस के जरिए दिया गया। यह पिछले साल (66.17%) के लगभग बराबर ही है।

वहीं, बिल जमा कर पैसा वापस लेने (रिइम्बर्समेंट) वाले क्लेम का हिस्सा 31.35% से घटकर 29.34% रह गया है। करीब 3% क्लेम ऐसे थे जिनमें कैशलेस और रिइम्बर्समेंट दोनों का इस्तेमाल हुआ।

सुधार की वजह? : सिस्टम में यह सुधार रेगुलेटर (IRDAI) की सख्ती की वजह से आया है। नए नियमों के मुताबिक, अस्पताल में भर्ती होने के लिए प्री-ऑथराइजेशन (शुरुआती मंजूरी) 1 घंटे के भीतर और डिस्चार्ज के वक्त फाइनल मंजूरी 3 घंटे के भीतर देनी होगी। इसमें देरी होती है, तो इसका हर्जाना कंपनियों को अपने शेयरहोल्डर्स के फंड से भरना होगा। अब किसी भी क्लेम को रिजेक्ट करने से पहले उसे रिव्यू कमेटी से पास कराना अनिवार्य है।

IRDAI की रिपोर्ट

- कुल क्लेम सेटल: 3.26 करोड़ रुपये (FY25)
- कुल भुगतान: 94,248 करोड़ रुपये (FY24 में 83,493 करोड़ रुपये था)
- औसत क्लेम राशि: 28,910 रुपये (पिछले साल 31,086 रुपये)
- कैशलेस क्लेम हिस्सा: 66.35%
- रिइम्बर्समेंट हिस्सा: 29.34%
- TPA के जरिए सेटलमेंट: 69%

AC-फ्रिज की स्टार रेटिंग निकली फर्जी, तो ऐक्शन

NBT रिपोर्ट: अगर आप नया एयर कंडीशनर (AC), फ्रिज या टीवी खरीदने जा रहे हैं, तो यह खबर आपके काम की है। सरकार अब उन कंपनियों पर सख्त कार्रवाई करने जा रही है जिनके उपकरण 'स्टार रेटिंग' के वादे पर खरे नहीं उतरते। अगर किसी डिवाइस की बिजली खपत उसके स्टार लेबल पर किए गए दावे से ज्यादा पाई गई, तो ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (BEE) उस कंपनी पर भारी जुर्माना लगाएगा। इतना ही नहीं, नियमों का उल्लंघन करने वाले मॉडल्स की बिक्री पर रोक भी लगाई जा सकती है।

कंपनियों पर नकेल कसने की तैयारी में सरकार

BEE या राज्य की एजेंसियां बाजार में बिकने वाले उपकरणों की बारीकी से जांच करेंगी। यह जांच दुकानों के साथ-साथ ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर भी होगी। कंपनियों के लिए अब स्टार रेटिंग का लेबल रिटेल स्टोर्स और वेबसाइट्स पर साफ-साफ दिखाना अनिवार्य होगा। BEE ने साफ कहा है कि अगर कोई मॉडल नियमों को पूरा नहीं करता, तो कंपनी को नोटिस दिया जाएगा और जुर्माना लगेगा। अगर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कोई गलत जानकारी वाला मॉडल बिकता पाया गया, तो उसे साइट से हटाने (डी-रजिस्टर करने) का आदेश दिया जाएगा। कंपनियों को दुकानों की लिस्ट भी देनी, ताकि अधिकारी वहां जाकर निरीक्षण कर सकें।

नवभारत टाइम्स

Enterटेनमेंट masalamix

सिंगर चित्रा अय्यर की बहन का ट्रेकिंग के दौरान निधन

मलयालम और तमिल सिनेमा की मशहूर सिंगर चित्रा अय्यर की बहन, शारदा अय्यर का हाल ही में ओमान में निधन हो गया है। 54 साल की शारदा, जेबेल शम्स इलाके में ट्रेकिंग के दौरान दुर्घटना का शिकार हो गईं। सिंगर ने बहन के अवसान पर इमोशनल पोस्ट साझा की है।

राशि खन्ना

'हमारी इंडस्ट्री में हीरो को पूजा जाता है'

दिल्ली की कुड़ी राशि खन्ना ने हिंदी फिल्म मद्रास कैफे से ऐक्टिंग का ककहरा सीखा, तो जल्द ही तमिल-तेलुगु सिनेमा को भी साध लिया। पैन इंडिया कलाकार बन चुकी राशि आने वाले दिनों में तेलुगु फिल्म उस्ताद भगत सिंह, तमिल फिल्म राउडी ऐंड कंपनी तो हिंदी फिल्म तलाखों में एक में नजर आएंगी। ऐसे में, हमने विविध पहलुओं पर उनसे की खास बातचीत:

Upma.Singh@timesofindia.com

Q आप दिल्ली में पली-बढ़ीं, मुंबई में करियर शुरू किया, अब हैदराबाद में सेटल हैं, तो इन अलग-अलग शहरों ने आपको कैसे गढ़ा?

सच कहूं कि कभी-कभी मुझे लगता है कि मैं कौन हूं, क्योंकि मैं इतने किरदार निभाती हूं और वो किरदार करते हुए मैं वही बन जाती हूं। फिर वो तमिल हो, तेलुगु हो या हाल ही में मैंने पंजाबी, राजस्थानी, बंगाली किरदार किए तो मेरे मैनेजर बोलते हैं कि आप पैन इंडिया हैं (हंसती हैं)। मैं हैदराबाद में रहती हूं, तो हैदराबाद घर बन चुका है। दिल्ली और मुंबई मैं आती-जाती रहती हूं। मैं फूडी हूं और दिल्ली के खाने का कोई मुकाबला नहीं है। हालांकि, मेरी मम्मी साथ में रहती हैं तो वो दिल्ली वाले छोले भटूरे या कुल्चे छोले घर पर बना देती हैं। फिर भी, वेस्ट दिल्ली में एक ज्वाला हेरी मार्केट थी, जहां हम गोलगप्पे खाने जाते थे, तो वो टिक्की और गोलगप्पे अब भी याद आते हैं। मुंबई की सबसे अच्छी बात सेफ्टी है। वहां रात के 12 बजे भी ऑटो लेकर कहीं भी जा सकते हैं, घूम सकते हैं। मैं जब मुंबई में रहती थी तो ऑटो में बहुत घूमती थी।

Q आपने बॉलिवुड फिल्म मद्रास कैफे से करियर शुरू किया था। फिर साउथ की ओर कैसे मुड़ीं? हिंदी में ही आगे बढ़ने का ख्याल नहीं आया?

असल में, मैं फिल्में देखकर बड़ी नहीं हुई हूं। मेरी सिनेमा में कोई रुचि भी नहीं थी तो जब मैंने मद्रास कैफे की तो ये नहीं सोचा था कि अरे, मैं स्टार बनूंगी। मुझे बस उस सेट पर काम करना अच्छा लगा तो धीरे-धीरे मैं और काम करती गई। मैंने तो यह भी सोचा था कि मद्रास कैफे के बाद अगर ढंग की फिल्म नहीं मिली तो मैं कुछ और कर लूंगी लेकिन तभी मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली, जो लोगों को अच्छी लगी। फिर मुझे काम मिलता गया और मैं करती गई। मैंने कभी ये सब सोचा ही नहीं कि हिंदी करना है या साउथ में करना है। ये चीजें आपके हाथ में होती भी नहीं हैं। होता वही है जो किस्मत में होता है तो मैं दोनों में संतुलन करना पसंद करती हूं।

> इंडस्ट्री में थोड़ा हीरो वरशिप (हीरो की पूजा) होता है। इसलिए, उन्हें थोड़ा ज्यादा इज्जत मिलती है। हालांकि, अब चीजें बदल रही हैं क्योंकि लड़कियां बोलने लगी हैं।

Q आप बिना किसी फिल्मी कनेक्शन के यहां तक पहुंची हैं। एक आउटसाइडर होने का क्या खामियाजा महसूस हुआ?

यह जरूरी नहीं है कि अगर आप इंडस्ट्री से हैं तो आपको काम मिलता ही रहेगा। हो सकता है कि थोड़े समय तक मिले, पर आगे बढ़ने के लिए आपमें टैलेंट होना भी जरूरी है। ये सही है कि हम जैसे बाहर से आए ऐक्टर्स को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है पर मैं मेहनत से कभी नहीं डरी। मुझे पता था कि ये परिस्थितियां हैं, इनका मैं कुछ नहीं कर सकती। मेरे हाथ में सिर्फ मेरी मेहनत है। मुझे कोई फिल्म नहीं भी मिली तो मैंने खुद को कभी बेचारी या विक्टिम की तरह नहीं देखा। मैंने सिर्फ मेहनत की। रिजेक्शन भी मिला तो मैं समझती हूं कि ये बिजनेस है या उन्हें किसी और को फेवर करना है तो मैं बुरा नहीं मानती। मुझे लगता है कि जो आपकी किस्मत में है वो मिलना ही है।

Q इंडस्ट्री में गैर-बराबरी पर कई ऐक्ट्रेसेज ने बोला है। आपका इस मामले में क्या अनुभव रहा है?

हमारा समाज ही पितृसत्तात्मक है। इंडस्ट्री में भी हम थोड़ा हीरो वरशिप (हीरो की पूजा) करते हैं। इसलिए, उन्हें थोड़ा ज्यादा इज्जत मिलती है। हालांकि, अब चीजें बदल रही हैं क्योंकि लड़कियां बोलने लगी हैं। फिर भी अभी पूरी तरह से नहीं बदली है तो निश्चित तौर पर सेट पर ट्रीटमेंट के मामले में ऐक्टर और ऐक्ट्रेस के बीच अंतर होता है क्योंकि प्रड्यूसर्स का कहना है कि जो ज्यादा ऑडियंस लाएगा, उसे ज्यादा इज्जत मिलेगी। हो सकता है कि भविष्य में यह सोच बदले। उसमें वक्त लगेगा लेकिन चीजें बदलेंगी।

आप खाने की शौकीन हैं, क्या ऐक्ट्रेस बनने के बाद डायट के चलते किसी पसंदीदा पकवान की कुर्बानी देनी पड़ी है?

बहुत चीजों की, मतलब मेरे दोस्त सामने खा रहे होंगे और मैं कहूंगी नहीं-नहीं, लेकिन मैं हमेशा से बहुत डिसिप्लिन रही हूं, तो मैं बैलेंस कर लेती हूं। जैसे अगर मैं तीन महीने शूट कर रही हूं और मैं कुछ नहीं खा रही हूं तो उसके बाद एक ट्रिप लूंगी और सब खाकर आऊंगी। मैं खुद को भूखा नहीं रखती। मैं क्रैश डायट पर बिल्कुल यकीन नहीं करती क्योंकि यह केवल आपका सिस्टम खराब करती है। हालांकि, मीठा मुझे बहुत पसंद था। मैं पहले बहुत मीठा खाती थी जो अब लगभग बंद ही कर दिया है। इसी तरह, मुझे समोसे बहुत पसंद हैं, वो भी बहुत कम कर दिया है।

अपने जन्मदिन पर दीपिका ने दिया फैंस को तोहफा



दीपिका पादुकोण ने अपना 40वां जन्मदिन फैंस के साथ मनाया। इस खास दिन पर मुंबई में अपने फैंस से मिलकर उन्होंने केक काटा और खूब बातचीत की। यही नहीं, उन्होंने फैंस को खूब गिफ्ट भी दिए।

वहीं उन्होंने एक अनोखी पहल भी की। उन्होंने नए टैलेंट को बढ़ावा देने के लिए द ऑनसेट प्रोग्राम शुरू किया। इसका मकसद ऐसे नए क्रिएटिव आर्टिस्ट्स को मौका देना है जो इंडियन फिल्म, टीवी और विज्ञापन की दुनिया में अपना करियर बनाना चाहते हैं।

अथिया शेट्टी के नाम पर करोड़ों की ठगी

मुंबई की अंबोली पुलिस ने 1.41 करोड़ रुपए की हेराफेरी के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि इनमें से एक आरोपी ने अथिया शेट्टी के जाली साइन बनाए और अरशद वारसी के नाम से एक फर्जी ईमेल आईडी बनाकर इस धोखाधड़ी की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जनवरी 2024 में एक आरोपी ने एक कंपनी के ईमेल का दुरुपयोग कर अथिया के नाम पर एक जूलर्स से 40 लाख रुपए की विज्ञापन डील की। इसके लिए उसने एक फर्जी एग्रीमेंट पर अथिया शेट्टी के जाली साइन किए और जूलर से 15 लाख रुपए वसूले और अथिया और केएल राहुल से जुड़ा एक फर्जी एक इनवॉइस भी तैयार कराया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 06-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMKHEL User: cci Time: 01-05-2026 22:33 Color:

मेरा फोकस एशियन गेम्स पर है और उससे आगे के बारे में नहीं सोच रही। मैं एशियन गेम्स के बाद संन्यास का फैसला लूंगी। अगर हम वहीं से ओलिंपिक्स के लिए क्वॉलिफाई करते हैं, तो बहुत अच्छा होगा। - सविता पूनिया, गोलकीपर, भारत

19 बार आउट किया था ग्लेन मैक्ग्रा ने माइकल एथरटन को टेस्ट क्रिकेट में। यह किसी एक बैटर को टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक बार आउट करने का रेकॉर्ड है। दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के एलेक बेडसर हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के आर्थर मॉरिस को टेस्ट में 18 बार आउट किया था

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. रिकी पॉन्टिंग के नाम कुल कितनी टेस्ट सेंचुरी हैं? A) 46 B) 45 C) 41 D) 40
2. श्रेयस अय्यर विजय हजारे ट्रॉफी में किस टीम की कप्तानी करेंगे? A) दिल्ली B) पंजाब C) कोलकाता D) मुंबई

कल के जवाब
1. A) 27 2. C) 67

लकी WINNER

1. भूपेंद्र मावी, दयालपुर, दिल्ली
2. पुतुल चौधरी, अंधेरी, मुंबई
3. रजनी गोस्वामी, गाजियाबाद, यूपी

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

इंग्लैंड के 384 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने की तेज शुरुआत

रूट ने छुआ एक और शिखर

ऑस्ट्रेलिया vs इंग्लैंड
पांचवां टेस्ट, दूसरा दिन

■एजेंसियां, सिडनी: जो रूट ने एशेज सीरीज खेलने के लिए पहली बार 2013 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। उस दौरे पर उनका बल्ला कुछ खास नहीं कर सका। इसके बाद से रूट ने तीन बार एशेज सीरीज खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की, लेकिन हर बार भी उनके बल्ले से सेंचुरी नहीं निकली। रूट ने दुनिया के तकरीबन हर देश में दमदार प्रदर्शन किया मगर ऑस्ट्रेलिया में लगातार असफलता उनके करियर पर एक 'दाग' की तरह थी। इंग्लैंड के इस सर्वकालिक महान बल्लेबाज ने आखिरकार इस मैल को साफ कर ही लिया। उन्होंने मौजूदा एशेज सीरीज में दूसरी सेंचुरी जड़ दी है। सीरीज के उनके दूसरे शतक से इंग्लैंड ने मेजबानों के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन बड़ा स्कोर खड़ा किया। हालांकि, इसके बाद ट्रेविस हेड की आक्रामक बैटिंग से ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में शानदार शुरुआत की है।

एक और बड़ी पारी: रूट की 160 रन की पारी के बदौलत इंग्लैंड की पहली पारी टी-ब्रेक से पहले 384 रन पर सिमट गई। यह ऑस्ट्रेलिया में रूट का बेस्ट टेस्ट स्कोर है। स्टंप तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 166 रन बना लिए थे। हेड सीरीज में अपने तीसरे शतक के करीब हैं। वह 87 गेंद में 91* रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने दिन के आखिरी सेशन में जेक वेदराल्ड (21) और मार्नस लाबुशेन (48) को आउट किया। रूट ने 242 गेंद में 160 रन बनाए और वह माइकल नेसर की गेंद पर रिटर्न कैच देकर आउट हुए। रूट ने अपनी इनिंग्स में 15 फोर मारे।

जश्न का अंदाज खास: रूट ने अपनी पारी की 146वीं गेंद पर 41वां टेस्ट शतक पूरा करने के बाद उसी अंदाज में जश्न मनाया जिस तरह उन्होंने इस दौरे के ब्रिसबेन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर अपना पहला शतक पूरा करने के बाद मनाया था। उन्होंने इस शतक के साथ टेस्ट में सर्वाधिक शतकों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग की बराबरी कर ली। रूट ने हैरी ब्रूक के साथ 169 रन की साझेदारी की। ब्रूक 84 रन बनाकर स्कॉट बोलैंड की गेंद पर स्टीव स्मिथ को कैच देकर पवेलियन लौटे। मिचेल स्टार्क (दो विकेट) ने इसके बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (0) को सीरीज में पांचवीं बार चलता किया। इंग्लैंड ने सिर्फ नौ रन के अंदर आखिरी चार विकेट गंवा दिए।

24 टेस्ट शतक बनाए हैं जो रूट ने साल 2021 से। यह इस दौरान सर्वाधिक टेस्ट शतक है। दूसरे स्थान पर 10-10 टेस्ट सेंचुरी के साथ स्टीव स्मिथ, विलियमसन, हैरी ब्रूक और शुभमन गिल हैं।

जो रूट अपना 163वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। उनसे अधिक टेस्ट सिर्फ 3 खिलाड़ियों ने खेले हैं

टेस्ट में सर्वाधिक 150+ स्कोर बनाने वाले बैटर



टेस्ट में सर्वाधिक शतक

सचिन तेंडुलकर	भारत	51
जैक कालिस	द. अफ्रीका	45
रिकी पॉन्टिंग	ऑस्ट्रेलिया	41
जो रूट	इंग्लैंड	41*
कुमार संगकारा	श्रीलंका	38

ब्रीफ स्कोर
इंग्लैंड (पहली पारी): 97.3 ओवर में 384 रन (जो रूट 160, हैरी ब्रूक 84, जेमी स्मिथ 46, माइकल नेसर 4/60, स्कॉट बोलैंड 2/85)
ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी): 34.1 ओवर में 166/2* (ट्रेविस हेड 91*, मार्नस लाबुशेन 48, बेन स्टोक्स 2/30)

4 चौथे इंग्लिश बैटर बने 1994/95 सीजन के बाद जो रूट ऑस्ट्रेलिया में खेली गई एशेज सीरीज में दो या उससे अधिक शतक बनाने वाले

87.12 स्ट्राइक रेट से ट्रेविस हेड ने इस एशेज सीरीज में 528 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट एक ही एशेज सीरीज में 500+ रन बनाने वाले बैटर्स के बीच बेस्ट है

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

सचिन का रेकॉर्ड 42 पारियों में तोड़ेंगे रूट!

जो रूट टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर्स की सूची में 13937 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। टॉप पर दिग्गज सचिन तेंडुलकर हैं, जिन्होंने 200 टेस्ट मैच में 15921 रन बनाए हैं। जो रूट का टेस्ट बैटिंग ऐवरेज 51.23 है, लेकिन उनका प्रति पारी बैटिंग ऐवरेज (नाबाद रहे पारियों को मिलाकर) 46.92 है। रूट को सचिन का रेकॉर्ड तोड़ने के लिए 1985 रन और चाहिए। अगर वह इसी रफ्तार से टेस्ट में रन बनाते रहे तो लगभग 42 पारियों में सचिन का रेकॉर्ड तोड़ सकते हैं। रूट (41) रेकॉर्ड टेस्ट सेंचुरी के मामले में सचिन (51) से 10 शतक दूर हैं। रूट लगभग हर सातवीं पारी में एक सेंचुरी लगाते हैं। ऐसे में उन्हें सचिन के रेकॉर्ड की बराबरी करने के लिए शायद 70 पारियां और उस रेकॉर्ड से आगे जाने के लिए 77 पारियां लगेंगी।

श्रेयस को मिली मुंबई की कमान, विराट मैच के लिए उपलब्ध नहीं

चोट के कारण बाहर रहे थे श्रेयस

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

■एजेंसियां, मुंबई: श्रेयस अय्यर को विजय हजारे ट्रॉफी के बाकी बचे मुकाबलों के लिए मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया है। नियमित कप्तान शार्दुल ठाकुर चोट के कारण बाहर हो गए हैं। श्रेयस भी लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के दौरान उन्हें स्प्लीन (तिल्ली) में चोट लगी थी। उधर, विराट कोहली मंगलवार को रेलवे के खिलाफ दिल्ली के मैच में नहीं खेलेंगे। टीम के हेड कोच सरनदीप सिंह ने पीटीआई को यह जानकारी दी।

मैच होगा फिटनेस टेस्ट: मुंबई के चीफ सिलेक्टर संजय पाटिल ने शार्दुल की चोट की प्रकृति के बारे में बताए बिना पीटीआई से कहा, 'शार्दुल को चोट लगी है और उन्हें आराम की सलाह दी गई है। श्रेयस को बाकी बचे मुकाबलों के लिए मुंबई का कप्तान नियुक्त किया गया है।' श्रेयस को न्यूजीलैंड के खिलाफ वडोदरा में 11 जनवरी से शुरू हो रही तीन मैच की वनडे इंटरनैशनल सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी। श्रेयस के लिए विजय हजारे ट्रॉफी का मैच एक तरह से फिटनेस टेस्ट भी होगा।

खेल सकते हैं पंत, राणा
विराट ने इस सीजन दिल्ली के लिए दो मैच खेले हैं। उन्होंने इनमें 131 और 77 रन बनाए। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए जल्द ही भारतीय टीम से जुड़ेंगे। दिल्ली के कोच सरनदीप ने बताया कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और पेसर हर्षित राणा अलूर में मंगलवार को होने वाले मुकाबले में सिलेक्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे। दिल्ली की टीम टूर्नामेंट में अपने पांच मैच में से चार मैच जीत चुकी है।

NADA RTP

लिस्ट में स्मृति और जेमिमा का भी नाम

स्मृति मंधाना

■पीटीआई, नई दिल्ली: क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स नैशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (NADA) की 2026 की पहली तिमाही के लिए रजिस्टर्ड टेस्ट पूल (RTP) में शामिल की गई हैं। इस 347 सदस्यीय लिस्ट में 118 खिलाड़ियों के साथ सबसे अधिक ऐथलीट को जगह मिली है। RTP में शामिल खिलाड़ियों को NADA के साथ अपना रहने का स्थान साझा करना पड़ता है और प्रत्येक दिन एक तय समय में टेस्ट के लिए उपलब्ध रहना होता है। अपनी उपलब्धता का स्थान बताने में तीन बार नाकाम रहने को डोपिंग उल्लंघन माना जाता है। पिछली RTP लिस्ट में 227 खिलाड़ी शामिल थे और इस बार इसमें 120 नाम और जोड़े गए हैं। खिलाड़ियों की लिस्ट में यह इजाफा इस साल होने वाले कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स तथा भारत द्वारा अधिक टेस्ट पर जोर देने की वजह से हुआ है।

बांग्लादेशी खिलाड़ियों पर कोई फैसला नहीं: कपिल

PGTI गोल्फ टूर्नामेंट

कपिल देव, प्रेजिडेंट, PGTI

■पीटीआई, नई दिल्ली: पूर्व क्रिकेट कप्तान और प्रफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (PGTI) के प्रेजिडेंट कपिल देव ने कहा कि भारत के गोल्फ टूर में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों से और अपनी सरकार की सलाह के बाद भारत में अगले महीने टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम नहीं भेजने का फैसला लिया है। इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) टीम कोलकाता नाइटराइडर्स ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के निर्देश पर बांग्लादेश के पेसर मुस्ताफिजुर रहमान को टीम से अलग करने का फैसला किया था।

BCB के फैसले पर टिप्पणी नहीं: PGTI टूर से बांग्लादेशी खिलाड़ियों को बाहर करने की संभावना के बारे में पूछने पर कपिल ने कहा, 'हम इस पर बात करेंगे। अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है।' बांग्लादेश के जमाल हुसैन, मोहम्मद सिद्दीकुर रहमान और मोहम्मद अकबर हुसैन समेत कई प्रमुख गोल्फर PGTI टूर पर खेलते हैं। कपिल ने इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) को पत्र लिखने वाले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के फैसले पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। कपिल ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत को गोल्फ के विकास के लिए टीम आधारित ढांचे की जरूरत है। उन्होंने IPL के बाद भारतीय क्रिकेट में आए बदलाव का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, 'भारत को गोल्फ में भी टीम फॉर्मेट की जरूरत है।'

फटाफट खबरें

अनाहत सेमीफाइनल में
■बर्मिंघम: भारत की अनाहत सिंह ने ब्रिटिश जूनियर अंडर-19 ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट के विमिंस सिंगल्स सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अनाहत ने इजिप्ट की बार्ब समेह को 11-4, 10-12, 11-9, 11-3 से हराया। भारत के आर्यवीर दीवान ने इजिप्ट के यासीन कौसीतम को 9-11, 11-3, 10-12, 11-9, 12-10 से हराकर अंडर-17 बॉयज के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

आद्या, राजदीप को खिताब
■बड़ोदरा: आद्या बहेती और राजदीप बिस्वास ने वर्ल्ड टेबल टेनिस यूथ कंटेंडर में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के अंडर-11 एकल वर्ग का खिताब जीता। फाइनल में आद्या ने साध्य संतोष को 15-13, 11-8, 12-10 से हराया, जबकि राजदीप ने खिताबी मुकाबले में शर्विल करामबेलकर को 11-8, 11-6, 11-13, 11-4 से शिकस्त दी।

नहीं रहे मनोज कोठारी
■कोलकाता: पूर्व वर्ल्ड बिलियर्ड्स चैंपियन मनोज कोठारी का सोमवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली स्थित एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और पुत्र सौरव कोठारी (पूर्व वर्ल्ड चैंपियन) और बेटी श्रेया कोठारी हैं।

अहदाद और टिरी हटे
■कोलकाता: ईस्ट बंगाल के मोरक्को के फॉरवर्ड हामिद अहदाद ने क्लब से नाता तोड़ लिया है। उधर, मुंबई सिटी एफसी ने भी स्पेन के अपने सेंटर बैक टिरी के जाने की घोषणा की। ISL 2025-26 सीजन में देरी के कारण कई विदेशी प्लेयर्स ने टीमों को छोड़ा है।

क्रिकेट कॉर्नर

चैंपियंस का सम्मान

Kaushik Naik

मुंबई में सोमवार को रिलायंस फाउंडेशन की पहल 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' (United in Triumph) कार्यक्रम के दौरान भारत के वर्ल्ड कप विजेता क्रिकेटर कप्तानों-रोहित शर्मा, हरमनप्रीत कौर और दीपिका टीसी के साथ श्रीमती नीता एम. अंबानी (बाएं से तीसरी)।

सूर्यकुमार को पॉन्टिंग की सलाह, आउट होने के बारे में मत सोचो

भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार

■एजेंसियां, दुबई: सूर्यकुमार यादव के पिछले 18 महीने से चल रहे खराब प्रदर्शन से हैरान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने उनको सलाह दी है कि वह आउट होने के बारे में सोचे बिना रन बनाने पर ध्यान दें। सूर्य ने साल 2025 में टी20I के 21 मैचों में 218 रन बनाए। पॉन्टिंग ने सूर्य की फॉर्म के बारे में 'आईसीसी रिव्यू' से कहा, 'उनकी हालिया फॉर्म मेरे लिए भी बहुत बड़ी आश्चर्य की बात है। वह कुछ हद तक ट्रेविस हेड की तरह हैं, जिन्हें देखकर ऐसा लगता है कि उन्हें आउट होने का डर नहीं है। मैं सूर्य से यही कहूंगा कि रन बनाने पर ध्यान दें, आउट होने के बारे में मत सोचें। खुद पर भरोसा रखें, खुद का समर्थन करें। टी20 फॉर्मेट में आप दुनिया के किसी खिलाड़ी से कम नहीं हैं।'

मार्टिन की हालत और सुधरी
ब्रिस्बेन: गोल्ड कोस्ट के एक अस्पताल में दिमागी बुखार का इलाज करा रहे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेमियन मार्टिन कोमा से बाहर आ गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि 54 वर्ष का यह वर्ल्ड कप विजेता क्रिकेटर जल्दी ही आईसीयू से बाहर आ जाएगा।

लंबे ब्रेक के बाद सिंधु करेंगी वापसी, लक्ष्य भी होंगे होड़ में

मलयेशिया ओपन बैडमिंटन

भारतीय शटलर पीवी सिंधु

■एजेंसियां, कुआलालंपुर: लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु समेत भारतीय खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सीजन के शुरुआती टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। ये खिलाड़ी कुल 14.50 लाख डॉलर इनामी राशि वाले मलयेशिया ओपन सुपर-1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरेंगे तो उनकी नजरें मजबूती से शुरुआत करने पर लगी होंगी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए 2025 अच्छा नहीं रहा। जिसमें टॉप खिलाड़ी चोटों और खराब फॉर्म से जूझते रहे। सिंधु के लिए भी पिछला साल निराशाजनक रहा। वह चोट के कारण अक्टूबर के बाद से खेल नहीं सकी हैं। वह पहले राउंड में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से खेलेंगी। लक्ष्य सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ उतरेंगे। सात्विक साईराजरंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय मेंस डबल्स जोड़ी पहले राउंड में चीनी ताइपे के ली झे हुइ और यांग पो सुआन से खेलेगी।

सूरमा ने खोला जीता का खाता

हॉकी इंडिया लीग

विजयी गोल के बाद शैनन (दाएं) टीम के साथ गोल का जश्न मनाती हुईं

■NBT रिपोर्ट, रांची: पेनी स्क्विब और ओलिविया शैनन के गोल की मदद से जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने विमिंस हॉकी इंडिया लीग (HIL) में रांची रॉयल्स को 2-1 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। घरेलू दर्शकों के समर्थन के बावजूद रांची की टीम बराबरी नहीं कर सकी। मैच की शुरुआत में ही सूरमा ने आक्रामक रुख अपनाया और पहले मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को स्क्विब ने ड्रैग फ्लिक से गोल में बदला। चौथे मिनट में स्क्विब ने गोल लाइन पर शानदार बचाव कर बढ़त बनाए रखी। पहले क्वॉर्टर में रांची को सर्कल में सीमित मौके मिले।

दूसरे क्वॉर्टर में रांची ने वापसी की कोशिश की और 11 सर्कल एंट्री तथा तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन गोल नहीं कर सकी। तीसरे क्वॉर्टर में एगोस्टीना अलोंसो ने बराबरी दिलाई, मगर चार मिनट बाद शैनन (39') ने पेनल्टी स्ट्रोक पर सूरमा को फिर बढ़त दिला दी।

रसेल ने लगाई हैटट्रिक
उधर, चेन्नै में खेले जा रहे मेंस हॉकी इंडिया लीग में HIL GC (हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग काउंसिल) ने केन रसेल की हैटट्रिक की बदौलत अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। HIL GC ने एसजी पाइपर्स को 3-2 से मात दी। पाइपर्स के लिए पहले गोल का इंतजार को विलोट ने 31वें मिनट में खत्म किया और टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, पाइपर्स बढ़त को देर तक कायम नहीं रख सकी। न्यूजीलैंड मूल के रसेल (35 मिनट, 37 मिनट में) ने दो मिनट के भीतर एक के बाद एक गोल किए। दिलराज सिंह ने 56वें मिनट में गोल कर पाइपर्स 2-2 की बराबरी पर ला दिया, लेकिन मैच के आखिरी मिनट में रसेल ने गोल करते हुए HIL GC की जीत सुनिश्चित की।

मोरक्को पहुंचा क्वॉर्टर फाइनल में

फुटबॉल कॉर्नर

मोरक्को के प्लेयर ब्राहिम डियाज

■एजेंसियां, रबात: ब्राहिम डियाज के निर्णायक गोल की बदौलत मेजबान मोरक्को ने अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना ली है। मोरक्को ने तंजानिया को 1-0 से हराया। क्वॉर्टर फाइनल में मोरक्को का सामना पांच बार की चैंपियन कैमरून से होगा। कैमरून ने साउथ अफ्रीका को 2-1 से शिकस्त देकर अंतिम-8 में अपनी जगह सुनिश्चित की। मोरक्को के लिए डियाज ने 64वें मिनट में विजयी गोल दागा। यह टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल रहा। घरेलू दर्शकों के सामने यह गोल आते ही जश्न का माहौल बन गया। उधर, कैमरून ने जूनियर चमदेयू और क्रिश्चियन कोफाने के गोल से साउथ अफ्रीका को हराया। एविडेंस मकोपा के गोल से मुकाबला रोमांचक जरूर हुआ, लेकिन कैमरून ने बढ़त बनाए रखी।

अमोरिम को 14 महीने में ही कर दिया बर्खास्त
मैनचेस्टर: मैनचेस्टर यूनाइटेड ने कोच रुबेन अमोरिम को महज 14 महीने के कार्यकाल के बाद हटा दिया। यह फैसला लीड्स के खिलाफ 1-1 ड्रॉ के एक दिन बाद आया, जब अमोरिम ने क्लब संरचना और अपनी भूमिका को लेकर टिप्पणी की थी। लीग में छठे स्थान पर चल रही यूनाइटेड ने कहा कि बेहतर फिनिश की उम्मीद में यह कदम उठाया गया है। एलेक्स फर्ग्यूसन के सन्यास के बाद अमोरिम पद से हटाए जाने वाले छठे स्थायी कोच रहे।

जोकोविच ने असोसिएशन से अलग होने का फैसला लिया

टेनिस राउंड अप

पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 नोवाक जोकोविच

■एजेंसियां, नई दिल्ली: दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने प्रफेशनल टेनिस प्लेयर्स असोसिएशन (PTPA) से खुद को पूरी तरह अलग करने का ऐलान किया है। इस संगठन की स्थापना जोकोविच ने कनाडा के वासेक पोस्पिसिल के साथ मिलकर की थी। जोकोविच ने कहा कि पारदर्शिता, गवर्नेंस और अपनी छवि को लेकर लगातार चिंताओं के चलते उन्होंने यह फैसला लिया है। जोकोविच ने लिखा कि उन्हें PTPA की मूल सोच पर गर्व है।

याकुब ने कैस्पर को हराया
याकुब मेनसिक की मेंस सिंगल्स में कैस्पर रूड पर 7-5, 7-6 की जीत की बदौलत चेक रिपब्लिक ने यूनाइटेड कप में नॉर्वे को 2-0 से मात दी। रूड को हरा 20 वर्षीय याकुब इस टूर्नामेंट में सिंगल्स मैच जीतने वाले दूसरे सबसे युवा बन गए हैं।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज के दिन अगर आप योजनाबद्ध तरीके से चलेंगे तो कोई संदेह नहीं कि आप कार्यक्षेत्र में चल रही परेशानियों पर काबू पा लें। याद रखिए कि जब भी आपको छोटे-मोटे कार्यों या सहायता की जरूरत होगी, तो आपको उन्हीं लोगों का भरोसा करना होगा जो आपके विरुद्ध चल रहे हैं।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज आप अपने कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाई महसूस कर रहे हैं। एक साथ कई प्रकार के काम हाथ में ले लेने से ऐसा महसूस होना जायज भी है। यदि आप समय के अनुसार चल रहे हैं तो जरूरत के मुताबिक यह भी महसूस कर रहे हैं कि आपको रिस्क लेने के लिए तैयार रहना है।

GEMINI 21 May - 21 Jun
काफी समय के बाद आज के दिन आपको अपने व्यक्तिगत जीवन पर सोच-विचार करने की फुर्सत मिलेगी। आपकी प्रिय वस्तु आज के दिन चोरी हो सकती है। आगामी दिनों को ध्यान में रखते हुए आपको जल्द से जल्द अपने वस्त्र, आभूषण आदि का रखरखाव भी समय पर करवा लेना चाहिए।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज के दिन आपके लिए ढेर सारे कार्यक्रम तैयार पड़े हैं। एक ओर जहां आपने आगे की जाने वाली यात्रा का बंदोबस्त करना है, तो वहीं आपको अपने प्रोजेक्ट के लिए संपर्क और भागदौड़ भी करने हैं। आज न चाहते हुए भी ऐसी खर्चे सामने आएंगे, जो आपका कोष घटाएंगे। बेहतर होगा आप घर पर परिवार संग समय बिताने के लिए वक्त निकालें।

LEO 23 July - 22 Aug
आज के दिन आपको अपने कामकाज के अलावा सेहत और मन की इच्छाओं का भी ध्यान रखना पड़ेगा। कभी-कभी ज्यादा परिश्रम करते-करते जब आप बोर हो जाते हैं, तो मनोरंजन की तलाश में होते हैं। याद रखिए कि आपकी मदद अगर कोई कर सकता है, तो वह व्यक्ति आप स्वयं हैं।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
अपने जीवन में आपने अब तक कामकाज के बजाय सेहत को ही ज्यादा महत्व दिया है। यदि इन सबसे पहले ज्यादा तल्लीन आप रचनात्मक कार्यों में रहते, तो आज आपकी स्थिति दूसरी होती। कुछ दिनों में आपके परिजन आपसे रूठ हो सकते हैं। उन्हें मनाना आपके हाथों में है।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
अपने स्वास्थ्य को लेकर आज के दिन आपको कुछ जरूरी कदम उठाने आवश्यक हैं। बेहतर होगा आज के दिन आप किसी अच्छे डॉक्टर के साथ अपने स्वास्थ्य के मामले पर सलाह-मशविरा कर लें। आप आज फिजूल की चिंता में अपना समय बर्बाद करेंगे। हो सकता है आज कार्यक्षेत्र में किसी समस्या में भी फंस जाएं।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आपके जीवन में कई प्रकार के बदलाव और उतार-चढ़ाव इस दौरान आ रहे हैं। कार्यक्षेत्र में हो रहे बदलाव कुछ समय बाद आपके पक्ष में साबित होंगे। आपकी तरक्की देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा और लोग आपसे संबंध बनाने का प्रयास भी करेंगे। उन लोगों से दूर रहें जो आपका फायदा उठाना चाहते हैं।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज का आपका दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपकी आय के नए स्रोत बनेंगे, लेकिन खर्चे भी बढ़ जाने से स्थिति में कोई खास परिवर्तन नहीं आएगा। हो सकता है आपको अपने सुखमय जीवन को संवारने में काफी मेहनत करनी पड़े। अपने प्रेम संबंध को विवाह में तब्दील करने की कोशिश आज कर सकते हैं।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज के दिन आप अपने शरीर पर अधिक ध्यान देंगे। यदि आप नौकरीपेशा हैं तो आपको किसी अच्छे काम का पुरस्कार भी मिल सकता है। घर में सुख-शांति बनी रहेगी और संतान पक्ष से आज के दिन कोई शुभ समाचार मिल सकता है। रात्रि में सपरिवार कहीं बाहर घूमने जाएंगे। समय का आनंद उठाएं।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज आपको अपने मन पर नियंत्रण रखना पड़ेगा। किसी साथी या पड़ोसी के द्वारा कही गई बात पर आप अचानक ही भड़क सकते हैं। ध्यान रखें कि झगड़ा मोल लेने का कोई फायदा नहीं है। कार्यक्षेत्र में आज आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
बृहस्पति ग्रह की सहायता से आप अपने कार्यक्षेत्र में इस समय अच्छी शोहरत बटोर सकते हैं। अगर गंभीर होकर अपने कार्य में तत्पर हैं तो उन्नति की उम्मीद सीमा तक भी जा सकती है। समय का सहयोग अगर मिलता रहा और आपकी इच्छाशक्ति इसी तरह से कायम रही तो वह समय भी दूर नहीं होगा, जब सफलता आपके कदम चूमेगी।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस साल चंद्रमा और मंगल वर्ष के स्वामी हैं। जनवरी शेष से फरवरी महीने के अंत तक आप जैसे कर्मठ विद्वान पुरुषार्थी महानुभावों के लिए बहुत से शुभ परिणाम देने वाला है। मार्च का महीना भी अत्यंत सफलता का सूचक अप्रैल-मई में जहां आप अपने शिक्षा के क्षेत्र और कारोबार से लाभ पाएंगे, वहीं अपने पराक्रम और बुद्धिबल के आधार पर भी प्रसिद्धि प्राप्त करेंगे। जून महीने की शुरुआत से लेकर जुलाई महीने के अंत तक में लेखन कार्य और स्वास्थ्य सुधार में आपकी रुचि रहेगी। अगस्त माह से लेकर सितंबर के महीने तक महत्वपूर्ण रचनात्मक कार्य पूर्ण होंगे। इस दौरान आपको कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप समय पर पूरा करेंगे। अक्टूबर का समय आर्थिक दृष्टि के अनुकूल है। आपको धन लाभ होगा। नवंबर का समय महिलाओं के लिए अधिक कष्टदायक होगा। दांपत्य जीवन में संघर्ष करना पड़ सकता है। दिसंबर से लेकर जनवरी 2027 मध्य तक आपका भौतिक पक्ष अधिक सुदृढ़ होगा। विद्यार्थियों को इस वर्ष परिश्रम के बाद विशेष सफलता सूचक है। घर-परिवार में सुख-शांति बनाए रखने के लिए श्री आदित्य हृदय स्तोत्र का नित्य पाठ करें। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(बुधवार, 7 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 18, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, पंचमी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 24, रजब 17, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 7 जनवरी 2026 ई.। सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। पंचमी तिथि अर्धरात्रोत्तर 5 बजकर 51 मिनट तक उपरांत षष्ठी तिथि का आरंभ। मघा नक्षत्र पूर्वाह्न 11 बजकर 56 मिनट तक उपरांत पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र का आरंभ। आयुष्मान योग सायंकाल 6 बजकर 34 मिनट तक उपरांत सौभाग्य योग का आरंभ। कौलव करण सायं 6 बजकर 34 मिनट तक उपरांत गर करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात सिंह राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत पर्व-पूर्वाह्न में बुध, श्री संकट हारिणी चतुर्थी व्रत, चंद्रोदय रात्रि 9 बजे।

सुडोकू

	2		5		7	9		6
3	5							4
			8				3	
	8		4		6			
2		5				6		7
			9		5		1	
	7				1			
6							4	1
5		4	3		8		6	

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	14:30 हम पांच
10:00 बदरुद्ध बुड्ढक	15:00 अजब देश की गजब कहानी
11:00 रुद्र के रक्षक	16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
11:30 अलादीन	19:30 रुद्र के रक्षक
12:00 यशोमती अजेय कृष्ण	21:00 चैस
13:30 म से म्हें	

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in